खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान — अधिकतम : 38°C — न्यूनतम : 25°C

सेंसेक्स 81,118.60 — निफ्टी 24,718.60

सोना 1,03,000 — चांदी 1,10,000

मुजफ्फरनगर, रविवार 15 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 153 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com — आषाढ़ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 — 18 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी — नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




## ईरान में जनरल हातमी बने सेना के मुख्य कमांडर

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## 10 मीटर एयर पिस्टल: सुरुचि ने वर्ल्डकप में जीता गोल्ड

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# 100 ताबूत होंगे तैयार, मृतकों का आंकड़ा 275 पर पहुंचा

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 तक पहुंचा गया है। शवों को रखने के लिए 170 ताबूतों का ऑर्डर दिया गया।

बड़ोदरा के शख्स ने बताया कि एयर इंडिया के मैनेजर ने फोन कर ताबूतों का ऑर्डर दिया। इधर, अहमदाबाद सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सुपरिटेंडेंट रजनीश पटेल ने शनिवार को कहा कि अब तक 248 शवों का डीएनए सैंपल्स का क्रॉस वेरिफिकेशन हुआ है, जिसमें से 6 का डीएनए मैच हुआ है। पटेल ने कहा कि पूर्णिमाबेन पटेल



**डीएनए जांच में अब तक छह शवों की पहचान हुई**

**अहमदाबाद विमान हादसा**

का शव उनके परिवार को सौंपा गया है। एक और परिवार को बॉडी हैंडओवर की प्रक्रिया जारी है। 8 घायलों इलाज का चल रहा है, इसमें एक की हालत गंभीर है। इससे पहले बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से जब मलबा हटाया जा रहा था, तब विमान की टेल (पिछले हिस्से) में फंसा हुआ शव दिखा था। इसका पोस्टमार्टम हुआ है। कहा जा रहा है कि यह शव एयर होस्टेस का हो सकता है।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच करेगी उच्चस्तरीय समिति

**नई दिल्ली।** सरकार ने अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एयर इंडिया के विमान की गुरुवार को हुई दुर्घटना की समग्रता से जांच के लिए केन्द्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक 11 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है, जो इस दुर्घटना को लेकर हर तरह के सवाल का जवाब तलाशेगी और तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडु ने शनिवार को यहां उड़ान भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। श्री नायडु ने दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह यात्रियों के परिजनों के दर्द को समझते हैं, क्योंकि उन्होंने स्वयं अपने पिता को एक दुर्घटना में खोया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने के तीन घंटे बाद जब वह अहमदाबाद में घटनास्थल पर पहुंचे तो गुजरात सरकार की एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्य में लगी थी।

## सरकार ने फिर बढ़ाई फ्री आधार कार्ड अपडेट की तारीख

**नई दिल्ली।** यूआईडीएआई ने एक बार फिर देश के करोड़ों आधार कार्ड धारकों को बड़ी राहत दी है। आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपलोड की आखिरी तारीख को अब एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

पहले डॉक्यूमेंट के साथ फ्री आधार अपडेट की आखिरी तारीख 14 जून 2025 थी, लेकिन अब इसे 14 जून 2026 कर दिया गया है। इसकी जानकारी यूआईडीएआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करके दी है। सरकार की ओर से कहा गया है कि जिनके पास भी 10 साल या इससे पुराना आधार



कार्ड है उन्हें पहचान और एड्रेस प्रूफ के साथ अपने आधार को अपडेट करना होगा यानी यदि आपके पास 10 साल पुराना आधार कार्ड है और इस अवधि में एक बार भी आधार अपडेट नहीं हुआ है, तो आपको अपडेट कराना होगा, नहीं तो आपका आधार कार्ड रद्द भी हो सकता है।

# इजरायली हमले में 138 ईरानियों की मौत

## मृतकों में नौ न्यूक्लियर साइंटिस्ट व 20 से ज्यादा कमांडर्स शामिल

तेहरान/तेल अवीव, वार्ता

**इजरायल और ईरान** के बीच टकराव दूसरे दिन भी जारी रहा। पिछले 24 घंटे में ईरान में 138 लोग मारे गए हैं। इजरायल ने शुक्रवार रात 10.30 बजे दूसरी बार ईरान के परमाणु ठिकानों पर फाइटर प्लेन से हमले किए। इस हमले में 60 लोगों की मौत हो गई। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हुए। इससे पहले ईरान में शुक्रवार सुबह 5.30 बजे हुए हमले में 78 लोग मारे गए थे। इनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल थे।

ईरान ने भी शुक्रवार रात इजरायली हमले के तुरंत बाद पलटवार किया और इजरायल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, जिनमें 6 राजधानी तेल अवीव में गिरीं। इजरायल में अब तक 3 लोगों की मौत की खबर है। 7 जवान सहित 90 से ज्यादा घायल हुए हैं। ईरान ने दावा किया है कि मिसाइल इजरायली रक्षा मंत्रालय पर भी गिरी। हालांकि अभी तक इजरायल ने इसकी पुष्टि नहीं की है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को सुरक्षित ठिकाने पर शिफ्ट कर दिया गया है। इजरायल के



- इजरायली रक्षा मंत्री की धमकी, और मिसाइलें दागीं, तो तेहरान जला देंगे
- ईरान का पलटवार, 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, इजरायल में अब तक तीन लोगों की मौत, सात जवानों सहित 90 से अधिक घायल

### ईरान ने इजरायल के दो लड़ाकू विमान मार गिराए: मीडिया

**तेहरान/यरूशलम।** ईरान की वायु रक्षा ने इजरायल के दो लड़ाकू विमानों के साथ-साथ बड़ी संख्या में माइक्रो एरियल वाहनों को मार गिराया एवं एक महिला इजरायली पायलट को पकड़ लिया है। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। ईरानी सेना ने आधिकारिक तौर पर रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है। इजरायल रक्षाबलों (आईडीएफ) ने रिपोर्ट को खारिज कर दिया। एक बयान में आईडीएफ अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचे अद्रेई ने आरोपों को 'पूरी तरह से निराधार' कहा।

रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने शनिवार को ईरान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने इजरायल पर और मिसाइलें दागीं, तो तेहरान जला देंगे। ईरान ने दावा किया है कि उसकी दर्जनों मिसाइलों ने इजरायली शहरों को नुकसान पहुंचाया है। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने इजरायली हमले में मारे गए इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के -शेष पृष्ठ दो पर

## मोदी आज से 18 जून के बीच तीन देशों की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से 18 जून के बीच कनाडा, साइप्रस और क्रोएशिया की यात्रा पर जाएंगे और वह कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि श्री मोदी पहले चरण में साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स के निमंत्रण पर 15-16 जून, 2025 को वहां की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की यह पहली यात्रा होगी। निकोसिया में रहते हुए श्री मोदी श्री क्रिस्टोडोलिड्स के साथ बातचीत करेंगे और लिमासोल में व्यापारिक नेताओं को संबोधित करेंगे। यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने और भूमध्यसागरीय क्षेत्र और यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी।

## युवा उद्यमियों के समर्पण से भारत वैश्विक ड्रोन केंद्र बनेगा: पासवान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा है कि युवा उद्यमियों के समर्पण के माध्यम से भारत को वैश्विक ड्रोन केंद्र बनाया जा सकता है। श्री पासवान शनिवार को चेन्नई में गरुड़ एयरोस्पेस की नई कृषि-ड्रोन स्वदेशीकरण सुविधा का उद्घाटन कर ड्रोन तकनीक में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के दूरदर्शी प्रयासों के लिए गरुड़ एयरोस्पेस और इसके संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक ड्रोन केंद्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को अग्निश्वर जैसे युवा उद्यमियों और गरुड़ एयरोस्पेस जैसी नवोन्मेषी कंपनियों के समर्पण के माध्यम से वास्तव में साकार किया जा सकता है। उन्होंने स्वदेशीकरण फैक्ट्री में स्थानीय पुर्जा निर्माताओं को एक छत के नीचे एकजुट करने के लिए भारत ड्रोन एसोसिएशन की भी सराहना की।

## योग पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को योग कनेक्ट 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें दुनिया भर के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थानों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि आधुनिक युग में विश्व को योग की उपयोगिता समझ में आ रही है और लोग इसकी ओर आकर्षित हो रहे हैं। सम्मेलन में योग गुरु बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, प्रो. एचआर नागेन्द्र और भिक्खु संघसेना शामिल रहे।

# मानसून ने कहर बरपाना किया शुरू

## पुणे में गाड़ियां बहीं, हिमाचल में लैंडस्लाइड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मानसून ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। मध्य प्रदेश में 16 जून तक मानसून की एंट्री हो सकती है। वहीं राजस्थान के जैसलमेर में शनिवार सुबह बारिश हुई।

मौसम विभाग ने 23 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना जताई है। शुक्रवार को श्रीगंगानगर देश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 49.4 डिग्री पहुंच गया था। इससे पहले श्रीगंगानगर में एक जून 2018 को

- मप्र में दो दिन बाद मानसून आएगा, हरियाणा सरकार बोली- महिलाएं दोपहर में खाना न बनाएं

49.1 डिग्री अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया था। श्रीगंगानगर में जून महीने का अब तक का सबसे ज्यादा तापमान 14 जून 1934 को 50 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने शनिवार को यूपी, पंजाब-हरियाणा समेत देश के 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। उधर बीती रात पुणे में भारी बरसात हुई। पिंपरी चिंचवड़ शहर की सड़कों पर पानी भर गया। नाले में चार से पांच गाड़ियां बह गईं, गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। हिमाचल के चंबा जिले में लैंडस्लाइड हुई। हरियाणा में बढ़ती गर्मी को देखते हुए सरकार की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि महिलाएं गर्मी के पीक आवर्स में खाना न बनाएं। इसके साथ यह भी कहा है कि प्यास न हो तब भी पानी पीते रहें।

## CBI ने ईपीएफओ अधिकारी को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** सीबीआई ने ओडिशा में ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय, बरहामपुर के एक वरिष्ठ सामाजिक सुरक्षा सहायक को 10,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई सूत्रों ने शनिवार को बताया कि एजेंसी ने एक शिकायत के आधार पर 12 जून को ईपीएफओ अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने ईपीएफओ पोर्टल पर एक निजी नियोक्ता के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता आवेदन को मंजूरी देने के लिए 10,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी।

## द. अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियन का पहना ताज

**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका की 2025 की टीम ने शनिवार को क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉर्डस में एक शानदार अभियान का अंत किया और ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की रोमांचक जीत के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

इस जीत ने न केवल 27 वर्षों में अपना पहला सीनियर पुरुष आईसीसी खिताब पक्का किया, बल्कि एक पूरे क्रिकेट राष्ट्र के दशकों के दुख को भी भुला दिया। लॉर्ड्स के साफ आसमान के नीचे, आखिरकार प्रोटियाज पर सूरज की रोशनी चमकी। एक ऐसे देश के

- रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर जीता खिताब

लिए जिसने 1999 में एलन डोनाल्ड के रन-आउट से लेकर पिछले साल भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप के दिल टूटने तक आईसीसी के कई दर्दनाक पतन देखे हैं, यह सिर्फ एक और फाइनल नहीं था। यह एक हिसाब था और सबसे बड़े मंच पर, उन्होंने कमाल कर दिया।

## आईईडी विस्फोट में CRPF का जवान शहीद

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के माओवाद प्रभावित सुंदरगढ़ जिले के के. बलांग थाना क्षेत्र में एक पत्थर खदान के पास तलाशी अभियान के दौरान शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में विस्फोट होने के कारण सीआरपीएफ की 134वीं बटालियन का एक जवान शहीद हो गया।

सुरक्षा सूत्रों के अनुसार माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी में उस समय विस्फोट हुआ, जब सीआरपीएफ के जवान जंगल में तलाशी अभियान चला रहे

- तलाशी अभियान के दौरान हुआ ब्लास्ट

थे। विस्फोट के कारण उत्तर प्रदेश निवासी सीआरपीएफ जवान सत्यभान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। गौरतलब है कि पिछले महीने बांको पत्थर खदान से सशस्त्र माओवादियों द्वारा लगभग पांच टन विस्फोटक सामग्री लूटने के बाद सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में अभियान तेज कर दिया है।

## मणिपुर में 57 किलो से अधिक मादक पदार्थ किया जब्त

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने 57.285 किलोग्राम मादक पदार्थ की बड़ी खेप जब्त की है। इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 22 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पिछले 48 घंटों के दौरान चलाए गए अभियान में इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई पुलिस थाना अंतर्गत न्यू कीथेलमनबी पुलिस चौकी पर इंफाल से आए ट्रक को रोका गया। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली और छत के अंदर छिपा कार रखे हुए संदिग्ध प्रतिबंधित सामान को जब्त किया।

## नीट यूजी: राजस्थान के महेश बने टॉपर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) 2025 का परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित किया गया, जिसमें 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

इस साल राजस्थान के महेश कुमार ने 99.99 अंक प्रतिशत हासिल कर टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं, मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया को दूसरा स्थान और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी को तीसरा स्थान मिला है। लड़कियों में



- मप्र के उत्कर्ष अवधिया दूसरे व महाराष्ट्र के कृषांग जोशी तीसरे स्थान पर रहे

अविका अग्रवाल ने सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। एनटीए ने नीट यूजी 2025 के लिए सभी श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर भी जारी किया है। इस वर्ष सामान्य और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए कटऑफ स्कोर 686 से 144 के बीच निर्धारित किया गया है। वहीं, सामान्य/ ईडब्ल्यूएस, पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह कटऑफ स्कोर 143 से 127 के बीच है। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) -शेष पृष्ठ दो पर

## 24 घंटे में कोरोना के 269 नए मरीज मिले

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 269 नए केस सामने आए हैं। शनिवार सुबह 8 बजे तक देशभर में कोरोना के 7400 एक्टिव मामले हैं। वहीं मौत का आंकड़ा बढ़कर 87 हो गया। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 25 मौतें हुई हैं। शुक्रवार को राजस्थान और केरल में दो लोगों की कोरोना से मौत हो गई। राजस्थान में 70 साल की महिला और केरल में 82 साल के बुजुर्ग ने सांस लेने में तकलीफ के चलते दम तोड़ दिया। राजस्थान में कोरोना से इस साल में यह दूसरी मौत है, जबकि केरल में जनवरी से अब तक 23 लोगों की जान गई है।

# IMA से ही शुरू हुआ था श्रीलंका सेना प्रमुख का सफर

## पीओपी परेड में ली बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो ने सलामी

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में शनिवार को आयोजित 156वीं पासिंग आउट परेड खास बन गई।

पहली बार आईएमए के एक पूर्व कैडेट ने बतौर श्रीलंका सेना प्रमुख परेड की सलामी ली। निरीक्षण अधिकारी श्रीलंका सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो ने कहा कि वह यहां आकर भावुक हैं। उनके सैन्य जीवन की शुरुआत भी इसी धरती से हुई थी। यहीं अनुशासन सीखा और जीवन के मायने समझे। कहा कि



आप सभी में मुझे अपना ही अक्स दिखाई दे रहा है। आईएमए के मैदान में शनिवार को 419 जेंटलमैन कैडेट्स (जीसी) भव्य पासिंग आउट परेड (पीओपी) में अंतिम पग रखते ही देश -शेष पृष्ठ दो पर

## संयुक्त स्नातक परेड में 254 फ्लाइट कैडेट भारतीय वायुसेना में शामिल

**हैदराबाद।** हैदराबाद के पास डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी (एएफए) में शनिवार को संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) आयोजित की गई, जिसमें भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के 254 फ्लाइट कैडेटों के प्रशिक्षण का सफल समापन संपन्न हो गया। इस परेड में फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल थे। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने परेड का निरीक्षण किया और स्नातक कैडेटों को राष्ट्रपति का कमीशन प्रदान किया। प्रशिक्षण कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल तेजिंदर सिंह और एएफए के कमांडेंट एयर मार्शल पीके वोहरा ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय नौसेना के नौ अधिकारियों, भारतीय तटरक्षक बल के सात अधिकारियों और एक विदेशी प्रशिक्षु को उड़ान प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 'विंग्स' से सम्मानित किया गया। इस समारोह में वरिष्ठ रक्षा अधिकारी और कैडेटों के परिवार भी मौजूद थे।




## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर लगेंगे 40 हजार पेड़

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) दिल्ली- देहरादून के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए निर्माणाधीन आर्थिक गलियारे पर सघन वृक्षारोपण करेगा और इस अभियान के तहत 40 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। एनएचएआई ने बताया कि प्राधिकरण बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ ही पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए भी काम कर रहा है और इसके तहत शनिवार को उत्तर प्रदेश में बागपत के काठा टोल प्लाजा पर दिल्ली- देहरादून आर्थिक गलियारे में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत आज उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के काठा टोल प्लाजा पर दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह वृक्षारोपण 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया गया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने वृक्षारोपण अभियान के तहत पहला पौधा लगाया। इस मौके पर एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, बागपत की जिला मजिस्ट्रेट अस्मिता लाल, पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय, उप-खंड मजिस्ट्रेट अविनाश त्रिपाठी और अन्य जिला अधिकारी शामिल थे।

### माफिया अड्डा बन रहे हैं प्राइवेट स्कूल: सिसौदिया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने निजी स्कूलों पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में प्राइवेट स्कूल माफिया के अड्डे बनते जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने 'एक्स' पर आज कहा कि दिल्ली में छोटे-छोटे मासूम बच्चों को छुट्टी के बाद स्कूल में रोककर रखने की सजा दी गई, क्योंकि उनके माता-पिता स्कूल वैन के नाम पर प्राइवेट स्कूल की लूट से बचाना चाहते हैं और खुद उन्हें स्कूल छोड़ने आते हैं! दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने एक स्कूल का वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर कहा कि एक प्राइवेट स्कूल पैसों की होड़ में बच्चों को कमरे में बंद कर रहा है।

### मणिपुर के हथियारों का जखीरा बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में एक ऑपरेशन चलाया और इस दौरान 328 हथियार बरामद किए। पुलिस ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर राज्य पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सेना की संयुक्त टीमों ने गुरुवार और शुक्रवार को पांच जिलों के बाहरी इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। उस दौरान, एसएलआर और इंसास राइफलें, पांच कार्बाइन बंदूकें, पांच एमपी5 बंदूकें, दो एलएमजी और 12 एके राइफलें बरामद की।

## हवाई यात्रा करने से डरने लगे लोग: अखिलेश




**फर्रुखाबाद।** सपा सुप्रीमो अखिलेश ने कहा कि अब लोग हवाई यात्रा करने से डरने लगे हैं। वे फर्रुखाबाद शहर के मोहल्ला पल्ला निवासी समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे, जिनका शुक्रवार को लखनऊ में निधन हो गया था।

उन्होंने लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली थी। वह लंबे समय से अस्पताल में भर्ती थे। शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव छोटे सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करने फर्रुखाबाद पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय छोटे सिंह यादव के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किया और उनके परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि हमारे नेता हम लोगों के बीच नहीं रहे। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनता जानना चाहती थी कि चूक कहां से हुई। हाल ही में अहमदाबाद में बड़ी घटना हुई, यात्रियों को खोया, पायलट क्रू मेंम्बर को खोया, बड़े पैमाने पर डॉक्टर और उनके परिवार के लोगों को खोया।

## अमेरिका इंसानियत का दुश्मन: मौलाना अरशद मदनी

नई दिल्ली, वार्ता



■ इजरायल की बर्बरता अमेरिका की मदद के बिना नामुमकिन

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने इजरायल के ईरान पर हमलों की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें राज्य प्रायोजित आतंकवाद कहा है। उन्होंने अमेरिका पर इजरायल को समर्थन देने का आरोप लगाया और मुस्लिम देशों से एकजुटता का आह्वान किया। मौलाना मदनी ने गाजा में जारी हिंसा पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने वैश्विक समुदाय से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि इजरायल ने जिस तरह ईरान की परमाणु स्थापनाओं और आवासीय इलाकों को निशाना बनाया, वह संयुक्त राष्ट्र के चार्टर और वैश्विक नियमों की पूरी तरह अवहेलना है। मौलाना मदनी ने कहा कि इजराइल की यह आक्रामक नीति अमेरिका और पश्चिमी देशों के संरक्षण के बिना संभव नहीं है। उन्होंने अमेरिका को हथियारों का व्यापारी और इंसानियत का दुश्मन बताते हुए आरोप लगाया कि अमेरिका उन सभी मुस्लिम देशों को निशाना बना रहा है, जो आत्मनिर्भर बनने और अपनी रक्षा क्षमता को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले इराक को आत्मनिर्भरता की सजा दी गई, अब ईरान को निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि वह भी अपने रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा था। इजराइल की मंशा साफ है कि जो देश उनकी दादागीरी के खिलाफ खड़ा हो, उसे तबाह कर दो, लेकिन यह सब अमेरिका की खुली मदद के बिना संभव नहीं। मौलाना मदनी ने सऊदी अरब द्वारा इजराइल के हमले की आलोचना का स्वागत किया और कहा कि यह रुख मुस्लिम दुनिया में एकजुटता की दिशा में सकारात्मक कदम है। उन्होंने चेताया कि यदि इजराइल को रोका नहीं गया, तो उसकी आक्रामकता पूरे क्षेत्र को युद्ध की आग में झोंक सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका न केवल गाजा में हो रही तबाही और जनसंहार का समर्थन कर रहा है, बल्कि उसकी नीयत गाजा को खाली करवाकर वहां यहूदी बसावट को बढ़ावा देने की है। मदनी ने कहा कि अमेरिका एक तरफ गाजा में इजराइल के हिंसक कृत्यों का समर्थन करता है और दूसरी ओर ईरान पर हो रहे हमलों में भी उसे समर्थन दे रहा है। उन्होंने मुस्लिम देशों और वैश्विक समुदाय से इस निर्णायक समय में एकजुट होने की अपील की।

### अमेरिका पर भड़के शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास

**लखनऊ।** ईरान-इजरायल युद्ध पर शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने इजराइल के हमले का सख्त विरोध किया और कहा कि इस्लाम को बदनाम करने के लिए बार क्लब और जुए के अड्डे खोलना तो आसान है, लेकिन इस्लाम का दिफा करना बहुत मुश्किल है। जो सिर्फ ईरान कर रहा है। उन्होंने अमेरिका और इजरायल को इंसानियत का दुश्मन बताया। मौलाना यासूब ने कहा कि मैं ईरान पर इजरायल द्वारा किए गए दहशतगर्दाना हमले का सख्त विरोध करता हूं। इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के पीछे पूरी तरह से शैतान अमेरिका का हाथ है क्योंकि इजरायल और अमेरिका दोनों हमेशा से ईरान व इंसानियत के दुश्मन रहे हैं। मैं उन इस्लामी मालिक का भी विरोध करता हूं जो इस इंसानियत की जंग में ईरान का साथ न देकर अमेरिका और इजरायल का साथ दे रहे हैं।

## भारत का गाजा संघर्ष विराम प्रस्ताव मतदान से अलग रहना विश्वासघात

# हमारी विदेश नीति में है गड़बड़ियां: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता




■ बताना चाहिए सरकार ने किन कारणों से भारत के अहिंसा व शांति के रुख के विरुद्ध कदम क्यों उठाया

कांग्रेस ने संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन संघर्ष विराम के प्रस्ताव पर मतदान से अलग रहने के भारत के निर्णय को शांति और न्याय की परंपरा के विरुद्ध बताते हुए इसे सिद्धांत के साथ विश्वासघात करार दिया है और कहा है कि सरकार को बताना चाहिए कि उसने किन कारणों से भारत के अहिंसा, शांति, न्याय और संवाद के रुख के विरुद्ध कदम उठाया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी वाड्रा और संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां कहा कि भारत का यह रुख गुटनिरपेक्षता और नैतिक कूटनीति की हमारी लम्बी परंपरा के विरुद्ध है। कांगेस नेताओं ने कहा कि भारत को न्याय के लिए अपनी आवाज पुनः बुलंद करके सत्य और अहिंसा के लिए निडरता से खड़ा होना होगा। कांग्रेस नेताओं ने यह प्रतिक्रिया 12 जून को संयुक्त राष्ट्र में गाजा संघर्ष विराम पर मतदान से दूर रहने के भारत के निर्णय पर दी है। उन्होंने इस निर्णय को सरकार की नैतिक कूटनीतिक विफलता, विदेशनीति में गड़बड़ी और सिद्धांतों के विपरीत कदम करार दिया है। खड़गे ने कहा कि अब यह बात स्पष्ट होती जा रही है कि हमारी विदेश नीति में गड़बड़ियां हो रही हैं। शायद, प्रधानमंत्री मोदी को अब अपने विदेश मंत्री की बार-बार की गई गलतियों पर विचार करना चाहिए और कुछ जवाबदेही तय की जानी चाहिए। गाजा में संघर्ष विराम को लेकर संयुक्त राष्ट्र आम सभा के प्रस्ताव के पक्ष में 149 देशों ने मतदान किया। भारत उन 19 देशों में से एक था, जिन्होंने मतदान में भाग नहीं लिया। इस कदम से हम वस्तुतः अलग-थलग पड़ गए हैं। आठ अक्टूबर 2023 को व्यापक और भयावह मानवीय संकट के समय कांग्रेस ने इजरायल के लोगों पर हमास द्वारा किए गए क्रूर हमलों की निंदा की थी। अब सवाल है कि क्या हमने मध्य पूर्व और पश्चिम एशिया में संघर्ष विराम, शांति और संवाद की वकालत करने के अपने रुख को भारत ने छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि भारत का यह रुख गुटनिरपेक्षता और नैतिक कूटनीति की हमारी लम्बी परंपरा का हिस्सा रहा है और हमने हमेशा अपने इस रुख के कारण ही अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों में न्याय और शांति का समर्थन किया है। कांग्रेस ने 19 अक्टूबर 2023 को भी तत्काल संघर्ष विराम और गाजा के संकटग्रस्त और बेदखल लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने का आह्वान किया था। जब क्षेत्र भीषण हिंसा, मानवीय तबाही और बढ़ती अस्थिरता का सामना कर रहा है, तो भारत चुपचाप या निष्क्रिय रूप से खड़ा नहीं रह सकता। वेणुगोपाल कि भारत हमेशा शांति, न्याय और मानवीय गरिमा के पक्ष में खड़ा रहा है, लेकिन आज भारत दक्षिण एशिया, ब्रिक्स और एससीओ में एकमात्र देश है, जिसने गाजा में संघर्ष विराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव पर अपना पक्ष नहीं रखा। इस संघर्ष में 60,000 लोग मारे गए हैं जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। हज़ारों लोग भूख से मर रहे हैं।

### कांग्रेस विपक्ष में बैठने लायक भी नहीं: जोशी

**कलाबुर्गी।** केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी ने जनता का विश्वास खो दिया है और उसके नेता विपक्ष में बैठने के लायक भी नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर खड़गे की विवादास्पद टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि हमें खरगे से प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। भारत के लोग तय करते हैं कि उनका नेतृत्व किसको करना चाहिए। देश की जनता ने आपको (कांग्रेस) तरह से नकार दिया है कि पिछले दो कार्यकालों में विपक्षी नेता की भूमिका भी आपकी पहुंच से बाहर हो गई है और इस बार भी, झूठे आख्यान फैलाने के बावजूद, जहां भी चुनाव हुए हैं, लोकसभा चुनाव के बाद भी कांग्रेस को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आप (कांग्रेस) विपक्ष में बैठने के लायक भी नहीं है, आप कैसी बकवास कर रहे हैं। जोशी की तीखी टिप्पणी से राजनीतिक तनाव बढ़ने की आशंका है। गौरतलब है कि 11 जून को प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर खड़गे ने प्रधानमंत्री पर सरासर झूठ बोलने और वोट के लिए लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया था।

## यूपी पुलिस को आज मिलेंगे 60244 नए कांस्टेबल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम योगी-गृहमंत्री अमित शाह बांटेंगे नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** यूपी पुलिस को रविवार को 60244 नए कांस्टेबल मिल जाएंगे। इन्हें सीएम योगी और गृहमंत्री अमित शाह नियुक्ति पत्र बांटेंगे। लखनऊ के आशियाना स्थित इन्वेस्टर समिट आयोजन स्थल (डिफेंस एक्सपो ग्राउंड) पर यह कार्यक्रम होगा। इससे पूर्व शनिवार को पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, डीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश समेत कई पुलिस अफसरों ने तैयारियों का जायजा लिया।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि यूपी पुलिस ने इस वर्ष बड़ी संख्या में 60244 सिपाहियों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया है। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों के चयनित अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। डीजीपी ने बताया कि यूपी की योगी सरकार युवाओं को रोजगार देने का काम कर रही है। 8 सालों 8.5 लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। यूपी के इतिहास में 15 जून 2025 की तारीख खास होगी। 60, 244 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा। डीजीपी ने बताया कि पीजीआई के वृंदावन इलाके में ग्राउंड पर होने वाले इस कार्यक्रम में 60,244 कांस्टेबलों के अलावा उनके परिजन, वीआईपी, वीवीआईपी और सरकार के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इसके लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां चल रहीं हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए सिटिंग व्यवस्था के साथ पानी व कूलर की व्यवस्था की गई है। यूपी पुलिस के लिए इस भर्ती को सकुशल संपन्न कराना एक बड़ी चुनौती थी। इस नियुक्ति में 20 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को भी दिया गया है। 12 हजार से अधिक महिला सिपाहियों की भर्ती हुई है। सीएम योगी ने आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल कराने के लिए अभेद्य चक्रव्यूह तैयार किया।

## अर्थ व्यापार

### भारत में औपचारिक नौकरियों में आया उछाल: इनडीड

बेंगलुरु, वार्ता

■ हाल में हुई गिरावट के बाद भी कोविड पूर्व स्तर की तुलना में 80 प्रतिशत से ज्यादा हैं, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और स्विटजरलैंड जैसे कई देशों पोस्टिंग वैल्यूम बहुत कम है

लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद इस वर्ष मई में नौकरियों की पोस्टिंग में जबरदस्त 8.9 प्रतिशत वृद्धि देखी गई है।

ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड द्वारा जारी नए आंकड़ों के मुताबिक हालांकि यह एक साल पहले के मुकाबले 1.8 प्रतिशत और अपने शिखर से लगभग 16 प्रतिशत कम है। हाल ही में हुई गिरावट के बाद भी भारतीय नौकरियों की पोस्टिंग कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में लगभग 80 प्रतिशत ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और स्विटज़रलैंड जैसे कई देशों में पोस्टिंग वॉल्यूम इस समय कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में कम है। अगर इस तुलना को देखा जाए, तो भारत में पोस्टिंग वॉल्यूम बहुत अच्छा है। भारत में लगभग 80 प्रतिशत व्यवसायों में नौकरियों की पोस्टिंग पिछले तीन महीनों में काफी बढ़ी है। सबसे ज्यादा नौकरियां चाइल्डकेयर (27 प्रतिशत), पर्सनल केयर एवं होम हेल्थ (25 प्रतिशत), शिक्षा (24 प्रतिशत) और उत्पादन एवं विनिर्माण (22 प्रतिशत) बढ़ीं है। इस वृद्धि से डेंटल सेक्टर में नौकरियों में आई कमी की कुछ भरपाई हो सकती है, जो पिछले तीन महीनों में 10.2 प्रतिशत कम हुई हैं। इसके अलावा, कृषि और वानिकी (8.6 प्रतिशत;), सामुदायिक और सामाजिक सेवा (6.8 प्रतिशत) और सॉफ्टवेयर विकास (4.2 प्रतिशत) की कमी देखी गई है। हालांकि हाल ही में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में अवसर कम हुए हैं, पर इनडीड पर यह सेक्टर सबसे अधिक नौकरियां पोस्ट करता है, हर पांच भारतीय नौकरी की पोस्टिंग में एक पोस्टिंग इसी सेक्टर की होती है। इससे साफ होता है कि भारत के उभरते हुए औपचारिक क्षेत्र में तकनीकी क्षेत्र का कितना प्रभाव रहा है, जिसमें मल्टीनेशनल कंपनियां भारत के विशाल प्रतिभा पूल को अवसर प्रदान कर रही हैं। इनडीड के मुताबिक मई 2025 तक, 1.5 प्रतिशत नौकरियों के लिए जनरेटिव एआई के कौशल की स्पष्ट मांग की गई थी, जो पिछले साल के मुकाबले दोगुने से भी अधिक है। जनरेटिव एआई के अवसर तकनीक के क्षेत्र पर केंद्रित हैं, जो लगातार बढ़ते जा रहे हैं। लगभग 12.5 प्रतिशत डेटा एनालिटिक्स पदों के लिए जनरेटिव एआई की मांग की गई। इनडीड के वरिष्ठ अर्थशास्त्री (एशिया-पैसिफिक) कैलम ने कहा कि भारत में नौकरियां अन्य देशों के मुकाबले ज्यादा तेजी से बढ़ रही हैं, क्योंकि देश में अधिक औपचारिक आर्थिक व्यवस्थाओं का निर्माण हो रहा है। औपचारिक क्षेत्र में नौकरियां पूरे देश में हो रही रोजगार वृद्धि के मुकाबले ज़्यादा तेजी से बढ़ेंगी, जो हमें पिछले सालों में देखने को मिला है। अन्य अर्थव्यवस्थाओं में इस तरह के बदलाव नहीं हो रहे हैं।

### दाल दलहन सस्ते, अन्य जिंसों में रहा टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता



वनस्पति तेल और सरसों तेल के भाव स्थिर रहे, इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस पर रहे

स्थानीय स्तर पर आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन और अन्य जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

इस दौरान मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल, वनस्पति तेल और सरसों तेल के भाव पिछले दिवस पर पड़े रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में भी टिकाव देखा गया। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल, चना, चना दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700-5900, दाल चना 6700- 6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 16666 रुपये, मूंगफली तेल 17582 रुपये, सूरजमुखी तेल 15604 रुपये, सोया रिफाइंड 13773 रुपये, पाम ऑयल 12666 रुपये और वनस्पति तेल 14433 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...


**इजरायली हमले...**एयरफोर्स के नए चीफ की नियुक्ति की है। ईरान की न्यूज एजेंसी मेहर के अनुसार, आमीरअली हाजीजादेह की जगह माजिद मौसवी को कमांडर बनाया है। शुक्रवार को इजरायली हमले में एयरोस्पेस चीफ आमीरअली हाजीजादेह सहित 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स मारे गए थे। इजरायली सेना ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले में 7 सैनिकों के घायल होने की जानकारी दी है। आईडीएफ ने कहा कि ये सैनिक शुक्रवार के हमले में घायल हुए। हालांकि, बहुत हल्की चोटें आई हैं। सैनिकों को अस्पताल ले जाया गया था। इलाज के बाद उन्हें डिस्चार्ज भी कर दिया गया। इजरायली सेना ने एक नया वीडियो जारी किया है जिसमें इजरायली एयर फोर्स और नेवी ईरान से इजरायल पर दागे गए ड्रोन को रोक रहे हैं। बीते दो दिनों में इजरायल ने ईरान से दागे गए 100 से ज्यादा ड्रोन को मार गिराया है।

**नीट-यूजी....**और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर 143 से 113 के बीच निर्धारित है। नीट यूजी 2025 की परीक्षा चार मई को आयोजित की गई थी। परीक्षाएं देश के 552 शहरों के 5468 केंद्रों पर 13 भाषाओं में आयोजित हुई थी। देश के बाहर यह परीक्षा 14 शहरों में आयोजित की गई, जिसमें आबू धाबी, दुबई, बैंकॉक, कोलंबो, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, कुवैत सिटी, लागोस, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह और सिंगापुर शामिल हैं। इसमें 22 लाख 76 हजार 069 अभ्यर्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था, जबकि कुल 22 लाख नौ हजार 318 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 12 लाख 36 हजार 531 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। पिछले वर्ष नीट यूजी 2024 में 24 लाख छह हजार 079 अभ्यर्थी ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था, जबकि कुल 23 लाख 33 हजार 162 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और 13 लाख 15 हजार 853 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए थे। इस वर्ष अनारक्षित श्रेणी के 689366, अनुसूचित जाति के 333646, अनुसूचित जनजाति के 150224, अन्य पिछड़ा वर्ग के 948507, ईडब्लूएस के 154326 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें छात्रों की संख्या 965996 और छात्राओं की संख्या 1310062 रही। इस वर्ष की परीक्षा में 939 विदेशी अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जबकि 11 उभयलिंगी (थर्ड जेंडर) शामिल हुए।

**आईएमए से...**की सेना के अंग बन गए। इसके साथ नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए। इन कैडेट्स ने परेड के मुख्य अतिथि और निरीक्षण अधिकारी (रिव्यूइंग ऑफिसर) श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो को सलामी दी। छह बजकर 42 मिनट पर एडवांस कॉल के साथ कैडेट्स कदमताल करते हुए परेड मैदान में पहुंचे। श्रीलंका के सेना प्रमुख ने परेड का निरीक्षण कर कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित भी किया गया। सम्मानित कैडेट्स में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं सिल्वर मेडल अनिल नेहरा को प्रदान किया गया। स्वर्ण पदक रोनित रंजन और कांस्य पदक अनुराग वर्मा ने प्राप्त किया। इसके अलावा, टीईएस सिल्वर कपिल, टीजी सिल्वर आकाश भदौरिया, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर केरन कंपनी ने हासिल किया। इस बार के पीओपी के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल लसंथा रोड्रिगो भी दिसम्बर 1990 में आईएमए के 87वें कोर्स से कमीशन प्राप्त कर चुके हैं।

## शहरों का कायाकल्प करेगी यूपी सरकार, 5 साल का ब्लू प्रिंट तैयार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 1.29 लाख करोड़ रुपये होंगे खर्च, साफ पानी के लिए 9900 करोड़ की योजना

**लखनऊ।** यूपी के शहरों को बेहतर बनाने के लिए 2026 से 2031 तक एक बड़ी योजना बनाई गई है। इस योजना पर कुल 1.29 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे।

इसका मकसद है शहरों को ज्यादा साफ, सुरक्षित, आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाना। हाल ही में यह योजना केंद्र सरकार को दिखाई गई है, जिसमें अगले पांच सालों में किए जाने वाले कामों का पूरा खाका बताया गया है। इसमें सड़कों, नालों और दूसरे बुनियादी ढांचे को सुधारने के साथ-साथ लोगों की जिंदगी आसान बनाने की कोशिश की जाएगी। योजना में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और जानवरों की जरूरतों का भी ध्यान रखा गया है। साथ ही, तकनीक और पर्यावरण से जुड़ी चीजों को भी महत्व दिया गया है। इस योजना का सबसे बड़ा हिस्सा शहरों में बेहतर सड़क नेटवर्क बनाना है, जिसके लिए 30,000 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इससे शहरों के अंदर आने-जाने में आसानी होगी और पास के कस्बों से भी बेहतर जुड़ाव होगा, जिससे व्यापार और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। शहरों में जलभराव रोकने के लिए 27,500 करोड़ की ड्रेनेज योजना बनाई गई है। यह योजना बरसात के पानी को सही तरीके से निकालने में मदद करेगी। साफ-सफाई और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 15,000 करोड़ सीवरेज और शौचालयों से जुड़े प्रबंधन पर खर्च होंगे। इनके रखरखाव के लिए अलग से 5,387 करोड़ का बजट रखा गया है। हर घर में साफ पानी पहुंचाने के लिए 9,900 करोड़ की योजना है और इसकी मरम्मत व देखरेख के लिए 8,286 करोड़ रखे गए हैं। शहरों को हरा-भरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए इस योजना में 1,265 करोड़ की हरियाली और बागवानी से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा 990 करोड़ की लागत से इलेक्ट्रिक श्मशान घाट बनाए जाएंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
कालीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हादसे में बाइक सवार महिला की मौत

## स्कार्पियो की टक्कर से घटना में मृतका का परीचित विशाल भी गंभीर, मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर निवासी विशाल पुत्र पदम् सोनीपत हरियाणा कंपनी में जॉब करता है।

शुक्रवार को विशाल अपनी एक महिला मित्र साधना 32 वर्ष को हरिद्वार से सवेरे के समय बाइक द्वारा अपने साथ लेकर सोनीपत हरियाणा में जा रहा था। साधना हरिद्वार की एक कम्पनी में नौकरी करती थी। जब विशाल और युवती ग्राम लालूखेडी के निकट पहुंचे तो अचानक तेजी व लापरवाही से आए स्कार्पियों कार ने विशाल को अपनी चपेट में ले लिया और जोरदार टक्कर लगने से साधना दूर जाकर पडी और लहूलुहान हो गई। इस हादसे में विशाल को भी गंभीर चोटे आई, सूचना मिलते ही तितावी पुलिस मौके पर पहुंची, इस समय यहां भारी संख्या में भीड़ इकट्टा थी। दोनो को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां साधना को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। लोगों काक हना है कि घायल साधना को गंभीर चोटे होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर तितावी पुलिस ने तुरंत इस मामले में कार्यवाही करते हुए सकार्पियो चालक रविन्द्र पुत्र रणधीर गढीपुख्ता शामली को कार सहित पकड़ लिया था। उधर पुलिस ने किसी तरह नाम पते ज्ञात कर इसकी जानकारी मृत व घायल के परिजनों को दी तो विशाल व साधना के परिवार में कोहराम मच गया। विशाल का परिवार नजदीक होने के कारण तुरंत ही अस्पताल पहुंच गया और कुछ घंटे बाद साधना का परिवार रोते-बिलखते हुए यहां पहुंचा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शाम के समय पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद साधने के शव को परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में अभी तक कोई तहरीर नहीं दी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** एक विवाहिता की रहस्मय मौत हो जाने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। उन्होने हंगामा करते हुए हत्या का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष के खिलाफ तहरीर दे दी है। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर कार्यवाही की मांग की तो तितावी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। शुक्रवार की रात्रि पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ तथा रात्रि में ही गुडिया ने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली सुबह उठकर परिजनों ने देखा तो गुडिया फांसी पर लटकी हुई थी जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर जाकर उसे नीचे उतारा तथा पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक के भाई जितेंद्र पुत्र पहल सिंह निवासी सुसाडी थाना झबरेडा जनपद हरिद्वार ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि उसकी बहन को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे काफी दिनों से परेशान किया जा रहा था पीड़ित परिवार का कहना है कि गुडिया के लिए वह कई बार उसकी ससुराल पहुंचे और पति व ससुराल के लोगों को समझाया, लेकिन कुछ दिन बाद गुडिया को यातनाएं दी जाने लगी। पुलिस ने उसकी तहरीर पर पति जितेंद्र ससुर बलराम सास माया जेठ कल जेठानी नीलम के विरुद्ध दहेज एक्ट दहेज अधिनियम वन्य शोषण का धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पति सहीत तीन लोगों को हिरासत में लिया।

## रेलवे स्टेशन पर महिला यात्री से बदसलूकी, दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रेलवे स्टेशन पर शनिवार की देर रात एक महिला यात्री से बदसलूकी का मामला प्रक. ाश में आया है। पीड़ित महिला यात्री ने कार्यवाही के लिए जीआरपी थाने को एक तहरीर भी दी है जिसमें रेलवे अधिकारी व कर्मचारियों पर बदसलूकी जैसे गंभीर आरोप लगाए गए है।

त्रमहिला यात्री गुलफसा खान व हीना निवासी मच्छी वाला अपार्टमेंट एमडी ने जीआरपी थाने में दी गई तहरीर में बताया कि जब वह स्टेशन पर अपना टिकट लेने के लिए आरक्षण काउंटर पर कार्यालय पर पहुंची तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। पीड़िता का कहना है कि उन्होने अपना टिकट लेने के लिए लिस्ट मे प्रथम स्थान पर नाम लिख दिया इसके बाद आरक्षण कलर्क के जाने वाला कोई व्यक्ति उनके पास आया तो बाबू ने उन्हे बुलाया।

आरोप है कि जब टिकट के संबंध में बात की गई तो यहां का बाबू उन पर चिल्लाने लगा और गाली-गलौच का भी आरोप लगाया गया। पीड़िता का कहना है कि उन्होने आरक्षण बाबू को अपना रिजर्वेशन फार्म दिया गया तो उनके साथ बदसलूकी की गई। महिला ने बताया कि बाबू ने फार्म भी उनके ऊपर फेंक दिया और कहा कि टिकट नहीं बनेगा।

इतना ही नहीं पीडिता का यह भी आरोप है कि वह शिकायत लेकर स्टेशन मास्टर के कार्यालय पर पहुंची तो यहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई और यहां से भी उनको चलता कर दिया गया। पीडिता ने तहरीर में कार्यवाही की मांग की है। पीडिता का कहना है कि वह अपनी शिकायत दर्ज कराने कभी जीआरपी तो कभी आरपीएफ थाने पहुंची, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

## युवक ने युवती के अश्लील फोटो किए वायरल

**बुढाना।** कस्बे के एक रोड के रहने वाले युवक ने पडोस की एक युवती के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। जिसको लेकर हंगामा खडा हो गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश में कई दबिशें दी। एक युवक का पडोस की युवती से प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। कुछ दिनों से दोनों में किसी बात को लेकर विवाद था। आज युवक ने उक्त युवती के अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। जब इस बात का पता युवती के परिजनों को लगा तो उन्होंने युवक के घर जाकर युवक को भला बुरा कहा तो युवक ने युवती के परिजनों को डांट डपटकर भगा दिया। तब पीडित पक्ष ने इसकी शिकायत बुढाना पुलिस को की तो बुढाना पुलिस ने युवक की तलाश में कई स्थानों पर दबिशें दी लेकिन युवक पुलिस के हत्थे नहीं चढ सका। युवक व युवती आपत्तिजनक मुद्रा में हैं। लडका लडकी दोनों ही अलग अलग समुदायों से हैं।



मुजफ्फरनगर: कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन देने पहुंचा अति पिछड़ा संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधि मण्डल।

## बलात्कारियों का साथ देने वाले उप मुख्यमंत्री को हटाने की मांग

**मुजफ्फरनगर।** कौशांबी के गांव लोहदा में पाल समाज की बेटी के साथ अपहरण के आरोपियों को बचाने वाले उप मुख्यमंत्री के खिलाफ भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा ने आंदोलन छेड़ दिया है।

बलात्कार हुए परिवार पर अत्याचार के विरोध में जिला अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी की गैरहाजरी में प्रशासनिक अधिकारी को दिया अधिकारी को ज्ञापन दिए ज्ञापन में जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह पाल ने बताया है कि कौशांबी के गांव लोहदा में पाल समाज की मासूम बेटी के साथ दबंगों द्वारा बलात्कार किया गया था वही रेप करने वाले युवक के पिता ने लोक लाज के डर से जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी उसके बाद पुलिस ने सत्ता के एक उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के दबाव में पीडित परिवार के लोगों को जेल भेजने का काम किया व पीडित परिवार को यातनाएं दी जा रही है। सरकार द्वारा पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर पीडित परिवार के जेल में बंद लोगों को रिहा किया जाए जातिवाद फैलाने वाले व बलात्कारियों का साथ देने वाले उप मुख्यमंत्री को हटाया जाए नहीं तो राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति के नेतृत्व में प्रदेश भर में बडा आंदोलन होगा,इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर धीमान,पूर्व जिला अध्यक्ष पवन पाल, युवा जिला अध्यक्ष गौतम सैन, वरिष्ठ नेता राकेश वालिया,वरिष्ठ नेता रामनिवास प्रजापति एडवोकेट, इंद्रमल प्रजापति, प्रभारी सुखपाल कश्यप,भोला कश्यप,वरिष्ठ नेता विजयपाल, गौरव पाल, इंद्रमल प्रजापति,विनोद पाल, श्याम सुंदर प्रजापति ,महासचिव सचिन प्रजापति मौजूद रहे।



पुरकाजी: नगर पंचायत सभागार में विकसित भारत अमृत काल समारोह में बोलते अतिथि।

# ऑनलाइन फल व सब्जी के नाम पर ठगी

## साइबर पुलिस टीम के हत्थे चढ़े गिरोह के दो सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** साइबर थाना पुलिस ने ऐसे गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है जो ऑनलाइन सस्ते फल व सब्जी बेचने के नाम पर सब्जी विक्रेताओं व आढ़तियों को लाखों रूपये का चूना लगा चुके है इस गिरोह के खिलाफ महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने अब तक पचास लाख की ठगी करने वाले दोनों लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और इनके पास से लैपटॉप, पासबुक व चैक बुक बरामद होना भी बताया है।

शनिवार को पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी क्राइम इन्दू सिद्धार्थ ने पत्रकारों को जानकारीदेते हुए बताया कि उन्हे गोपनीय तरीके से एक इनपुट मिला था कि साइबर अपराधी सोशल साइट पर फ्रूट ट्रेडर्स, अमन फ्रूट कम्पनी के नाम से अन्य कम्पनी भी चला रहे है और इसी के नाम पर पेज बनाकर कम रेट पर आलू, प्याज की आपूर्ति के नाम पर सब्जी कारोबारियों से ठगी कर रहे है। साइबर थाना पुलिस ने इसी इनपुट के आधार पर कार्यवाही शुरू की और मंसूरपुर के निकट गांव भैंसी कट बाइपास से मोटरसाईकिल सवार युवकों को हिरासत में लिया।

दोनो युवकों के नाम अहमद नवाज पुत्र मौहम्मद उमेर निवासी काजियान खतौली व अमन पुत्र मौहम्मद शान है। तलाशी के दौरान इनके पास से लेपटॉप करीब नौ सिम, चार पास बुक, तीन चैक बुक के अलावा महाराष्ट्र पुलिस का फ्रॉड संबंधी नोटिस और यमुनानगर थाने में दर्ज मुकदमें की रिपोर्ट बरामद हुई। एसपी क्राइम ने जानकारी दी कि पकडे गए आरोपियों की व्हाट्सएप्प चैट देखी गई तो सामने आया कि यह गिरोह सैकण्डों लोगो को फ्रूट व सब्जी के दामों में कमी करने का लालच देकर मोटी रकम एठ रहे है और इनकी कम्पनी भी फर्जी पते पर है।

जांच में यह भी सामने आया कि यह गिरोह डील में एडवांस रकम लेकर नम्बर बदल देते है और इन्होने महाराष्ट्र से लाखों रूपयें की ठगी और फर्जी आईडी का सिम प्रयोग करते हुएकई लोगो को अपना शिकार बनाया। व्यापार एक से फर्जी बिल बनाकर यह लोग कई लोगों से धोखाधड़ी भी कर चुके है एसपी क्राइम इन्दू सिद्धार्थ ने बतायाकि इस गिरोह के विरूद्ध तमिलनाडु, वेस्ट बंगाल, त्रिपुरा, केरला, गुजराज, मध्य प्रदेश, अकोला, अहमदाबाद और महाराष्ट्र में करीब डेढ दर्जन मामले दर्ज है और यह गिरोह करीब पांच वर्ष से धोखाधडी कर रहे है, अब तक इस गिरोह ने करीब पचास लाख की ठगी की हुई है। बता दे कि जनपद ही नहीं दूसरे जनपद व राज्यों में लोगो को लालच देकर ठगी करने वाला गिरोह पूरी तरह सक्रिय है।

# देश में गरीबों के कल्याण के ग्यारह साल बेमिसाल: निर्वाल

**शाह टाइम संवाददाता**

**पुरकाजी।** विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल भाजपा विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन नगर पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश आडवाणी मुख्य अतिथि रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरकाजी मंडल अध्यक्ष अजय पवार एवं संचालन विपिन गोयल द्वारा किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल ने कहा कि भाजपा की सरकार में देश वह प्रदेश सुरक्षित हुआ है माताएं बहने किसी भी समय अपने कार्य से कहीं भी आ जा सकते हैं उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा 122 जन कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर चल रही है जिनका सभी को लाभ मिल रहा है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घर-घर शौचालय उज्जवला गैस कनेक्शन आयुष्मान योजना के तहत 500000 तक का मुफ्त इलाज प्रधानमंत्री आवास योजना जन धन योजना आदि योजनाएं गरीबों तक पहुंचाई जा रही है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हमारी सीमाएं सुरक्षित हुई है इसका जीता जागता उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर की सफलता है कार्यक्रम को भाजपा नेता राकेश आडवाणी मंडल प्रभारी गजे सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधानसभा संयोजक कुशवेंद्र तोमर मंडल प्रभारी गजे सिंह कार्यक्रम के संयोजक मंडल अध्यक्ष अजय पवार वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण खुल्लर पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ संदीप वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज जोधा भाजपा नेता हरिराम सक्सेना मंडल महामंत्री विपिन गोयल संदीप गोयल निर्दोष जैन सुशील वर्मा प्रधान सचिन गुर्जर सुशील त्यागी , दीपक त्यागी नदीम अहमद, , तनवीर आलम मनोज चौहान शिवकुमार पाल, उत्तम राणा, विपिन राठी केपी सिंह आदि मौजूद रहे कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा अंत में अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए लोगों को 2 मिनट का मोन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## युवक से मोबाइल छीना, जांच शुरू

**बुढाना।** कस्बा बुढाना के पारसी बस स्टैंड के पास एक युवक से मोबाइल लूट की घटना सामने आई है। यह वारदात बीती गुरुवार देर शाम को तब हुई जब अज्ञात बदमाशों ने युवक से उसका मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। मौहल्ला सफीपुर पट्टी निवासी अफरीदी ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर के आसपास था। तभी कुछ बदमाशों ने उससे मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने पीडित के बयान दर्ज किए और आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू की। संदिग्धों की तलाश के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही आरोपियों को पकडने का दावा किया गया है। इंस्पेक्टर आनंद देव मिश्र ने लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

## तीन के खिलाफ कुत्तों को पीटने का मुकदमा दर्ज

### हमले का वीडियो वायरल होने पर हुई कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस ने बाप-बेटे सहित तीन लोगों के खिलाफ कुत्तों को पीटने का मुकदमा दर्ज किया है, हालांकि लोगों का कहना है कि गलियों में घूमने वाले कुत्ते लोगों को आए दिन अपना शिकार बनाकर खौफ पैदा कर रहे है, लेकिन पिटाई का वीडियो वायरल होने पर एक व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने कार्यवाही की।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला गांधी कॉलौनी की एक गली का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें तीन लोग कुत्तों को ढूंढकर डण्डों से पीटाई कर रहे है। यह मामला जब चारो ओर प्रसारित हुआ तो नई मंडी पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही शुरू की और सरवट फाटक के निकट रहने वाले अमित त्यागी, हर्ष त्यागी आदि के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

इस मुकदमें में दीपक चौधरी को भी आरोपी बनाया गया है पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया है। उधर लोगों का कहना है कि गली में घुमने वाले कुत्ते आए दिन लोगों को काटकर अपना शिकार बना रहे है, जिससे लोगों को भय बना हुआ है, लेकिन पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

# अनुबंध खत्म, कंपनी ने पालिका को हैंड ओवर नहीं किए वाहन

■ हर डलाव घर पर कूड़े का अंबार, सड़ रहा पूरा शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका के साथ सफाई व्यवस्था के लिए काम कर रही निजी क्षेत्र की कंपनी एमआईटूसी सिक्योरिटी एण्ड फैसिलिटी प्रा. लि. का अनुबंध समाप्त हो जाने के बाद सफाई व्यवस्था चौपट है।

शहर में एक सप्ताह से डालवघरों की सफाई के लिए नगरपालिका को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। पुरानी कंपनी के वाहन हैंड ओवर नहीं करने के कारण नई कंपनी के द्वारा पालिका के साथ काम शुरू नहीं किया जा रहा है। ऐसे में भीषण गर्मी के बीच ही डालवघरों में कूड़ा सड़ रहा है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के सभी डलावघर कूड़े से भरे नजर आ रहे हैं, अस्पताल डलावघर में हालात बेहद खराब हैं। शहर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और डलाव घरों से कूड़ा निस्तारण का काम ठप हो गया। एमआईटूसी कंपनी ने पालिका के साथ अनुबंध खत्म हो जाने के बाद कार्य बिल्कुल बंद कर दिया गया है। नई कंपनी जेएस एनवायरो प्रा. लि. के द्वारा काम शुरू करने के लिए पालिका से वाहनों की डिमांड की गई, लेकिन पालिका वाहन उपलब्ध नहीं करा पा रही है, ऐसे में शहरी सफाई व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। शहर के लगभग सभी डलावघर कूड़े से भरे पड़े हैं और कूड़ा-करकट लोगों के घरों के सामने तथा मुख्य मार्ग पर पड़ा है जिससे सफाई व्यवस्था की पोल खुल रही है। जिला अस्पताल डलावघर के साथ यहां लद्दावाला की ओर जाने वाले मार्ग पर सरकारी विद्यालय तक कूड़ा सड़क पर पड़ा नजर आ रहा है।

लोगों को गन्दगी और इससे होने वाली सड़न के कारण बुरा हाल है तो वही संक्रमण फैलने की भी आशंका है।

### क्षेत्रवासियों ने जताई नाराजगी किया प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** पिछले काफी समय से नगर पालिका की उपेक्षा का दंश झेल रहे लद्दावाला डलावघर के पास निवास करने वाले लोगों के सब्र का बांध अब टूट चुका है।काजी जुनैद अहमद, मुकेश पाल मोहम्मद इमरान, आकिल सलमानी, जुबेर अहमद, जावेद आलम, श्याम लाल सिंह और उनके साथ आसपास के लोगों ने आज डलावघर पहुंचकर प्रदर्शन भी किया।

उन्होंने बताया कि जिला महिला अस्पताल, एक प्राइमरी स्कूल और एक बालिकाओं के लिए इस्लाहुल ख्वातीन विद्यालय यहां के साथ ही यहां नगर पालिका का नलकूप होने के बावजूद भी पालिका प्रशासन इस डलावघर को बंद नहीं करा पा रहा है। उनके बच्चे गर्मी में इस गन्दगी के कारण बीमार होने लगे हैं। वो आक्रोशित नजर आये कहा कि कई दिनों से यहां गन्दगी का अम्बार है। सफाई नहीं हो पाती है। आज तो कूड़ा सड़क को भी पार कर रहा है।

## एमआईटूसी ने वाहन देने से किया इंकार, डुप्लीकेट चाबी निकलवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका के साथ सफाई व्यवस्था के लिए अनुबंध के आधार पर काम करने वाली एमआईटूसी सिक्योरिटी एण्ड फैसिलिटीज प्रा. लि. ने काम बंद करने के बाद भी पालिका को वाहन हैंडओवर करने से इंकार कर दिया है, जिससे नई कंपनी काम नहीं कर पा रही है। ऐसे में कंपनी के खिलाफ पालिका ने कार्यवाही करने की तैयारी की है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि एमआईटूसी ने काम बंद कर दिया है। नई कंपनी जेएस एनवायेरो को टैण्डर हो चुका है। एमआईटूसी को पालिका ने काम करने के लिए 77 छोटे गारबेज टिपर वाहनों के साथ ही 28 बड़े वाहन सौंपे थे, जिनमें पांच जेसीबी, 11 डम्फर और बुल लोडर ट्रैक्टर तथा ट्राली आदि शामिल हैं। काम बंद करने के बाद एमआईटूसी पालिका को वाहन हैंड ओवर नहीं कर रही है। चालकों से चाबियां भी लेकर रख ली हैं। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग से स्टोर से वाहनों की डुप्लीकेट चाबियां निकलवाई गई हैं, उनको नई कंपनी जेएस एनवायरो के सुपरवाइजर नीलेश कुमार को सौंप दिया गया है। कंपनी को गैराज से सभी छोटे बड़े वाहन निकालने की स्वीकृति दी गई है। यदि एमआईटूसी ने वाहन देने में अडंगा लगाया तो कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी।



मुजफ्फरनगर: गर्मी से राहत पाने को हैण्ड पंप पर स्नान करते बच्चें।

# स्वस्थ रहना है तो प्राणायाम करें: डॉ. तनेजा

**मुजफ्फरनगर।** पतंजलि योग सूत्र में अष्टांग मुख्य बिंदु बताए गए हैं इसमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्राणायाम है, प्राणायाम का अभिप्राय मूल रूप से श्वास को नियंत्रण में करना है, उक्त विचार तारिणी रिजॉर्ट्स और वैलनेस सेंटर की ओर से आयोजित योग गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. एम. के. तनेजा ने प्रकट किए।

भ्रामरी प्राणायाम में पीएचडी डॉ एम.के. तनेजा ने कहा कि कोरोना जैसी भयंकर बीमारियों से भी प्राणायाम करके बचा जा सकता है। प्राणायाम का अर्थ विभिन्न प्रकार से प्राणों का व्यायाम कहलाता है डॉ. तनेजा ने उन्मुक्त मुद्रा, ग्रीवास्थि आकर्षणम, नाडी शोधन, उज्जाई, कपालभाति, भस्त्रिका, भ्रामरी सूर्य भेदी प्राणायाम चंद्रभेदी प्राणायाम, अनुलोम विलोम इत्यादि के विषय में विस्तार से चर्चा की एवं अभ्यास भी कराया। डॉ तनेजा ने श्वास सही प्रकार से लेने की प्रक्रिया पर जोर दिया। डॉ तनेजा ने बताया कि योग आसन के पूर्ण लाभ के लिए कम से कम 30 सेकेन्ड ठहरना, सांस को बाहर या अंदर रोकना मुस्कुराना और शरीर को शिथिल कर आनंदित होना आवश्यक है।

इस अवसर पर महामृत्युंजय सेवा मिशन के अध्यक्ष योगाचार्य संजीव शंकर ने कहा कि योग सामान्य रूप से शरीर को स्वस्थ रखने का एक अच्छा माध्यम है इसे से धर्म या जाति में नहीं बांटना चाहिए। योर गोष्ठी में होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवेंद्र दहिया, दिल्ली से पधारे विनोद कश्यप, योगाचार्य संत कुमार, योगासन स्पोर्ट्स एलाइंस संगठन की मंत्री सीमा सिंह, अरविंद




गुप्ता ने भी अपने विचार प्रकट किए। शुभारंभ डॉ. एम.के. तनेजा, पं. संजीव शंकर, कीर्ति वर्धन, विनोद कश्यप, प्रवेंद्र दहिया, सीमा सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। तारिणी रिजॉर्ट्स और वैलनेस सेंटर की अध्यक्ष डॉक्टर तारिणी ने उपस्थित योग शिक्षकों का भार व्यक्त करते हुए कहा कि योग करते हुए प्रसन्न रहना अति आवश्यक है हमारे अंदर की नकारात्मक ऊर्जा प्रसन्न रहने से ही समाप्त हो जाती है। गोष्ठी की अध्यक्षता कवि कीर्ति वर्धन अग्रवाल ने की।

# ग्राम देवल में भाकियू का धरना दसवें दिन भी जारी

## किसी भी सूरत में गुरुद्वारे को नहीं आने देंगे कोई आंच, हाईवे को बनाना होगा 25 मीटर दूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** दिल्ली पौड़ी राजमार्ग के ग्राम देवल में चल रहा भारतीय किसान यूनियन का धरना शनिवार को लगातार दसवें दिन भी जारी रहा। धरना देवल गुरुद्वारा भूरी वाले बाबा के पास चल रहा है, जहां यूनियन कार्यकर्ताओं ने साफ किया है कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाएंगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।



भारतीय किसान यूनियन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक घटायन ने बताया कि फ्लाईओवर निर्माण के चलते गुरुद्वारा सड़क से नीचे चला गया है, जिससे वहां आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यहां लंगर के लिए ट्रक व वाहन आते हैं, ऐसे में फ्लाईओवर के नीचे गुरुद्वारा दब गया तो धार्मिक गति. विधियां बाधित होंगी। धरनास्थल पर शुक्रवार को दो किसानों की तबीयत बिगड़ने पर भी प्रशासन की ओर से कोई चिकित्सकीय इंतजाम नहीं किया गया, जिससे किसानों में रोष व्याप्त हो गया जिसके चलते यूनियन द्वारा सांकेतिक रूप से सड़क जाम भी किया गया था, जिसे कुछ समय बाद खोल दिया गया। शनिवार को प्रदर्शनकारियों ने मिटी डालने आए दो डंपरों की हवा निकाल दी और उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। किसानों की मांग है कि या तो सड़क बिना फ्लाईओवर के बनाई जाए, या पिलर आधारित पुल बने, अथवा हाईवे को गुरुद्वारे से 25 मीटर दूर बनाया जाए। जब तक इन मांगों पर सहमति नहीं बनती, तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। धरने में प्रमुख रूप से अशोक घटायन, योगेश बालियान ब्लॉक अध्यक्ष जानसठ, महकार सिंह मंडल महासचिव, सोनू चौधरी, खालिद चौधरी युवा ब्लॉक अध्यक्ष, नरेंद्र मलिक जिला महासचिव, टीटू वालिया, धर्मवीर बिट्टू, धर्मवीर राठी, अश्विनी, सुबा. ेध तोमर, शादीन गुर्जर, कुलदीप, जीत सिंह, राजेंद्र बालियान, परमेंद्र मंतोड़ी, ओमप्रकाश शर्मा सहित अन्य सैकडो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रसूलपुर गढ़ी में पुरानी रंजिश बनी अशांति का कारण, पुलिस सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** रसूलपुर गांव में रांघड़ और झोझा बिरादरी के बीच चली आ रही पुरानी रंजिश एक बार फिर उग्र हो उठी है। शुक्रवार को मामूली कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के युवकों के बीच मारपीट और पथराव हो गया, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी फैल गई।

बताया जा रहा है कि बीते तीन दिनों से यह विवाद रुक-रुक कर सामने आ रहा है और अब तक कई बार दोनों पक्ष आपस में भिड़ चुके हैं। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए दोनों पक्षों से कुल 32 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया, जिसमें 16 नामजद और 16 अज्ञात शामिल हैं। शनिवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपी सलमान पुत्र शकील को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। गांव की संवेदनशील स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। लगातार गश्त के साथ-साथ पुलिस ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी तरह की अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## किसानों के 11 सवाल पर होगा चिंतन शिविर: राकेश

### हरिद्वार में भाकियू का राष्ट्रीय अधिवेशन 16 से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन ने हरिद्वार की लाल कोठी पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर की पूरी तैयारी कर ली है। हरिद्वार पहुंचकर राकेश टिकैत ने भाकियू के इस कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और व्यवस्थाओं को लेकर संगठन के पदाधिकारियों, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि 16 जून को राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ होगा और 18 जून को महापंचायत तथा गंगा स्नान के साथ इसका समापन किया जायेगा। इस दिन किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जायेगा। कहा कि यह चिंतन शिविर केन्द्र सरकार के 11 साल और किसानों के 11 सवाल के मुख्य केन्द्र बिन्दु पर आयोजित किया जा रहा है।

भाकियू के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने हरिद्वार लाल कोठी पर राष्ट्रीय चिंतन शिविर की तैयारियों को परखने के लिए कार्यक्रम स्थल का दौरा करते हुए ठहरने, पार्किंग, भोजन-भण्डारे की व्यवस्था पर टीम को निर्देशित किया। बताया कि किसानों के मुद्दों को लेकर चर्चा की जायेगी। बारिश का मौसम देखते हुए पंडला वाटर प्रुफ बनाया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड या उत्तर प्रदेश के किसानों के मुद्दे हो या देश के आदिवासी, किसानों, मजदूरों के प्रकरण हों, सभी पर तीन दिनों की पंचायत में चर्चा की जायेगी। उन्होंने किसानों से अनुशासन के साथ पहुंचने और गंगा स्नान करने के साथ ही एकजुट होकर आंदोलन करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के 11 साल और किसानों के 11 सवाल पर ही यह चिंतन शिविर आयोजित होने जा रहा है।

हम सरकार से किसानों के हितों के लिए, बेरोजगारी के लिए और मजदूरों व आदिवासियों के कल्याण के लिए सीधे सवाल करने जा रहे हैं।





मुजफ्फरनगर: क्रिकेट एकेडमी के शुभारंभ अवसर पर बच्चों को बांटी गई किट।

## ग्रेन चैम्बर क्रिकेट एकेडमी में एमएस क्रिकेट क्लब का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में संचालित ग्रेन चैम्बर क्रिकेट एकेडमी के डायरेक्टर मयंक शर्मा द्वारा एम. एस. क्रिकेट क्लब की ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज, मुरादाबाद राकेश कुमार गौतम द्वारा फीता काटकर व क्रिकेट खिलाडियों को क्रिकेट बैग और क्रिकेट ड्रेस का वितरण कर के एम एस क्रिकेट क्लब का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सहारनपुर के देवबन्द में आयोजित अन्तजनपदीय ट्राई सीरीज क्रिकेट टूर्नामेंट में एकेडमी के कृष्णा को मैंन ऑफ दी मैच और प्रणव कश्यप को बेस्ट बॉलर की ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

इस शुभ अवसर पर ग्रेन चौम्बर पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर मनोज कुमार गुप्ता, प्रिंसिपल आजाद वीर, कोरडिनेटर आशिष त्यागी व सदस्य कार्यकारिणी जिला बार संघ मुजफ्फरनगर के एडवोकेट आदित्य शर्मा और एम. एस. क्रिकेट क्लब की जनरल सेक्रेटरी रेखा रानी, उपाध्यक्ष अभिजीत बाल्यान, कोषाध्यक्ष देव कौशिक, जॉइंट सेक्रेटरी मोहम्मद तालिब, सदस्य आशुतोष शर्मा, मन्सवी सिंह, मोहम्मद उमर, मोहम्मद शोएब, इशिका कौशिक मौजूद रहे।

# आर्ट ऑफ लिविंग शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** कस्बे में खाई खेडी रोड पर सत्य विहार में चल रहे 10 दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग चिकित्सा शिविर का समापन। कस्बे में लाला खजान सिंह ललता प्रसाद चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राम भवन में संचालित दस दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग चिकित्सा शिविर का शनिवार को समापन किया गया। शिविर संयोजक पूनम गोयल ने बताया शिविर में अलग अलग रोगों के सैंकड़ों मरीजों की जांच कर उपचार किया गया। जिसमें एक दिन नाड़ी परीक्षा कैंप व छ दिन ग्रामीण हैप्पीनेस कार्यक्रम और तीन दिन पंचकर्म उपचार के माध्यम से चिकित्सा की गई। उन्होंने बताया कि असाध्य रोगों की मसाज व शरीर पर तेल लगाकर विशेष चिकित्सा की गई।





शिविर में सैंकड़ों लोगों ने उपचार व चिकित्सा कराकर लाभ उठाया। शि. विर में डा अनुज टण्डन, शरद गोयल, पूनम गोयल, भावना खुल्लर, अभिषेक बंसल, ललित सिंघल, दिनेश गोयल, योगेंद्र प्रताप आदि का सहयोग रहा। आर्ट ऑफ लिविंग टीम के रामानन्द शर्मा, बीना गोयल, लक्षित शर्मा, सीमा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# एसडी मैनेजमेंट ने किया मेधावी बच्चों को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुजफ्फरनगर विषय बीबीए प्रथम सेमेस्टर का परिणाम घोषित श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित।

एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुजफ्फरनगर में आज बीबीए प्रथम सेमेस्टर के परिणाम की घोषणा के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों की मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मानित करना था। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में एक उत्साहवर्धक माहौल देखने को मिला, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने की, जबकि बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने आयोजन का संचालन किया। इस आयोजन में बीबीए प्रथम सेमेस्टर के उन विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया है।

प्रथम स्थान प्राप्त किया आदित्य मित्तल ने, जिन्होंने 77 प्रतिशत अंकों के साथ सेमेस्टर में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। उनका अनुशासन, निरंतरता और विषयों के प्रति समर्पण सभी विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा बना। द्वितीय स्थान पर रहे सार्थक चावला, जिन्होंने 75.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने अपने समर्पण और लगन से यह सिद्ध किया कि निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। तृतीय स्थान प्राप्त किया अंत्रा गुप्ता ने, जिन्होंने 74.66 प्रतिशत अंकों के साथ अपना स्थान सुनिश्चित किया और यह दिखाया कि छात्राएं भी हर क्षेत्र में सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकती हैं।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा ष्यह सफलता केवल अंक प्राप्त करने की नहीं, बल्कि एक सकारात्मक दृष्टिकोण और निरंतर प्रयास की पहचान है। ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थी हमारे संस्थान की गरिमा को बढाते हैं। कॉलेज हमेशा से मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करता आया है और आगे भी करता रहेगा।

वहीं बी.बी.ए. विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा विभाग को गर्व है कि हमारे विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम में समस्त बीबीए संकाय डॉ. संगीता गुप्ता, मोहम्मद अंजर, संजय, अभिषेक, सु सोनिका, सु पूर्वी, सु प्राची, दीपक गर्ग सहित सभी शिक्षकों ने उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## ससुरालियों के उत्पीड़न से परेशान महिला ने लगाई मदद की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** महिला ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा कर थाना मंडावली में उत्पीड़न करने वाले ससुरालयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। पीड़ित महिला का कहना है उसकी शादी मुस्तकीम पुत्र महबूब निवासी ग्राम भागुवाला थाना मंडावली के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। मुस्तकीम ने पीड़िता से अपनी पसंद से शादी की थी। मां-बाप गरीब थे और वह दहेज में फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन नहीं दे सके। इस कारण पीड़िता का पति मुस्तकीम, जेठ मकसूद, मकबूल, देवर मुकीम, सास साबरा उसका उत्पीड़न करते मारपीट करते घर से निकाल देते। मां-बाप की इज्जत के खातिर वह सब बर्दाश्त करती रही।

## परीक्षा देने आए छात्र पर हमला, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड स्थित एसडी कालेज में परीक्षा देने आए एक छात्र पर कुछ युवकों ने हमला बोल दिया। लाठी-डंडे से वार करते हुए छात्र के साथ जमकर मारपीट की गई। पीडित को बचाने आए अन्य छात्रों को देख आरोपित फरार हो गए। पुलिस ने दो नामजद आरोपित समेत तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव पलडा निवासी देवेंद्र सैनी का बेटा सुमित श्रीराम कालेज में बीबीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। जिसकी परीक्षा एसडी कालेज आफ कामर्स में चल रही है। आरोप है कि सुमित परीक्षा देने के बाद लगभग साढे 12 बजे कालेज से बाहर निकला तो वहां गांव का ही अवि सैनी और वंश निवासी गांव किनौनी तीन अज्ञात युवकों के साथ डंडे लेकर खडे थे। बाहर आते ही आरोपितों ने सुमित को पकड लिया और हमला बोल दिया। जिसमें सुमित को काफी चोट आई। परीक्षा देकर अन्य छात्र बाहर आए और उन्होंने सुमित को बचाने के लिए दौडे तो आरोपित मौके से फरार हो गए। मारपीट में पीडित का मोबाइल फोन भी टूट गया। देवेंद्र सैनी ने नई मंडी कोतवाली में दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि अवि सैनी और उसके पिता धर्मेंद्र उनसे रंजिश रखते है। आए दिन जान से मारने की धमकी भी देते है। पुलिस का कहना है कि आरोपितों को खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## अश्लील इशारे करने का विरोध किया तो दबंग ने किया पथराव

**बुढाना।** दबंग पडोसी ने अपने घर की छत पर चढकर दूसरे घर की युवतियों को अश्लील इशारे किए तो युवतियों के भाई ने दबंग की इस बात का विरोध किया तो दबंग ने घर पर पथराव कर दिया। जिसमें परिवार के सदस्यों ने कमरे के अंदर घुसकर जान बचाई। पीडिता ने सीओ को शिकायत की है। कस्बे की कमल मार्किट के पीछे रहने वाली महिला ने सीओ को बताया कि उसका पडोसी बिलाल पुत्र मेहरबान झगडालू है। बिलाल का घर उसके घर से ऊंचा है। बिलाल अपने घर की छत पर चढकर उसकी पुत्रियों को गंदे इशारे करता है।

धमकी देता है कि मैं तेरी किसी भी लडकी की शादी नही होने दूंगा। बीती रात बिलाल उसकी पुत्रियों को गंदे इशारे कर रहा था। पुत्र ने विरोध किया तो बिलाल ने उसे हत्या की धमकी देकर उनके घर पर ईंटों से पथराव कर दिया। तब उन्होंने कमरे में घुसकर जान बचाई। इससे पूर्व भी बिलाल उन पर हमला कर चुका है। मोहल्ले के लोगों ने फैसला करा दिया था मगर बिलाल अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। बिलाल का पिता मुठमर्द है।

बुढाना पुलिस ने उसे इसी वर्ष अवैध तमंचे बनाने के जुर्म में जेल भेजा था। ये पुलिस के लिए मुखबिरी भी करता है। इस घटना के संबंध में 2 वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। जिसमें 1 वीडियो 8 व दूसरा 13 सैकेंड का है। जिसमें घर के सहन में ईंटें पडी हैं।

सीओ ने मामले की जांच को पुलिसकर्मी भेजे लेकिन वे खानापूर्ति कर चले आए। पीडिता ने अब एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

## विदेश से एक सप्ताह बाद शव पहुंचने पर मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** एक सप्ताह पूर्व विदेश में नौकरी ,कर रहे व्यक्ति की हृदयगति रुकने से अचानक मौत हो गयी थी। एक सप्ताह बाद शव पहुं. चने पर स्वजन द्वारा गमगीन माहौल में सुप्रदे-ए-खाक किया गया।

चरथावल देहात निवासी किसान मुश्ताक का पुत्र शहजाद 42वर्ष पिछले कई वर्षो से ओमान में वाहन चालक की नौकरी करता था। स्वजन ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व हृदयघात से अचानक शहजाद की मौत हो गयी थी। अचानक मौत की सूचना से परिवार में शोक छा गया था। स्वजन ने बताया कि शव लाने की प्रकिया पूरी करने के बाद शनिवार दोपहर को कस्बे में एक सप्ताह बाद शव पहुंचा। शव पहुंचने पर शोकाकुल ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित थे। स्वजन द्वारा गमगीन माहौल में शव को सुप्रदे-खाक कर दिया गया।

## गांव सफीपुर में रखी गई शनिदेव मंदिर की नींव

**बुढाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव सफीपुर में आज शनिवार की सुबह अभिजीत मुहूर्त के समय शिव मंदिर प्रांगण में मंदिर कमेटी सफीपुर के द्वारा शनि देव महाराज के मंदिर के निर्माण के लिए मंत्रोच्चारण के साथ ही मंदिर निर्माण के लिए आधारशिला रखी गयी। इस दौरान गांव के लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यहां पर शनिदेव मंदिर की नींव की पांच ईंट रखने वालों में एडवोकेट संजय त्यागी, ग्राम सफीपुर के प्रधान पद के उम्मीदवार कुणाल त्यागी, रोशन पाल, देवराज त्यागी और शिवम त्यागी मुख्य रूप से रहे और इनके साथ दर्जनों ग्रामीण भी मौजूद रहे। पंडित पवन शर्मा लुहसाना ने भूमि पूजन के बाद विधि विधान से हवन यज्ञ भी सम्पन्न कराया। इस हर्षोल्लास के साथ बाद सभी ग्रामीणों को शनि देव महाराज के प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम से गांव सफीपुर में खुशी और भक्ति का माहौल बना हुआ है। मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीण बढ़ चढ़कर दान कर रहे हैं। यहां पर युवा अधिवक्ता संजय त्यागी ने मंदिर समिति के सदस्यों को मंदिर के निर्माण करने के लिए बधाई दी। मंदिर निर्माण में संकीर्तन कर शनि का गुणगान किया गया। मंदिर निर्माण कार्य में एडवोकेट संजय त्यागी की अहम भूमिका बताई गयी है। यहां सैकडो ग्रामीण मौजूद रहे।

# इंपल्स एकेडमी के छात्रों का नीट में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गांधी कॉलोनी स्थित इंपल्स एकेडमी के डायरेक्टर एपी मुदगल ने बताया कि संस्थान के 15 छात्रों ने नीट 2025 में सफलता पाई है। जिनमें आरिश पुत्र जुल्फिकार अहमद ने 601 नंबर के साथ 1256 रैंक प्राप्त करके संस्थान को गौरवान्वित किया है। अब्दुल्ला पुत्र मोहम्मद नईम ने 570, पूजा गोयल ने 550, कमल शर्मा पुत्र मुकेश शर्मा ने 538, आयुषी पुत्री हरेंद्र शर्मा ने 537 और आयशा त्यागी ने 504 अंक प्राप्त करके अपने डॉक्टर बनने के सपने को सच किया है। निहारिका, समीक्षा, आंचल, आयशा, मानव शर्मा, भावेश, सानिया और हर्षित ने भी उल्लेखनीय नंबर से नीट में सफलता प्राप्त की है। सभी सफल छात्र छात्राओं और उनके माता पिता को





संस्थान पर शुभकामनाएं ओर अभिनंदन किया गया। सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय केमिस्ट्री के खलील सर बायोलॉजी की मैडम रो. मिता शर्मा और फिजिक्स के सर ए पी मुदगल को दिया। सभी गुरुजनों ने सफल सफल छात्र-छात्राओं को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## छात्रा के साथ स्कूल जाते समय युवक पर छेड़छाड़ का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

**चरथावल।** थाना-क्षेत्र के एक गांववासी द्वारा एसएसपी को दिए गए प्रार्थना-पत्र पर आरोप लगाया है कि उसकी भतीजी के साथ स्कूल जाते समय एक युवक अश्लील छेड़छाड़ करता है विरोध करने पर उसने अपहरण की धमकी दी है।पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया। चरथावल थाना क्षेत्र के गांववासी ने एसएसपी संजय वर्मा को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि उसकी भतीजी कस्बे में स्थित इंटर कालेज में पढ़ती है। गांव का ही आशु स्कूल जाते समय उसका पीछा करते हुए छेड़छाड़ करता है। इसकी शिकायत युवक के स्वजन से भी की गयी लेकिन युवक अपनी आदत से बाज नही आया। बल्कि अश्लील मैसेज,वीडियो व काल करके ओर अधिक परेशान करने लगा।चार दिन पूर्व शाम के समय जब किशोरी अपने ताया के घर जा रही थी। आरोप है कि युवक ने उसे हाथ पकड़कर खींचना चाहा, किशोरी के विरोध करने पर आरोपित ने अपहरण की धमकी दी। भयभीत स्वजन ने इसकी शिकायत एसएसपी से की। उनके निर्देश पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

## गुलाम मौहम्मद जौला के नाम पर गेट बनाने का रास्ता साफ

बुढाना। किसानों के मशहूर नेता मरहूम बाबा गुलाम मौहम्मद जौला के नाम पर गेट बनवाने को लेकर बीडीओ और ग्राम सचिव ने प्रपोजल लाने वाले जौला यूथ क्लब के कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियो से विचार विमर्श किया। जिसको लेकर गांव में खुशी की लहर है। इस हिसाब से गांव जौला में बाबा गुलाम मौहम्मद जौला के नाम पर गेट बनने का रास्ता लगभग साफ सा हो गया है। जौला यूथ क्लब ने बीते दिनों बीडीओ बुढाना सतीश कुमार को एक पत्र सौंपा था। जिसमें उन्होंने यह मांग की थी कि गांव जौला में किसानों के हमदर्द बाबा गुलाम मौहम्मद जौला जिनका निधन विगत वर्ष हो गया था। वे जौला क्षेत्र में सभी के चहेते थे और उनके निधन से जो क्षति हुई है उसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। इसलिए उनकी याद में गांव जौला और आसपास के ग्रामीण उनके नाम के गेट का निर्माण कराना चाहते हैं ताकि एक याद बनी रहे।

# तुलसी पार्क में 287 लोगों ने किया रक्तदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज तुलसी पार्क, शिव चौक, मुजफ्फरनगर में एक विशाल रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पुनीत कार्य में कुल 287 लोगों ने रक्तदान किया, जबकि कम हीमोग्लोबिन (एचबी) स्तर के कारण 30 व्यक्तियों को रक्त दान करने से मना कर दिया गया।

शिविर का उद्घाटन और 'मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन तायल' जी उपस्थित रहे। मोहनतायल जी ने अपने संबोधन में रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी रक्तदाताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और यह कई अनमोल जिंदगियों को बचाने में सहायक होता है। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की भी सराहना की।

आयोजकों ने इस शिविर को सफल बनाने के लिए सभी रक्तदाताओं, स्वयंसेवकों और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस तरह के शिविर भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि रक्त की कमी को पूरा किया जा सके और जरूरतमंदों की मदद की जा सके।

शिविर में भारत सूर्योदय सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सनी अग्रवाल, उनके साथ मुनेश सैनी जी, बृजेश सैनी वह अन्य सदस्य मौजूद रहे। यह रक्तदान शिविर स्वास्थ्य और जीवन बचाने के प्रति सामुदायिक भावना का एक उत्कृष्ट उदाहरण था।

एस.एफ.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल आवास विकास कालोनी मुजफ्फरनगर

आवश्यकता है

ट्रांस्पोंट

शहर के विभिन्न स्थानों से स्कूल के बच्चें लाने और ले जाने के लिए टाटामैजिक, कुजर, वैन्चर व 32, 30, 25 सीटर बस।

सिक्योरिटी सर्विस

स्कूल में सिक्योरिटी के लिए सिक्योरिटीगार्ड, गनमैन, आया, स्वीपर, माली, ड्राईवर एव विभिन्न स्टाफ की।

कैन्टीन

स्कूल में कैन्टीन चलाने के लिए ठेकेदार की।

उपरोक्त सम्बन्धी जानकारी के लिए स्कूल कार्यालय में सुबह 9 से 1 बजें तक सम्पर्क करे।

ईमेल: davpsmuzaffarnagar@gmail.com

Mob: 9105444148, 9105444149

मैनेजर प्रिंसिपल

### जिसकी बिल्ली उसे ही म्याऊं....

# शिकायत की तो खनन माफिया ने की गाली गलौज

## पत्रकार की काश्त की भूमि से की मिट्टी चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** कस्बे के एक पत्रकार की दो दुकानों के ताले काटे जाने के कुछ महीनों बाद ही पत्रकार को एक बार फिर परेशानी से गुजरना पडघ। इस बार मिट्टी का खनन करने वाले माफियाओं ने पत्रकार के एक खेत की कई फुट गहरी मिट्टी चोरी कर ली। इस मामले में पत्रकार ने 2 दिन पहले खनन माफियाओं के खिलाफ एसडीएम कार्यालय को अपनी शिकायत दी और पुलिस के अधिकारियों को मौखिक रुप से बताया लेकिन पत्रकार की रिपोर्ट दर्ज तो नहीं हुई अलबत्ता खनन माफियाओं की और से गाली गलौज धमकी जरुर मिल गयी। पत्रकार खनन माफियाओं से डरा हुआ है। इस संबंध में अब पत्रकार स्थानीय पुलिस प्रशासन से निराश होकर अब 16 जून को सुबह सवा 5 बजे पैदल ही अपने घर से मुजफ्फरनगर की और कूच करेगा और डीएम से मिलेगा और अपनी बात रखेगा। इस मामले में पत्रकारों ने भी इस मामले की कडे शब्दों में निंदा की है। मिली जानकारी के अनुसार नसीम कुरैशी जनपद मुजफ्फरनगर सहित तीन राज्यों से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार शाह टाइम्स का बुढाना तहसील क्षेत्र का प्रभारी है। नसीम कुरैशी के खेत बांगर में सफीपुर और बुढाना के बीच में स्थित हैं। पत्रकार का एक खेत उसके हिस्से में आई चकरोड के पास है। जिसका कुछ हिस्सा उसके पडोसी का है और कुछ हिस्सा उसका है। पत्रकार ने अपने खेत बंटाई पर दिए हुए हैं इसलिए पत्रकार खेत पर कम ही आता जाता है। दो दिन पूर्व पत्रकार अपने खेतों में गया तो उसके पैरों तले की जमीन खिसक गयी क्योंकि उसके उक्त खेत में से एक मीटर से भी अधिक गहराई तक की मिट्टी अर्द्ध रात्रि में उक्त खनन माफियाओं द्वारा चोरी कर ली गयी थी। उसके आसपास के कुछ किसानों ने अपना नाम ना बताने की शर्त पर बतलाया कि रात के समय ही खनन माफिया आते हैं और काफी दिनों से मिट्टी चोरी कर रहे हैं। इसकी शिकायत पत्रकार ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियो से की लेकिन खनन माफियाओं के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं हुई।

अलबत्ता आज पत्रकार को उल्टे धमकी जरुर मिल गयी। जिसकी पत्रकारों ने कडे शब्दों में निंदा की। अब पत्रकार 16 जून को डीएम से मिलने के लिए बुढाना से मुजफ्फरनगर के लिए सुबह सवा 5 बजे पैदल कूच करेगा और डीएम को अपनी व्यथा बताएगा।

पत्रकार पर ये दूसरी मार पडी है। पहले भी एक पडोसी ने पत्रकार की दो दुकानों के ताले अवैध कब्जा करने के उद्देश्य से काट लिए थे। जिसमें पत्रकारों ने एडीएम गजेंद्र सिंह के समक्ष हंगामा किया था तो पुलिस ने पत्रकार की दोनों दुकानों के ताले डलवाए थे।

### घर के बाहर खड़े हुए युवक पर किया हमला

**बुढाना।** घर के बाहर खडे युवक पर कुछ युवकों ने किसी बात को लेकर लाठी डंडों से हमला बोल दिया और पुलिस में बताने पर हत्या की धमकी देकर फरार हो गये। पुलिस को तहरीर दे दी गयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है। सुहैल पुत्र जाकिर निवासी लुहसाना रोड सफीपुर पट्टी बुढाना देहात ने बुढाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि आज शनिवार के दिन वह अपने घर के बाहर खडा हुआ था। तभी मौहल्ले के ही आरिश और सुहैल के अलावा 7-8 अज्ञात व्यक्ति एक राय होकर उसके मकान पर हाथों मे लाठी डन्डे व धारदार हथियार लेकर आये और उसे व उसके भाई दानिश व सादाब के उपर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया और गुम चोटे आयी। उसने व उसके भाइयों ने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई। ये लोग एलानिया कह गये कि आज तो तुम बच गये अबकी बार नहीं बचोगे। उक्त लोग झगडालू व दबंग किस्म के व्यक्ति हैं। जो उससे व उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। अब उसको अंदेशा बना हुआ है कि ये लोग कभी भी उसके व उसके परिवार के साथ अप्रिय घटना घटित कर सकते हैं। पीडित ने बुढाना पुलिस से न्याय की मांग की है।

### चचेरा भाई मकान के निर्माण में बना बाधक

**बुढ़ाना।** एक चचेरा भाई अपने परिवार के साथ मिलकर अपने भाई का मकान बनने नहीं दे रहा है। जिसके चलते उसको परिवार सहित झोपडी में रहना पड रहा है। पीडित ने कोतवाली में भाकियू नेताओं के साथ आज प्रार्थना पत्र दिया है। पीडित सतीश ग्राम अलीपुर अटेरना ने बताया कि उसके ताऊ धोंधा ने उसको गोद लिया हुआ है। उसका मकान जर्जर हालत मे है। वह अपने मकान के निर्माण कार्य के लिए अपने मकान की नींव भरना चाहता है किंतु अंकुर पुत्र विनोद, बहन संतोष पत्नी सुखपाल मती राजबीरी पत्नी विनोद, गुढन, शिवानी, पूजा और ऋतु पुत्रियां विनोद उसके मकान की नींव नही भरने दे रहे हैं। वह उनको ऐसा करने से मना करता है तो उसको लाठी डन्डो से मारपीट करते हैं तथा गाली गलोच करते हैं और कहते हैं कि अगर नींव भरी तो जान से मार देंगे। धमकी देते हैं कि तुझे रेप के झूठे के केस में फंसाकर जेल भिजवा देंगे। भाकियू जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान और नगर अध्यक्ष इसरार अहमद ने एसडीएम से पीडित के मकान की नींव भराए जाने की बात कही है।

# आधी रात दबंगों ने धावा बोलकर की मारपीट, तीन घायल

**सीएचसी से घायलों को किया गया जिला अस्पताल रैफर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** गांव जौली मे घर के बाहर चबूतरे पर सो रहे ग्रामीणों पर आधी रात को दबँगो ने अचानक हमला बोल दिया। जिसमें तीन व्यक्ति घायल हो गये। घायलों का अस्पताल मे उपचार जारी है। पीड़ितों ने आरोपियों से जान माल को खतरा जताते हुए पुलिस से सहायता की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव जौली निवासी आरिश ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया की बीते 11 जून की आधी रात परिवार के नौशाद, आदिल,वरीश घर के बाहर बने चबूतरे पर सो रहे थे।की पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही तैय्यब, शादाब, इंतिखाब, अनस, दानिश, व तैय्यब के दामाद आशु निवासी गांव फूलास जनपद सहारनपुर व दानिश निवासी निर्धना ने लाठी डंडो व धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान शोर सुनकर आये पड़ोसियों ने आरोपियों से घायलों की जान बचाई। तथा डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा घायलों को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया जहां से नौशाद व आदिल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। दोनों घायलों की हालत गंभीर बताई गयी है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सारे लक्ष्य पूरे होंगे, मोदी पर भरोसा रखो: वंदना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** केन्द्र में भाजपा सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर उसकी उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाने के एक बैठक में मुख्य अतिथि एमएलसी वंदना वर्मा ने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए सभी की सहभागिता जरूरी है।

शनिवार को बरला इंटर कॉलेज में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई जिसमें मुख्य अतिथि वंदना वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ग्यारह वर्षों में गरीबों के कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य किये उनके मजबूत व निर्णायक नेतृत्व में देश ने भयानक चुनौती का सामना करते हुए आगे बढने का साहस किया। मोदी के सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास सब का विश्वास के साथ देश के हर नागरिक को विकास की मुख्य धारा से जोडा है। देश का हर वर्ग हर क्षेत्र साझा संकल्प के साथ विकसित भारत लक्ष्य की ओर बढ रहा है। पिछले दशक में कृषि बजट गुणा बढा है जिससे किसानों को मजबूती मिली है।

मंडल प्रभारी शुशील त्यागी, मंडल अध्यक्ष अंकुर त्यागी व पुरकाजी विधानसभा संयोजक कुशष्वेद्र तोमर ने भी सरकार की उपलब्धियां की गिनाई। कुंवरपाल खजांची, दिनेश शर्मा, मनोज देशवाल, विशाल त्यागी, प्रताप सिंह, अनमोल त्यागी,शेषराज, गौरव त्यागी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




छपार: मोदी सरकार की ग्यारह वर्ष की उपलब्धि गिनाती एमएलसी वन्दना वर्मा।

# परिवार से पिछड़ा मासूम गंग नहर पर मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** सिखेडा थाना क्षेत्र में एक मासूम बच्चा अपने परिवार से बिछड गया। भटकते हुए सिखेडा गंग नहर के पास पहुंच गया। गुरुवार शाम क्राइम इंस्पेक्टर लोकेंद्र सिंह ने पेट्रोलिंग के दौरान गंग नहर से खतौली की ओर जाने वाले मार्ग पर सडक के किनारे इधर उधर भटक रहे बच्चे को देखा। उससे नाम पूछा तो बताने में असमर्थ था।

जानकारी के अनुसार सिखेडा थाना पुलिस क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही थी। तभी उन्हें एक मासूम बच्चा सिखेडा गंग नहर के पास रोता हुआ मिला। क्राइम इंस्पेक्टर लोकेंद्र सिंह ने बच्चे से नाम पता पूछा लेकिन मासूम बच्चा अपने परिजनों के बारे में कुछ भी बता नहीं पा रहा था। इसके बाद उन्होंने तत्काल बच्चे को अपनी गाडी में बैठाया और उसके परिजनों को खोजने निकल गए। पुलिस ने सोशल मीडिया पर तस्वीर को प्रसारित कर उसके परिजनों से मिलाने का आवाह्न किया। काफी खोजबीन के बाद सिखेडा पुलिस को सफलता हाथ लगी। पुलिस की तत्परता के कारण कुछ ही देर में बच्चे के परिजन उसे खोजते हुए सिखेडा थाने पर पहुंचे। मंसूरपुर निवासी नौशाद ने बताया कि बेटा अबुजर गांव चित्तौडा में अपनी बुआ के घर घूमने गया हुआ था। घूमते घूमते बच्चा गंग नहर के पास पहुंचकर घर का रास्ता भटक गया था। परिजनों ने पुलिस के कार्यों को सराहा। पुलिस ने बच्चे को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### समोसे को लेकर दुकानदार ने की शराबी की पिटाई

**छपार।** एक युवक शराब के नशे में हलवाई की दुकान से समोसा खरीदने लगा जिस पर पैसों को लेकर कहां सुनी हो गई। दुकानदारों ने उसकी लात घूसों से जमकर पिटाई की। पुलिस ने उसकी तहरीर पर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। गांव बरला निवासी मोनू ने शुक्रवार की शाम को शराब पी ली और हलवाई की दुकान से समोसा खरीदने लगा जिस पर पैसों के लेनदेन को लेकर कहां सुनी हो गई आप है कि दुकानदार काला व टिनू ने लात घुसो से जमकर पिटाई की जिससे उसकी आंख व पेट में गंभीर चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। दूसरी घटना में खिदडिया निवासी मुन्नू ने तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को वह मजदूरी करने गया था उसकी पत्नी सविता घर पर अकेली थी वह सरकारी नल से पानी लेने गई उसके बच्चे भी साथ गए। वहां पर आशु आदेश व उनका एक मेहमान दीपक भी मौजूद था आप है उन्होंने सविता की खूब पिटाई की।

**विमान हादसे पर किया दुख व्यक्त**

**बुढाना।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मरे लोगों को डॉक्टल देवेंद्र मलिक ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। एयर इंडिया की लंदन जा रही फ्लाइट में हुए इस हादसें में करीब 275 लोगों की जान जाने की पुष्टि हो चुकी है। लंदन निवासी केवल एक यात्री जिंदा बचा है।

डॉक्टर देवेंद्र मलिक ने संवेदना व्यक्त की है। मृतकों के परिजनों को इस दु:ख को सहने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है। शोक सभा मे डॉक्टर देवेंद्र मलिक, रविकांत, मनोज, रवि और जगमेर आदि लोग शामिल हुए और मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की।

# गुणों की खोज करो आपको भगवान स्वयंमेव मिल जाएंगे

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जिनकी पावन पूत लेखनी से सृजित अनेकानेक पद्यात्मक मौलिक रचनाएं समाज एवं राष्ट्र के लिए मार्गदर्शक बनी हुयीं हैं, ऐसे आदर्श महाकवि भावलिंगी संत आचार्य भगवन् 108 विमर्ष सागर महामुनिराज ने देशभक्ति से ओतप्रोत ष्देश और धर्म के लिए जिओ रचना लिखी, जिसे मध्यप्रदेश शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है। पूज्य की अद्भुत रचना एक सुखद अनुभूतियों का अहसास- माँ शीर्षक से कक्षा-8 की मध्यप्रदेश शिक्षा बोर्ड में शामिल की गयी है, जो आज युवा पीढी के लिए मार्गदर्शक बन रही है। 14 जून की प्रातरू बेला में पूज्य आचार्य प्रवर ने धर्मनगरी खतौली के सभी दिगंबर जैन मंदिरों की अपने चतुर्विध संघ के साथ पदविहार करते हुए बन्दना की। पुन: जिनमंदिर में आकर आचार्य प्रवर ने उपस्थित धर्म सभा कोसम्बोधित करते हुए कहा- भगवन् के गुण गायेंगे, भगवन् सम बन जायेंगे। राग द्वेष रहित अहा, शुद्ध आत्मा पाएंगे, गुण का पूजक ही, हो-हो तो, गुणवान कहाये रे, जीवन है पानी की बूंद, कब मिट् जाए रे, गुणों की पहिचान होते ही हमें उन गुणों से समन्वित द्रव्य पदार्थ की पहचान हो जाती है और गुणों की प्राप्ति होते ही उन गुणों से परिपूर्ण द्रव्य की भी प्राप्ति हो जाती है। आप तरबूज खरीदने बाजार जाते हो तो सर्वप्रथम उसमें चाकू लगाकर देखते हो कि यह तरबूज कहीं अंदर से खराब तो नहीं है, आप एक मिट्टी का घड़ा लेने जाते हैं तो ठोक बजाकर उसकी जांच करते हैं कि यह कहीं अंदर से फूटा तो नहीं है स जरा विचार कीजिए कि कुछ नाचीज तरबूज अथवा घडे को आप बिना गुणवत्ता के ग्रहण नहीं करते किन्तु हमारी सबसे बडी खोज जो भगवान की खोज है उसमें बिना विचार के ही मात्र भगवान संज्ञा अर्थात किसी ने कह दिया कि यह भगवान है, आप उसे ही अपना भगवान मान बैठते हैं। कोई जांच, कोई परीक्षा नहीं, यह कैसी आपकी श्रद्धा है कि आज ये भगवान, कल कोई और प्रभावशाली दिखा, कल से वही भगवान स बंधुओं! यथार्थ में यह श्रद्धा भक्ति नही यह तो घोर अज्ञानता है। हमेशा ध्यान रखो, भगवान शब्द अपने आप ही कह रहा है भग अर्थात ज्ञान और वान माने वाला, अर्थात जो पूर्ण ज्ञान वाला है वही भगवान है। पूर्ण ज्ञानवान एक मात्र सर्वज्ञ और वीतरागी ही है। स्वर्ग के देवता अवधिज्ञानी हो सकते हैं, पूर्ण ज्ञानी नहीं।



# जैन संस्कार शिविर के विजेता बच्चे पुरुस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** कस्बे के जैन स्थानक मे लगातार पिछले दस वर्षो से निशुल्क जैन संस्कार शिविर का भव्य आयोजन होता आ रहा है।जिसमे सैकड़ो जैन-अजैन बच्चे लाभ लेते आ रहे है। स्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा के कोषाध्यक्ष व शिविर मुख्य संचालक संजीव जैन ने बताया कि जैन संत सुदर्शन लाल महाराज के सुशिष्य राजेंद्र मुनी जी महाराज की प्रेरणा से पिछले दस वर्षो से शिविर का आयोजन लगातार होता आ रहा है। जिसमे सैकड़ो बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है इसके अलावा शिविर मे पाठ्य सामग्री जैसे बैग, पैन, कॉपी व टी शर्ट आदि भी निशुल्क दी जाती है। इस बार शिविर का आयोजन 5 जून को हुआ था जिसमे 14 को जून को शिविर का समापन हुआ। शिविर के अंतिम दिन शिविर मे भाग लेने वाले बच्चों की परीक्षा ली गयी। जो दो भागो मे हुई। जिसमे जूनियर भाग मे प्रथम सम्राट, द्वितीय अभिनव व तृतीय स्थान वंश ने प्राप्त किया व सीनियर भाग मे प्रथम राघव, द्वितीय पर्व व तृतीय स्थान वानी ने प्राप्त किया। सभी स्थान प्राप्त करने वालों बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा मे लगभग 60 से अधिक बच्चों ने भाग लिया जिसमे सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शिविर मे शिक्षिका के रूप मे मती मनाली जैन, बरखा जैन, ऐश्वरया जैन रही।समापन के दौरान जैन समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे। जिसमे मुख्य रूप से शिलचंद जैन, सतीश जैन, अमित जैन, संजीव जैन, ललित जैन, नितिन जैन, अमन जैन, हर्षित, पारस, शुभम, अनंत, रजत मौजूद रहे।



# ऑनलाइन भैंस खरीदने के नाम पर युवक से 35 हजार की ठगी

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** डिजिटल लेन-देन के इस दौर में जहां एक ओर तकनीक ने खरीदारी को आसान बना दिया है, वहीं दूसरी ओर साइबर ठग भी सक्रिय हो गए हैं। ऐसा ही एक मामला खतौली क्षेत्र के रसूलपुर कैलोरा गांव में सामने आया है, जहां एक व्यक्ति से ऑनलाइन भैंस खरीदने के नाम पर 35 हजार रुपये की ठगी कर ली गई।

बता दे कि गांव रसूलपुर कैलोरा निवासी चंद्रपाल पुत्र दाताराम ने थाना दिवस के मौके पर पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि उसने एक ऑनलाइन पर एक व्यक्ति से भैंस खरीदी थी। आरोपी व्यक्ति ने खुद को भैंस विक्रेता बताते हुए चंद्रपाल से फोन पर संपर्क किया और भरोसे में लेकर 35 हजार रुपये पेटीएम के माध्यम से मंगा लिए। पीडघ्ति ने बताया कि रुपये जमा कराने के बाद न तो भैंस भेजी गई और न ही उसके पैसे वापस किए गए।चंद्रपाल ने जब उस मोबाइल नंबर पर दोबारा संपर्क करने की कोशिश की, तो वह स्विच ऑफ मिला। कई दिन बीतने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला, जिससे उसे ठगी का एहसास हुआ। पीडित का कहना है कि ऑनलाइन भुगतान के बाद भैंस ष्पानी में चली गई जैसी स्थिति हो गई है।चंद्रपाल ने पुलिस से कार्रवाई की मांग करते हुए ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर भैंस या रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और मोबाइल नंबर के आधार पर ठग का सुराग लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीडित की तहरीर के आधार पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय गतका टूर्नामेंट में जीते पांच पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा गतका एसोसिएशन दिल्ली और सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से 12 से 14 जून तक तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय गतका टूर्नामेंट में देशभर के 18 राज्यों से 550 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में स्थानीय मीरी पीरी खालसा एकेडमी के पांच होनहार विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल पांच पदक जीतकर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम गर्व से ऊंचा किया। पदक विजेताओं में हरमन सिंह अंडर 17 सिंगल सोटी टीम इवेंट में कांस्य पदक, जशनदीप कौर अंडर 17 फरी-सोटी टीम इवेंट में रजत पदक, हरनीव कौर अंडर 19 सिंगल सोटी व्यक्तिगत इवेंट में कांस्य पदक गुर्मन्नत कौर अंडर 17 सिंगल सोटी व्यक्तिगत इवेंट में कांस्य पदक तथा फरी-सोटी टीम इवेंट में रजत पदक जीता। विद्यालय प्रबंधन ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और गुरु-शिष्य परंपरा का परिणाम है। इस उपलब्धि से विद्यालय और अफजलगढ़ क्षेत्र में खुशी की लहर है।



# गांव जसोई में बिजली आपूर्ति ठप, हाहाकार

**मुजफ्फरनगर।** बघरा ब्लॉक के गांव जसोई में शनिवार सुबह छह बजे से बिजली आपूर्ति ठप पड़ी है। तपती गर्मी में ग्रामीणों का हाल बेहाल है।

जसोई निवासी मोहित कुमार ने बताया कि ग्राम जसोई में बिजली की आंख-मिचौनी से लोग खासा परेशान हैं। आए दिन बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। शनिवार को भी सुबह छह बजे से बिजली आपूर्ति बंद रही। अन्य ग्रामीणों का कहना है कि जब इस संबंध में बिजली कर्मचारियों से बात की जाती है तो जवाब मिलता है कि वहां की मशीन खराब पड़ी है। लोगों का कहना है कि यदि मशीन खराब पड़ी है तो उसे सही कराया जाए, ताकि तपती गर्मी में लोगों को बिलबिलाना न पड़े। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समस्या का समाधान नहीं होता है तो मुजफ्फरनगर मुख्यालय पर जाकर आला अधिकारियों से इसकी शिकायत करेंगे।



# छात्रा को बहका फुसलाकर ले जाने का युवक पर आरोप

**ननिहाल में रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही थी छात्रा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** ननिहाल मे रह कर उच्चशिक्षा प्राप्त रही छात्रा जब कॉलिज से घर लौट रही थी। तभी दूसरे जनपद निवासी युवक उसे बहका फुसलाकर कहीं ले गया। अनहोनी की आशंका जताते हुए फुफेरे भाई ने पुलिस से छात्रा की बरामदगी की गुहार लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने तहरीर देकर बताया की मीरांपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी उसकी फुफेरी बहन मोरना डिग्री कॉलिंज मे पढ़ती है। बीते 26 मई को उसने अपनी फुफेरी बहन को वापस अपने घर जाने के लिए मोरना से जानसठ जा रही बस मे सवार कराया था। किन्तु छात्रा घर नहीं लौटी तथा उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया की उन्होंने छात्रा को कुलदीप निवासी गांव तजपुरा थाना बहसुमा जनपद मेरठ के साथ गयी है। आरोप है की कुलदीप छात्रा को बहका फुसलाकर प्रेमजाल मे फंसाकर कहीं ले गया।अनहोनी की आशंका जताते हुए परिजनों ने छात्रा की बरामदगी की गुहार लगाई है।पुलिस ने आरोपी कुलदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छात्रा की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दी है।

### ठंडे शर्बत की छबील लगा लोगों को दी राहत

**बुढाना।** एकता सेवा फाउंडेशन बुढाना के अध्यक्ष साहिल चौधरी के नेतृत्व में बुढाना कस्बे के मेन बाजार के चौपाल पर आज शनिवार के दिन भयंकर दुपहरी में एक मीठे शरबत की छबील लगाई गई। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से कलवा वर्मा, नितिन वर्मा, फैसल सैय्यद, राहुल वर्मा, नीरज वर्मा, अजीम सैय्यद, साकिब खान और बजरंगी वर्मा आदि लोगों ने आते जाते संेकडों राहगीरों को रोककर उनको भीषण गर्मी में ठंडा मीठा शरबत पिलाकर पुण्य कमाया। जिसमें सैकडो लोगों ने मीठे शरबत का जमकर आनंद लिया। गर्मी में मीठा शर्बत पिलाने वाले भी गर्मी भुलाकर सेवा कार्य में लगे रहे।

### विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**खतौली।** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले 265 दिवंगत यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए शनिवार को खतौली स्थित गंगनहर घाट पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर गंग नहर सेवा समिति खतौली की ओर से माँ गंगा जी की विधिवत आरती की गई और श्रद्धापूर्वक गायत्री मंत्र का पांच बार जाप कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। मां गंगा से प्रार्थना की गई कि वे सभी दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिजनों को इस असीम पीडा को सहने की शक्ति प्रदान करें। श्रद्धांजलि सभा में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, समिति के सदस्य और सैकडों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इस हृदयविदारक हादसे पर दुख जताया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, क्षेत्रधिकारी जानसठ यतेन्द्र सिंह नागर एवं थानाध्यक्ष रामराज सुनील कसाना के नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

थाना मीरापुर में पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त फुरकान पुत्र अहसान निवासी मोहल्ला मुश्तर्क, कस्बा व थाना मीरापुर को 14 जून 2025 को उसके मसकन से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। फुरकान पर पहले से ही कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, लूट व पाक्सो एक्ट सहित अन्य मामले शामिल हैं।

# सड़क निर्माण में बाधा डालने पर भड़के ग्राम प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** ग्राम पंचायत चाँदसमन में बन रही सड़क को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्राम प्रधान निर्मल प्रताप सिंह ने कुछ ग्रामीणों पर 100 मीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य में जानबूझकर बाधा डालने का गंभीर आरोप लगाया है।

ग्राम प्रधान निर्मल प्रताप सिंह ने शनिवार को थाना दिवस में तहसीलदार को शिकायती पत्र देते हुय कहा कि गांव की मुख्य सड़क लंबे समय से टूटी-फूटी पड़ी है, जिसके बीचोबीच जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

इससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव से निजात दिलाने और आवागमन को सुगम बनाने के लिए पंचायत द्वारा टीटू के मकान से घसीटू के मकान तक सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। प्रधान का आरोप है कि बीते छह माह से कुछ ग्रामीण लगातार झूठी शिकायतें कर निर्माण कार्य में अड़चन डाल रहे हैं।

परिणामस्वरूप विकास कार्य ठप पड़ा है और ग्रामीण परेशान हैं। शनिवार को आयोजित थाना/तहसील समाधान दिवस में ग्राम प्रधान निर्मल प्रताप सिंह ने तहसीलदार को शिकायती पत्र सौंपा।

उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर सड़क निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। गांव के विकास में अड़चन बनने वालों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है, ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके।

**शाह टाइम्स**
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हत्या का प्रयास करने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** झिंझाना क्षेत्र के गांव बल्हेडा निवासी ग्रामीणों ने झिंझाना पुलिस पर हत्या का प्रयास करने वाले लोगों पर कार्यवाही न करने का आरा. ेप लगाया है। उन्होने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

झिंझाना क्षेत्र के गांव बल्हेडा निवासी जितेन्द्र पुत्र राजेश ने भाजपा नेता घनश्याम पारचा, बादल गौतम के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर बताया कि गत 11 जून को रात्रि करीब 9 बजे गांव के ही सददाम व मांगा घर से बुलाकर ले गए थे। आरोप है कि रास्ते में अज्ञात लोगों के साथ मिलकर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया गया। यही नही रस्सी से बांधकर नदी के किनारे रेत में दबा दिया। परिजनों ने घर न पहुंचनक पर डायल 112 को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने जितेन्द्र को रेत से बाहर निकाला। पीडित के परिजनों ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की। वही झिंझाना पुलिस पर कोई कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है। इस अवसर पर संदीप, अंकित, प्रदीप मायूस, जितेन्द्र आदि मौजूद रहे।



# एक लाख कीमत की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** भडी भरतपुरी मोड पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार युवक से 60 ग्राम स्मेक,कांटा,पॉलीथिन सहित अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक क्षेत्र मे स्मैक बेचता था। पकडी गई स्मैक की कीमत करीब सवा लाख रूपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

चौसाना चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह शुक्रवार की देर्रात्रि यमुना बांध के भडी भरतपुरी मार्ग पर गश्त कर रहे थे और आने जाने वाले संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान एक बाइक सवार युवक को पुलिस ने रोका और पूछताछ के दौरान संदिग्ध मानते हुए तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक पॉलीथिन मे सफेद रंग का पाउडर मिला। पुलिस ने गहनता के साथ तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक इलैक्ट्रोनिक कांटा,पॉलीथिन व कट बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे लिया और चौकी लेकर आई। पूछताछ मे आरोपी की पहचान हासिम जोन पुत्र सलीम निवासी चौसाना के रूप मे हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जैल भेज दिया है। वही बरामद बाइक की जॉच की जा रही है। पुलिस का मानना है कि बरामद डीलक्स बाइक चोरी की हो सकती है।



# विमान हादसे के मृतकों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**नजीबाबाद।** अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान कैश होने तथा उसमें मारे गए ढाई सौ से भी अधिक लोगों की मृत्यु होने पर लोगों ने भारी शोक जताते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। नगर के वरिष्ठ सपा नेता मुनव्वर अली ने कहा कि यह विमान हादसा बड़ी ही दुखद घटना है। इस घटना में काफी संख्या में लोग मारे गये हैं। उन्होंने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। नगर के सपा नेता शहजाद अंसारी ने भी विमान हादसे पर भारी दुख जताया। उन्होंने सभी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तहसील के ग्राम सभाचंदपुर भरैका में शोकसभा में संदीप आर्य, राजकुमार कश्यप, चौ. विदेश पाल, सुरेंद्र कश्यप, मौहल्ला कासिम अली, राजन कश्यप, चौधरी अंकित कुमार, गौरव कश्यप, लाला धीर सिंह, अमित कश्यप, जितेन्द्र ने शोक जताया।

# चयनित पुलिस अभ्यर्थी लखनऊ के लिए रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक ने चयनित पुलिस अभ्यार्थियों को पुलिस लाईन से लखनऊ के लिए रवाना किया। उन्होने 824 अभ्यार्थियों को 19 बसों में बैठाना रवाना किया।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के अभिभावकत्व में 60,244 नव चयनित आरक्षीयों के नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम 15 जून को जनपद लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा। निष्पक्ष पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के जरिए चयनित 60,244 आरक्षी विश्व के सबसे बडे पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे।

इन नव चयनित आरक्षियों में से जनपद शामली से चयनित 651 पुरुष अभ्यर्थियो व 173 महिला अभ्यर्थियों कुल 824 अभ्यर्थी को पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। क्षेत्राधिकारी कैराना श्याम सिंह के नेतृत्व में 19 बसो में बैठाकर अभ्यार्थी जनपद लखनऊ में आयोजित होने वाले समारोह के लिए प्रस्थान कराया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एएसपी संतोष कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसपी व नायब तहसीलदार ने सुनी लोगों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना समाधान दिवस पर एसपी व नायाब तहसीलदार ने जन समस्याओं को सुना, जिसके बाद सम्बंधित अधिकारियों को समस्या का निस्तारण करने के आदेश दिए।

शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर नायाब तहस. ीलदार ऊन रविन्द्र सिंह एवं थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा क्षेत्र के लोगों की समस्या को सुना गया। जिसमें जन समस्याओं के निस्तारण को लेकर प्रार्थना पत्र दिए गए। दोपहर के समय एसपी राम सेवक गौतम भी थाना समाधान दिवस में पहुंचे। एसपी ने निर्देश दिए कि थाना समाधान दिवस पर जो भी पीड़ित अपना प्रार्थना पत्र लेकर आता है उसको सुनकर मौके पर जाकर सही जांच कर समाधान करें, जिससे पीड़ित संतुष्ट हो सके। समाधान दिवस पर चार शिकायत आई, जिसमें दो राजस्व संबंधित एवं दो पुलिस संबंधित थी, जिनके निस्तारण हेतु संबंधित लेखपाल एवं उपनिरीक्षक को भेजा गया है। गांव दरगाह पुर ग्राम प्रधान सविता द्वारा गांव के नितिन उर्फ लीलू पर गांव में खाद के ग्ग्ोंं पर जबरन किए गए कब्जे को हटवाने की मांग की।



झिंझाना



**थानाभवन।** थाना भवन थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन नायब तहस. ीलदार उमेश त्यागी की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न गांवों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें अधिकतर मामले भूमि विवाद, चकरोड पर अवैध कब्जे तथा आपसी रंजिश से संबंधित रहे।नायब तहसीलदार उमेश त्यागी ने एक-एक करके सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भूमि विवाद से जुड़ी तीन प्रमुख शिकायतों पर हल्का इंचार्ज को त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए गए।

उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान राजस्व विभाग के अधिकारी, पुलिसकर्मी तथा स्थानीय प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित रहे। समाधान दिवस के माध्यम से जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास सराहनीय रूप से किया जा रहा है।

# थाना समाधान दिवस में प्राप्त हुई चार शिकायतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना समाधान दिवस में तहसीलदार अर्जुन चौहान व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने जनसमस्याएं सुनी।

शनिवार को कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार अर्जुन चौहान ने की।

इस दौरान राजस्व मामलों से सम्बंधित 4 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से दो का ही मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

जबकि शेष शिकायती-पत्रों को शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। तहसीलदार ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए है। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना समाधान दिवस में चार शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

# शिविर में विभिन्न योगासन की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्रीड़ा भारती द्वारा शामली राइफल क्लब पर आयोजित 11 दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ सुधीर कुमार राणा ने किया। योग प्रशिक्षक मनोज शर्मा ने साधकों को सूर्य नमस्कार के पश्चात भुजंगासन, शलभासन, त्रिकोणासन, पवनमुक्तासन, धनुरा. सन, वृक्षासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी का अभ्यास कराया। योग प्रशिक्षक ने धनुरासन के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह आसन पीठ की मांसपेशियों को मजबूत करता है और पीठ दर्द को कम करने में मदद करता है। धनुरा. सन पेट के अंगों को उत्तेजित करता है जिससे पाचन में सुधार होता है और कब्ज में राहत मिलती है। यह आसान तनाव और चिंता को काम करने में भी मदद करता है। धनुरासन रीढ़, कंधों और कूल्हों के लचीलेपन को बढ़ाता है। यह आसान पूरे शरीर में रक्त के संचार को बेहतर बनाता है। यह आसन पेट की मांसपेशियों को मजबूत करता है और पेट की चर्बी को कम करने में मदद करता है। इसको करने से मान. सिक शांति की प्राप्ति होती है। योग शिविर में क्रीड़ा भारती मेरठ प्रांत संपर्क प्रमुख मुकेश चौधरी, उमेश भार्गव, शिवम मलिक, अंकुर पाल, कृष्णा राणा, बोबी, मनस्वी, रिया, देवांश, दिव्यांश, अक्षज, वरद. राजन प्रताप सिंह, मयंक मलिक आदि उपस्थित रहे।



# श्रमिक बोर्ड माह सितम्बर तक खुला रहेगा

**शामली।** उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लखनऊ के पत्र के क्रम में सहायक श्रमायुक्त, शामली अचला पाण्डेय ने अवगत कराया गया कि बोर्ड का वेबपोर्टल जो 9.2.2024 से बन्द होने के कारण ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जो ससमय नवीनीकरण एवं योजना आवेदन नहीं कर पाए तथा योजनान्तर्गत प्रावधानित समय-सीमा वेबपोर्टल बन्द होने के कारण समाप्त हो गई, उन्हें वेबपोर्टल संचालित होने के उपरान्त नवीनीकरण एवं योजना आवेदन करने हेतु माह मार्च-2025 तक छूट प्रदान की गई थी। उपर्युक्त क्रम में अवगत कराना है कि उक्त छूट समाप्त हो जाने के उपरान्त विभिन्न जनपदीय अधिका. रियों द्वारा उक्त अवधि को विस्तावित किए जाने का अनुरोध किया गया। अभी भी कई ऐसे श्रमिकध्आवेदनकर्ता है, जो कि विभिन्न कारणों जैसे श्रमिक पंजीयन में त्रुटि होने, पारिवारिक विवरण फीड न होने, जन्म मृत्यु सर्टिफिकेट न होने, नवीनीकरण न होने, आधार सत्यापन न होने, आवश्यक अभिलेख उपलब्ध न होने, जानकारी का अभाव होने जैसे कारणों से उक्त छूट का लाभ नहीं ले पाए हैं। अत: श्रमिक हित में बोर्ड कार्यालय द्वारा उक्त छूट को माह सितम्बर-2025 तक विस्तारित करते हुए बोर्ड के वेबपोर्टल पर निम्नलिखित व्यवस्था करा दी गई है। 1. बोर्ड द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के अन्तर्गत आवेदन किए जाने में योजनाओं के अन्तर्गत समय-सीमा से संबंधित सभी पैरामीटर्स में माह सितम्बर-2025 तक की छूट प्रदान किए जाने की व्यवस्था वेबपोर्टल पर करा दी गई है। 2. श्रमिक पंजीयन नवीनीकरण में माह सितम्बर-2025 तक छूट प्रदान किए जाने की व्यवस्था वेबपोर्टल पर करा दी गई है।

# अनुसूचित वर्ग की समस्याओं पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ कार्यकारिणी की बैठक प्रोफेसर सुधीर पंवार के भैंसवाल स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमे योगी सरकार मे अनुसूचित जाति के व्यक्तियों विशेषकर युवाओं के समक्ष आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई।

प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार में जातिवाद चरम पर है। जिसके कारण अनुसूचित जाति को उनके संवैधानिक अधिक. ारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की आधी से अधिक सरकारी नौकरियों पर नियुक्ति आउटसोर्सिंग व संविदा पर कर दी गई जिससे नौकरियों में दलितों का आरक्षण समाप्त हो गया है। समा. जवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सलेक चंद में कार्यकारिणी के सदस्यों को बताया कि कांशीराम आवासों में रह रहे अनुसूचित जाति एवं दलितों को जीवन की मूल सुविधाओं बिजली,पानी एवं शौचालय से वंचित किया गया है। इस सम्बंध में समा. जवादी पार्टी अनुसूचित प्रकोष्ठ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया था तथा एक सप्ताह मे पूरा न होने पर धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि ज्ञापन देने के बाद वहां पर कुछ सफाई कार्य तो शुरू हुआ है लेकिन बिजली पानी स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिसके कारण अनुसूचित जातियों में सरकार के प्रति नाराजगी है। कार्यकारिणी ने निर्णय लिया है एक सप्ताह पूरा होने के बाद सपा प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिलेगा तथा अगले कार्यक्रम की घोषणा करेगा। इस अवसर पर राजेन्द्र डायरेक्टर, सावन जयंत, अरविंद झंझोट, सतवीर सिंह, मास्टर सतीश, राममेहर, अनिल कोरी आदि मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने मीठा शर्बत वितरित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** चिलचिलाती धूप ओर गर्मी से राहत पाने के लिए एवं इंद्र देवता को प्रसन्न करने के लिए व्यापारियों द्वारा मेन बाजार में मीठा शरबत पिलाया, जिसमें राहगीरों एवं कस्बे वासियों ने मीठे शरबत से अपनी प्यास बुझाई तो वहीं बारिश को लेकर भगवान से भी प्रार्थना की। व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद संगल, राहुल प्रेमी सहित समस्त व्यापारियों का सहयोग रहा।

# मंडी समिति के सामने बना नाला कूड़े से लबालब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन द्वारा चलाए जा रहे नाला सफाई अभियान की जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है। कस्बे की कृषि उत्पादन मंडी समिति के सामने बना मुख्य नाला पूरी तरह से कूड़े-कचरे, प्लास्टिक और गंदगी से अटा पड़ा है, जिससे नालों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे न केवल राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि मंडी में आने-जाने वाले किसानों और व्यापारियों की आवाजाही भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

स्थानीय निवासी कुलदीप ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत सिर्फ कागजों में सफाई दिखा रही है, हकीकत ए है कि नालों की महीनों से सफाई नहीं हुई। हर बार केवल जेस. ीबी चलाकर खानापूर्ति कर दी जाती है। सरस्वती विहार कॉलोनी निवासी नवीन ने बताया कि मंडी समिति के सामने जलभराव की वजह से ट्रैक्टर और रेहड़ी चालकों को रोजाना परेशानी होती है।कई बार लोग फिसल चुके हैं, लेकिन प्रशासन की नींद नहीं टूटती।नीरज कुमार का कहना है कि बीते सप्ताह हुई बारिश में नालों के चोक होने से सारा पानी सड़क पर भर गया था। ्अब तो मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। हमने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं निकला,् उन्होंने कहा।स्थानीय लोगों ने मांग की है कि नगर पंचायत इस गंभीर समस्या का तत्काल संज्ञान लेते हुए नालों की सफाई करवाए और भविष्य में नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस विषय में अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा ने बताया कि नगर में नाला सफाई अभियान चल रहा है। कुछ स्थानों पर दुकानदारों द्वारा नालों के ऊपर स्लैब डाले जाने से सफाई में दिक्कत आ रही है। शीघ्र ही इन स्लैबों को हटवाकर नालों की पूरी सफाई कराई जाएगी। फिलहाल, कस्बे के हालात बताते हैं कि नगर पंचायत की ओर से केवल कागजी कार्यवाही नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई की जरूरत है।



# हनुमान धाम पर शिविर में दिया गया योग प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला, हनुमान धाम शामली पर योग साधना केंद्र हनुमान धाम के तत्वाधान में गत 21 मई से चल रहे योग शिविर में शनिवार को बच्चों को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया। हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी ने बताया कि यह योग साधना शिविर गत 21 मई से प्रारंभ होकर आगामी 30 जून तक 40 दिवसीय चलेगा।

योग साधना शिविर में दर्जनों बच्चे प्रतिभाग कर रहे है, जिनको प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जा रहा है। इस योग शिविर में हनुमान धाम की योगाचार्य प्रिया भट्ट के द्वारा निशुल्क योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है

## एक नजर

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में किशोर समेत दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे में दो अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक किशोर व बालक घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शनिवार को कस्बे के मुख्य पानीपत-शामली मार्ग पर स्थित मदरसे के निकट कुछ लोग सड़क के किनारे प्याऊ लगाकर राहगीरों को मीठा पानी पिला रहे थे। नगर के मोहल्ला गुलशन नगर निवासी भूरे का सात वर्षीय पुत्र अरम प्याऊ पर पानी पीने के बाद सड़क क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान वह पानीपत की ओर से आई पंजाब रोडवेज की तेज रफ्तार बस की चपेट में आकर घायल हो गया। घायल बालक को कस्बे के तीतरवाड़ा मार्ग पर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे डिस्चार्ज कर दिया। वहीं, मामले की सूचना पर कस्बे की इमामगेट चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानक. ारी हासिल की। हालांकि बाद में घायल बालक के परिजनों ने आरोपी बस चालक के खिलाफ किसी भी कानूनी कार्यवाही से इनकार कर दिया। दूसरा मामला कस्बे के तीतरवाड़ा चुंगी पर घटित हुआ। हरियाणा के बापौली निवासी 13 वर्षीय मयंक कांधला क्षेत्र के गांव डून्डूखेडा में अपने मामा के यहां आया हुआ है। शनिवार को वह अपनी माता के साथ में ई-रिक्शा में सवार होकर कैराना आया था। जैसे ही वह तीतरवाड़ा चुंगी पर ई-रिक्शा से नीचे उतरे, तभी पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने बालक मयंक को टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर से मयंक घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक बाइक समेत मौके से फरार हो गया। घायल बालक को पास में ही स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद चिकित्सक ने किशोर को डिस्चार्ज कर दिया।

### एमएलसी से बिडौली के भगवान परशुराम चौक पर सांकेतिक बोर्ड लगवाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ब्राह्मण समाज के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा वर्तमान एमएलसी एवं अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक धर्मेन्द्र भारद्वाज से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर बिडौली के भगवान परशुराम चौंक पर शासन से सांकेतिक बोर्ड लगवाए जाने की मांग की। अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव अशवनी शर्मा सींगरा के नेतृत्व में युवाओं ने मुलाकात कर बिडौली के भगवान परशुराम चौंक पर शासन से सांकेतिक बोर्ड लगवाए जाने की मांग उठाई। ब्राह्मण नेता अशवनी शर्मा ने बताया कि जनपद में समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई है। जल्द ही सहारनपुर मण्डल में सभी जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर संगठन विस्तार करने का काम किया जाएगा। जनपद में भगवान परशुराम चौक बनने से युवाओं में अथाह उत्साह है। खादर क्षेत्र में लड़कियों के लिए डिग्री कालेज बनवाए जाने को लेकर भी चर्चा हुई। जल्द ही बेहतर परिणाम मिलेंगे। इस दौरान अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के युवा-राष्ट्रीय अध्यक्ष चिन्मय भारद्वाज, अशवनी कौशिक हथछोया, गौरक्षा सभा के जिलाध्यक्ष वीशू शर्मा ऐरटी, सोनू शर्मा रामडा, सुमित शर्मा एडवोकेट, सूरज शर्मा चंदेना, सौरव शर्मा जलालपुर, गौतम दिक्षित खानपुर सहित दर्जनों युवा मौजूद रहे।

### मुंशी इरफान के बीमार होने से लोग चिंतित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** निकटवर्ती ग्राम मुबारकपुर कल्हेड़ी के निवासी लगभग 93 वर्षीय हाजी मुंशी इरफान साहब के बीमार होने से हजारों लोग चिंतित हो गए हैं। मदरसा इस्लामिया के प्रबंधक एवं हजरत शाह विलायत उर्स कमेटी के वरिष्ठ सदस्य हाजी मुंशी इरफान पिछले लगभग एक सप्ताह से बीमार चल रहै हैं। परिजन एवं परिचित मुंशी जी को सबसे पहले नजीबाबाद के पूजा हॉस्पिटल में लेकर गए, पूजा हॉस्पिटल वालों ने मरीज को देहरादून के इंद्रेश हॉस्पिटल के लिए रैफर कर दिया। तबीयत में थोड़ा सुधार होने पर उन्हें गांव लाया गया, मगर दोबारा फिर तबीयत खराब होने पर उन्हें मेरठ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां से मुंशी जी को दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया है। फिलहाल मुंशी जी का इलाज दिल्ली के अस्पताल में चल रहा है। देश भर में उनके चाहने वाले मुंशी जी के जल्द से सेहतयाब होने की दुआ कर रहे हैं। गौरतलब है कि मुंशी इरफान साहब सूफी शाह वजीर के मुरीद हैं, इसके अलावा गांव में सिर्फ दूसरे मुरीद मरहूम हाजी अनवर अहमद अंसारी (पूर्व ग्राम प्रधान) थे। हाजी अनवर अहमद का पिछले साल लगभग 92 साल की उम्र में इंतकाल है गया है।

**वैवाहिक**

अग्रवाल, विधुर, 47 वर्षीय दो बेटे (21 व 18 वर्षीय) ग्रेजुएट, अपना व्यवसाय के लिये घरेलू वधू चाहिये (जाति बन्धन नहीं) 9810558702

### शिशु मंदिर में नेत्र जांच शिविर आज

**नहटौर।** हिमालयन अस्पताल जौली ग्रांट देहरादून की ओर से रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर नहटौर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर रविवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे आयोजित होगा।

# समाधान दिवस पहुंचे मात्र तीन फरियादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना प्रांगण में आयोजित समाधान दिवस में मात्र तीन फरियादी ही अपनी राजस्व सम्बन्धी समस्या लेकर पहुंचे। दिवसाधिकारी थाना प्रभारी चन्द्रसेन सैनी ने समस्याओं के निस्तारण हेतु हल्का लेखपाल को निर्देशित किया।

शनिवार को आयोजित समाधान दिवस के मौके पर थाना प्रांगण में पहुंचे तीनो फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को दिवसीय अधिकारी के समक्ष रखा। समाधान दिवस में पहुंचे तीनों फरियादीयों की समस्याएं राजस्व सम्बन्धी खेत पर कब्जा, चकरोड़ पर कब्जा कर खेत में मिलाये जाने व पैमाईश कराये जाने की रही।

दिवसाधिकारी थाना प्रभारी चन्द्रसेन सैनी ने संबन्धित लेखपाल को मौके पर जाकर जांच कर समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। समाधान दिवस में एसआई श्याम सिंह सैनी, सतीश कुमार, राज. कुमार साहरण व क्षेत्रीय लेखपाल शाईस्ता राव, अमित कौशिक, मायातीत पाठक, प्रदीप गुप्ता, नेत्रपाल सिंह, ऋचा उपाध्याय व पंचायत कर्मी तनवीर अहमद आदि मौजूद रहे।




**बेहट।** माह के दूसरे शनिवार को थाना कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह की अध्यक्षता में थाना दिवस आयोजित किया गया जिस में मे पहुंचे फरियादियों की शिकायते सुनी। इस दौरान कुल 6 शिकायत दर्ज की गई जिनमें से एक शिकायत का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह ने अधीनस्थ कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी जो शिकायते दर्ज हुई है उनको मौके पर जाकर निस्तारण करे । और कोतवाली में शिकायते लेकर आने वाले फरियादियों से अच्छा व्यवहार करे। जमीन पर कब्जे से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग के कर्मचारियों को साथ लेकर निस्तारण करे। थाना दिवस मे पूर्व में आई शिकायतों की भी समीक्षा की गई।इस दौरान एस एस आई प्रेम सिंह एस आई , अजब सिंह तोता राम इलयास अहमद अजयवीर सिंह के अलावा रजिस्ट्रार कानूनगो गुफरान अहमद लेखपाल सुन्दर लाल आसिफ अली पंकज चौहान आदि कर्मचारीगण मौजूद रहे।



# 3 महीने का वेतन दिलवाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** दिल्ली-देहरादून नेशनल हाइवे का नया निर्माण कर रही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की कार्यदाई संस्था ने रात्रि में सुरक्षा के लिए स्थानीय लोगो को गार्ड के रूप में रखा हुआ है। जिन्होने शनिवार को थाना परिसर में इकट्ठा होकर पिछले 3 महीने से तनख्वाह नहीं देने का आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक से गरीबों की मेहनत का पैसा शीघ्र दिलाने की मांग की है।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के निर्माण के दौरान कार्यस्थलों पर रात्रि में सुरक्षा व्यवस्था में लगाएं गए स्थानीय लोगों में शामिल सरदार महीपाल सिंह, कीरतसिंह, रामकुमार व भरतसिंह आदि ने बताया कि रातभर गरीब मजदूरो ने अपने परिवार के पालन पोषण की खातिर कार्यदाई संस्था पवन कुमार प्राइवेट लिमिटेड मे रोजगार के लिए रात्रि सुरक्षा गार्ड की नौकरी की, लेकिन पिछले तीन महीने से तनख्वाह ही नहीं मिली जिससे गरीबों को घर का चूल्हा-चौका चलाने मे परेशानी हो रही है। आज शनिवार को करीब आठ दस गार्ड जिसमें मुख्य रूप से महीपाल सिंह, भरतसिंह, सतीश कुमार, सेवाराम, किरतसिह, यशपाल, राजपाल, रामकुमार, वेदपाल आदि बिहारीगढ़ थाना परिसर मे एकत्रित हुए और थाना प्रभारी जावेद खान से पवन कुमार लिमिटेड कम्पनी से उनकी पिछले तीन महीने की रोकी गई तनख्वाह दिलाने की मांग की। जिससे उनकी रोजमर्रा की जिन्दगी चलती रहे। इस सम्बन्ध में पूछने पर कम्पनी के कथित सिक्योरिटी ठेकेदार ने तर तराते हुए बताया कि पिछले तीन महीने से गार्डों को तनख्वाह के भुगतान में जरूर समस्या आ रही है जल्दी ही इन सभी लोगों को भुगतान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** गश्त व चेकिंग के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो चोरी की बाइक, एक तमंचा, एक छुरा, जिंदा कारतूस व 2350 नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार युवक हरियाणा के निवासी हैं।

थाना प्रभारी निरीक्षक अविनाश गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शुक्रवार को ईदगाह के पास चेकिंग के दौरान तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरो. पियों ने अपने नाम सूरज उर्फ गोलू पुत्र नरेश, सहाब सिंह उर्फ अरुण पुत्र रमेश और धर्मेंद्र पुत्र सुरेश बताए। तीनों ग्राम जोड़िया, थाना फरखपुर, यमुनानगर के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार बरामद बाइक में से एक स्प्लेंडर प्लस पहले से चोरी की रिपोर्ट में दर्ज है। जबकि दूसरी बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगी मिली। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। साथ ही 2350 की बरामदगी को एक पुराने मुकदमे से जोड़ते हुए धारा 411 में बढ़ोत्तरी कर जांच शुरू की गई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे बाइक पर घूमकर राह चलते बुजुर्गों को घर छोड़ने का बहाना बनाकर अपनी बातों में उलझा लेते थे तथा मौका मिलते ही उनकी जेब से नकदी उड़ा लेते थे।

पूर्व में नकुड़ के होली चौक से एक बुजुर्ग से 68,000 की चोरी करने की बात भी उन्होंने कबूल की।

## रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र किए प्रदान

**गंगोह।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी के आदेश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वैच्छिक रक्तदान का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राकेश सैनी आर्य ने फीता काट कर किया। मुख्य अथिति ने सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। सी एच सी प्रभारी डॉ रोहित वालिया ने सभी को रक्तदान के बारे समझाया और जानकारी दी सभी को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। शहीद भगत सिंह चैरिटेबल ब्लड सेंटर गंगोह द्वारा रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर अनमोल, रवि, सुमित, शशांक, अमरीश, सुनील, दर्पण, विनय, ओजस्वी आदि मौजूद रहे।

# शिविर में 20 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** मनकामेश्वर मंदिर में आज विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर युथ फाउंडेशन वेलफेयर सोसाइटी और भाजपा महिला मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह आयोजन रक्तदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने में सफल रहा।

युथ फाउंडेशन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष कवलजीत सिंह लूथरा ने कहा, ष्रक्तदान एक महान कार्य है, जो न केवल दूसरों की जान बचाता है, बल्कि दाता के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। यह हार्ट अटैक के जोखिम को कम करता है।ष उन्होंने सभी से नियमित रक्तदान की अपील की। भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कविता अरोड़ा ने अपने बयान में कहा, रक्तदान एक सामाजिक दायित्व है। इस तरह के आयोजन समाज में जागरूकता फैलाते हैं और लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। हम सभी को मिलकर इस पुण्य कार्य को बढ़ावा देना चाहिए। शिविर में सभासद ममता, पूनम रानी, नेहा जैन, नीतू महेश्वरी, उषा राठौर, नीतू राणा, छाया, संगीता, सविता, बबीता शर्मा, मांगेराम सैनी, निहाल, गौरव, कमलजीत लूथरा, अमनदीप कौर सिद्धू, विनय, अश्वनी, हिमांशु, संयम अरोड़ा, तुषार संडीले, रजत सैनी और प्रिया उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया। यह शिविर सामाजिक एकता और सेवा का प्रतीक बना। युथ फाउंडेशन वेलफेयर सोसाइटी ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने का वादा किया, ताकि अधिक लोग रक्तदान के लिए प्रेरित हों।




# डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** शनिवार शाम कस्बे के नागल टपरी मार्ग पर गांव भाटखेड़ी के निकट डीसीएम के टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया। घायल को अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक युवक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना देवबंद के गांव अमरपुर नैन निवासी अरुण कुमार 25 पुत्र कंवरपाल अपने साथी साकिब के साथ कस्बे के नागल टपरी मार्ग होते हुए सहारनपुर जा रहे थे। शाम करीब 6 बजे जैसे ही वह गांव भाटखेडी के निकट पहुंचे तो सामने से आ रही एक डीसीएम ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटना में अरुण की मौके पर ही मौत हो गई। साकिब गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद सिंह ने बताया कि मृतक युवक अरुण के शव को कानूनी कार्यवाही के लिए पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। पीड़ित की ओर से तहरीर आने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# खबर का असर, सड़क निर्माण कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** गांव अंबोली से घ्याना मार्ग पिछले कई वर्षों से बदहाली का दंश झेल रहा था, ग्रामीणों के रोष को देखते हुए शनिवार को शाह टाइम्स न्यूज पेपर में खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।खबर का असर हुआ ओर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में आते ही शनिवार को ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है।

बता दें कि तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र के गांव अंबोली से घ्याना मार्ग खस्ताहाल में होने के कारण लोगों को उस मार्ग से गुजरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जिसको लेकर ग्रामीणों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के प्रति रोष पनप रहा था।इसके अलावा आगामी श्रावण माह में गांव में स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में हजारों श्रद्धालु महादेव का जलाभिषेक करने के लिए पहुंचेंगे उसको लेकर भी गांव के सम्मानित व्यक्ति चिन्तित थे क्योंकि बदहाली से जूझ रही सड़क दुघर्टनाओं की ओर संकेत कर रही थी। ग्रामीणों के रोष को देखते हुए खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया।खबर का असर हुआ ओर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा मार्ग पर शनिवार को ही आधुनिक मशीनों द्वारा सड़क निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने पर पण्डित शुभम वत्स, राहुल त्यागी व ग्रामीणों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि सड़क का निर्माण होने से ग्रामीणों को राहत मिलेगी और हजारों श्रद्धालु महादेव पर सुगमता से जलाभिषेक करने के लिए पहुंच सकेंगे।




# हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे तीन आरोपी पकड़े

**सहारनपुर।** थाना नानौता पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

26 सितम्बर 2024 को वादी सुमित कुमार पुत्र रामपाल निवासी ग्राम साढौली थाना रामपुर मनिहारान ने थाने में लिखित तहरीर देकर बताया था कि आरोपियों जयपाल पुत्र सरजीत, मुकेश पुत्र प्रेम व बाबू पुत्र सतपाल निवासीगण ग्राम साढौली थाना रामपुर मनिहारान ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। आज थाना नानौता पुलिस ने वरिष्ठ उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह व उपनिरीक्षक धीरज सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में नामजद वांछित आरोपियों जयपाल पुत्र सरजीत, मुकेश पुत्र प्रेम व बाबू पुत्र सतपाल निवासीगण ग्राम साढौली थाना रामपुर मनिहारान को ग्राम साढौली के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए आरो. पियों ने बताया कि 26 सितम्बर 2024 को हम तीनों का गांव के ही एक व्यक्ति के साथ जमीन को लेकर विवाद हो गया था जिसमें हम तीनों की सुमित के साथ कहासुनी एवं मारपीट हो गई थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# रक्तदान महापुण्य का कामः पंकज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्त की कमी को दूर करने के उद्देश्य से फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा आज जनपद में 2 जगह, पहला जिला अस्पताल ब्लड बैंक और दूसरा बालाजी चैरिटेबल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में खासकर युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमे 102 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कुछ रक्तदाता स्वास्थ्य जाँच में अयोग्य पाए गए, जिन्हें भविष्य में दान के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह रक्तदान शिविर इस भीषण गर्मी के समय में विश्व रक्तदाता दिवस पर जनपद के रक्तदाताओ के लिए एक मिशाल बन चुका है। भीषण गर्मी में लोगों का उत्साह दिखाता है कि क्षेत्र का हर वर्ग समाज सेवा के लिए तैयार है। ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज कुमार पाँचाल ने बताया कि हमारा मिशन सहारनपुर को "100: स्वैच्छिक रक्तदान वाला जनपद" बनाना है। आज का शिविर इस दिशा में एक मजबूत कदम है। रक्तदान करने से न तो शरीर कमजोर होता है, न ही कोई नुकसान। यह एक पुण्य का काम है। रामपुर तहसील ब्लड मोटिवेटर अभयराज चौधरी ने बताया कि एफ.बी.डी. समाज को रक्तदान करने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है। रक्तदान कोई भी कर सकता है, बस जरूरत है हौसले की। आओ, हर 3 माह में रक्तदान करें और समाज को जीवन दान दें। वरिष्ठ संरक्षक दिनेश वर्मा ने जोर देकर कहा कि रक्तदान वह महादान है जिसका कोई विकल्प नहीं। यह रक्त केवल मनुष्य के शरीर से मिल सकता है, फैक्ट्री से नहीं। आज के शिविर में एकत्रित रक्त थैलेसीमिया के मरीजों, दुर्घटना पीड़ितों और प्रसूताओं की जान बचाएगा। रक्तदान शिविर में विनीत रामपाल, नमित रामपाल, कुलबीर चौहान, मौ. सावेज, अनिता शर्मा, नीरू सिंह, अमन वर्मा, योगेश पंवार, सोनिया कपूर, मंजू अरोड़ा, नंदिनी बाठला, पारस अरोड़ा, विशाल राणा, अभिषेक डागा आदि ने भाग लिया।



## छबील लगाई

**सहारनपुर।** भीषण गर्मी के चलते पिछले कुछ दिनों से महानगर में विभिनन सामाजिक संगठनों, संस्थाओं तथा समाजसेवियों द्वारा छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शरबत पिलाने का काम जारी है।

इसी कड़ी में आज मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव ने छबील लगाकर राहग. ीरों को मीठा शरबत पिलाया। कुछ मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव ने मिलकर तिकोनी कोठी के पास छबील लगाकर राहगीरों को मीठा पानी पिलवाया। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि वे सभी मिलकर पिछले 5 वर्षो से जून माह में छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शरबत पिलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी भीषण गर्मी में लोगों को मीठा पानी पिलाकर उन्हें जो सुकून मिलता है हमें बहुत अच्छा लगता है। इस कार्यक्रम में सतवीर चौधरी, शिवम् तनेजा, शुभम बठला, सलमान, मनोज कुमार, वरुण शर्मा, दीपक त्यागी, शुभम शर्मा मौजूद रहे।

# राहगीरों को वितरित किया कढ़ी चावल



**चिलकाना।** भयंकर गर्मी के चलते एकता जनसेवा समिति तथा ऐके प्रॉपर्टी डीलर की तरफ से राहग. ीरों को शीतल जल पिलाया गया एवं कढी चावल का प्रसाद वितरित किया गया।

शनिवार को सुल्तानपुर बाईपास रोड पर समिति के तत्वाधान में छबील लगाकर राहगीरों को शीतल जल का वितरण किया गया। इस दौरान राहगीरों को कढ़ी चावल का प्रसाद भी वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति संरक्षक बालकृष्ण शर्मा तथा कुलदीप तोमर ने किया।

इस दौरान मास्टर संदीप कुमार, सुखदेव सिंह, श्याम कुमार सैनी, डॉ. दीपक सैनी, इंतजार बेग, आकाश काशी, संजय कुमार, अजय सैनी, रविकुमार, संदीप तोमर, अनिल तोमर, आयुष, सतीश नोटियाल, मनोज कुमार, अनुज कुमार, ऋतु तोमर, सरिता तोमर आदि रहे। उधर गांव कतला, पटनी, धोलाहेडी, पठेड, पटना, सुल्तानपुर, बडगांव आदि में भी लोगों को शीतल जल वितरित किया गया।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र नवीन चौधरी व पुत्रवधू श्रीमति सावित्री को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**बलदेवराज चौधरी पुत्र खजान सिंह निवासी ग्राम नंबर 10/10, लेबर कालोनी, थाना कुतुबशेर, जिला सहारनपुर।**

# सड़क हादसे में दो भाईयों की मौत, कोहराम

## अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकरा कर पलटा, एक अन्य युवक भी गंभीर घायल







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव पैजनियां के निकट रेल के पहिए लेकर जा रहा एक ट्रक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया और गहरे गड्ढ़े में पलट गया। जिसमें दो भाईयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल व घायल को भी उपचार के लिए भेजा।

बिजनौर-मुरादाबाद हाईवे स्टेट मार्ग के निकट रेल के पहिए लेकर जा रहा एक ट्रक नूरपुर से बिजनौर की ओर जा रहा था। पुलिस के अनुसार शुक्रवार की देर रात करीब दो बजे गांव पैजनियां के निकट मनोज कुमार त्यागी के पावर कोल्हू के पास ट्रक किसी वाहन को ओवरटेक करते हुए अनियंत्रित सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से टकराकर गहरे गड्ढ़े में पलट गया। ट्रक में सवार कुलवंत सिंह का करीब 45 वर्षीय पुत्र गिरवेल सिंह, उसका भाई गुरजंट सिंह निवासी फतेहाबाद अमृतसर, पंजाब की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गोपी पुत्र रिशन उम्र करीब 35 वर्ष निवासी खेला, थाना फतेहाबाद, अमृतसर, पंजाब गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जबकि घायल को भी उपचार हेतु भेजा। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# विमान हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत के श्री शिव मंदिर धर्मशाला में आज अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वालों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा में दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

इस दु:खद हादसे को देश और विश्व के लिए एक बड़ा आघात बताते हुए, वक्ताओं ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपानी के निधन को अपूरणीय क्षति करार दिया। सभा में सरकार से विमानों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग उठी, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को होने से पूरी तरह रोका जा सके।

इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र सैनी, विकास गुप्ता, रजत राणा, ममता शर्मा, सरिता त्यागी, भूपेंद्र शर्मा, राज. ेश राणा, अंकित वर्मा, अर्जुन राणा, विकास राणा, सुशील चौधरी, नरेश त्यागी, हेमंत सैनी, रोहित सैनी, दक्ष बंसल, रोहित राणा, आदेश सैनी, गगन वर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पदाधिकारियों को संगठन की सौंपी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ (रजि) के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुधीर राजपाल की संस्तुति पर देवबंद इकाई का गठन किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन एवं सफाई कर्मचारियों के हित में सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

वाल्मिकी बस्ती स्थित धर्मशाला में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से देवबंद इकाई का गठन हुआ। इसमें आशुतोष संरक्षक, सुनील झंझरवाल अध्यक्ष, अविनाश प्रधान वाल्मिकी महामंत्री, राजेश टॉक, सुनील मुआने, मोबीन अहमद, गौतम, अंजू देवी उपाध्यक्ष, संजू पिवाल, अशोक पिवाल, मनीष चावरिया, गीता देवी, कौशल देवी मंत्री, रोबिन शैंकी, रोहित सूद, कृष्णा देवी कोषाध्यक्ष, सुधीर मीडिया प्रभारी, कुलदीप लेहरी कानूनी सलाहकार और मास्टर राजेंद्र व राहुल वाल्मिकी को मुख्य सलाहकार पद की जिम्मेदारी दी गई।



संरक्षक आशुतोष व अध्यक्ष सुनिल झंझरवाल ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वह पूरी निष्ठा के साथ पालन करेंगे। इस मौके पर भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, सभासद अर्जुन सिंघल, कुलदीप सैनी आदि का संगठन द्वारा स्वागत भी किया गया। सतीश लहरी, सुनील सूद, शुभमद सूद, अनिकेत सूद, कमलेश देवी, सुनीता देवी, ममता देवी, वंदना, नेहा, रेखा आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली पुलिस ने जानी से दो महिलाओं को उठाया

**जानी खुर्द।** शनिवार की सुबह जानी खुर्द में दिल्ली पुलिस ने छापा मारकर दो महिलाओं को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी पुलिस के अनुसार जानी खुर्द निवासी शिल्पी व अर्जना दिल्ली के मॉडल टाउन में दिल्ली निवासी अनिल के यहां नौकरी करती थी कुछ दिन पहले अनिल के घर में चोरी हो गई थी जिसमें कीमती सामान और नगदी आदि सामान चोरी हो गया था अनिल ने दो महिलाओं के बारे में पुलिस को बताया जहां दिल्ली पुलिस पूछताछ करते-करते शनिवार की सुबह जानी खुर्द पहुंची और शिल्पी और अर्जना को उनके घर से ही गिरफ्तार कर लिया।

# मानव सेवा से बड़ा कोई और पुण्य कार्य नहीं: सईद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। ऐसे में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा पानी व शरबत पिलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज द्वारा छबील लगाकर लोगों को ठंडा शरबत वितरित किया गया।



बाईपास रोड स्थित उर्दू गेट पर लगाए गई छबील का शुभारम्भ संस्था के प्रबंधक डा. अनवर सईद ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढकर कोई सेवा नहीं है। रब ने हमें पानी के रूप में बहोत बड़ी दौलत बख्शी है। प्यासे की प्यास बुझाना बेहद बड़ा पुण्य कार्य है। विशेषकर गर्मी के मौसम में ठंडे पानी की अहमियत और बढ़ जाती है। उन्होंने सभी लोगों से पशु पक्षियों के लिए भी अपनी अपनी छतों अव खुले स्थानों पर पानी एवं दाना रखने की अपील की। दानिश अल्वी, नबील सिद्दीकी, हाशिम अनवर, निशात उस्मानी, मारुफ, नाजिश आदि मौजूद रहे।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर लोगों ने किया रक्तदान



**देवबन्द।** विश्व रक्तदाता दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवबंद पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इसमें 22 लोगों ने रक्तदान कर पुण्य लाभ कमाया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

सरकारी अस्पताल में लगाए गए रक्तदान शिविर का उद्घाटन भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डा. सुखपाल सिंह ने किया।

शिविर में सीएचसी अधीक्षक डा. रियंका चौधरी समेत नगर व देहात क्षेत्र के 22 लोगों ने रक्तदान किया। डा. सुखपाल सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे किसी व्यक्ति के प्राण बचाए जा सकते हैं, जो अमूल्य है। साथ ही रक्तदान करने वाले को भी इसका लाभ होता है। शरीर में नए खून का संचार होता है। जिससे स्वास्थ्य के साथ ही कई बीमारियां भी खत्म हो जाती हैं। उन्होंने सभी लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील की। इस मौके पर पंकज कुमार वर्मा, डा. आशुतोष, देवेंद्र कुमार, मोतीलाल, नीरज, सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।

## मेरठ में प्लास्टिक सर्जरी ओपीडी सेवाओं की हुई शुरुआत

**मेरठ।** मैक्स मेडसेंटर, मेरठ में अपनी विशेष प्लास्टिक सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर एस्थेटिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. ललित अग्रवाल उपस्थित रहे। वे अब हर महीने के दूसरे शनिवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मेरठ में उपलब्ध रहेंगे। इस नई सुविधा के जरिए मेरठ और आसपास के क्षेत्रों के निवासी अब एस्थेटिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी से जुड़ी प्रारंभिक चिकित्सकीय सलाह अपने ही शहर में प्राप्त कर सकेंगे। जिससे दिल्ली नहीं जाना होगा।

# इजरायल की बर्बरता अमेरिका की सहायता के बिना संभव नहीं: मदनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने ईरान पर इस्राईल द्वारा किए गए हमलों को खुला आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताया है। कहा कि अमेरिका इंसा. नियत का दुश्मन है, इस्राईल की यह बर्बरता उसके संरक्षण के बिना संभव नहीं है।

ईरान और इस्राईल के बीच व्याप्त हुए तनाव और अंतर्राष्ट्रीय नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए की गई बमबारी पर मौलाना अरशद मदनी ने कड़ी चिंता और रोष व्यक्त किया है। मौलाना ने कहा कि इस्राईल द्वारा ईरान की परमाणु स्थापनाओं और आवासीय क्षेत्रों पर किया गया हमला संयुक्त राष्ट्र के चार्टर और वैश्विक नियमों की अवहेलना है। कहा कि इस्राईल जिस प्रकार की गुंडागर्दी और अंतरराष्ट्रीय नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है, वह अमेरिका और पश्चिमी देशों के संरक्षण के बिना संभव नहीं है। मौलाना मदनी ने अमे. रिका को हथियारों का व्यापारी और इंसानियत का दुश्मन बताते हुए कहा कि अमेरिका और इस्राईल उन सभी मुस्लिम देशों को निशाना बना रहे हैं, जो अपनी रक्षा शक्ति को मजबूत करके आत्मनिर्भर बनने की कोशिश कर रहे हैं। पहले इराक पर हमला करके उसे तबाह किया गया और अब ईरान को निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि उसने भी रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए कदम बढ़ाए थे।

कहा कि अमेरिका की मदद से इस्राईल जो कर रहा है वह पूरे क्षेत्र को युद्ध की आग में झोंक सकता है। मौलाना मदनी ने दो टूक कहा कि गाजा में जो नस्लकुशी और तबाही हो रही है उसका असली जिम्मेदार भी अमेरिका ही है। क्योंकि अमेरिका गाजा में यहूदियों को बसाना चाहता है। मौलाना मदनी ने कहा कि गजघ को हमारी आंखों के सामने तबाह किया जा रहा है, वहां इतिहास की सबसे भयंकर नस्लकुशी हो रही है और इस्राईल स्वतंत्र देशों पर हमले कर रहा है ऐसे में इस्लामिक देशों को एकजुट हो जाना चाहिए। उन्होंने ईरान पर हुए हमले की सऊदी अरब द्वारा कड़ी निंदा किए जाने का भी स्वागत किया और पूरी इस्लामिक दुनिया से एकजुट होने की अपील की।

## एक वांछित गिरफ्तार

**शामली।** संजीव कुमार पुत्र सेवाराम निवासी मौहल्ला गांधीनगर कस्बा बनत जनपद शामली अपनी मोटर साइकिल को अपने भाई के घेर मौहल्ला गांधीनगर में खडी करके अपने घर चला गया था। तभी व्यक्ति द्वारा उसकी बाइक चोरी कर ली। इस सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर तहरीर दाखिल की गई थी। दाखिल तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा चोरी की घटना में वांछित 1 अभियुक्त को चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त रवि पुत्र प्रदीप निवासी मौहल्ला पटेल नगर कस्बा बनत थाना आदर्शमंडी जनपद शामली है।

## न्यायालय के आदेश पर नशे का सामान नष्ट किया गया

**शामली।** पुलिस द्वारा ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित मुकदमों में बरामद कुल 68 माल वजन 3632.27646 किलोग्राम नशीले पदार्थों को न्यायालय के आदेश के अनुपालन में विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गई। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी शामली अरविन्द चौहान व पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के निर्देशन में जनपद शामली में थानो पर लम्बित मालों के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन के तहत न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अमरदीप मौर्य, क्षेत्राधिकारी थानाभवन जितेन्द्र सिंह यादव के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक डी. सी. आर बी यतेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में जनपद शामली के थाना कोतवाली शामली, कैराना, कांधला, झिंझाना, थानाभवन, गढीपुख्ता, बाबरी के माल मोहर्रिर की मौजूदगी में एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित मुकदमों में बरामद भिन्न-भिन्न प्रकार के नशीले पदार्थ (गांजा-115.358 किलोग्राम, चरस-62.785 किलोग्राम, स्मैक 4.99889 किलोग्राम, सुल्फा-0.41 किलोग्राम, डोडा पोस्त-3440.09 किलोग्राम, अन्य मादक पदार्थ-8.63457 किलोग्राम) कुल 3632.27646 किलोग्राम को एसएम एमएच मेडिकल कालेज जनपद सहारनपुर की पिलखनी इन्सुलेटर भट्टी में समस्त माल को नष्ट कराकर विनष्टीकरण की कार्यवाही की गई।

## एक अभियुक्त गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त इरफान उर्फ फन्ना पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम रामडा थाना कैराना जनपद शामली है।

## मेरठ की प्रियांचल यादव ने प्राप्त की air1562

**मेरठ।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने घोषणा की कि उसके मेरठ शाखा के 27 छात्रों ने नीट यूजी 2025 जैसी अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह सफलता छात्रों की मेहनत, अनुशासन द्वारा प्रदान की गई विश्वस्तरीय कोचिंग और मार्गदर्शन का प्रमाण है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज परीक्षा के परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित किए। आकाश मेरठ शाखा के टॉप परफॉर्मर्स का प्रदर्शन सराहनीय रहा है प्रियांचल यादव, air1562, इशानी गुप्ता air1897, सौम्या शर्मा air1936, श्रेया त्यागी air 3616, अदिका अंसारी air 4904, अली हैदर air 5539, मोहम्मद उजैफ air 5741, तेजस सिंघल air 7690 मिले।

## टोलकर्मी ने खोया फोन वापस किया

**मेरठ।** बुधवार को सुबह अभिषेक कुमार महिपालपुर दिल्ली जोकि मेडिकल लाइन का काम करता है बाइक से हरिद्वार जाते समय टोल प्लाजा पर मोबाइल गिर गया सुरक्षाकर्मी हर्ष शर्मा ने लाइन पर पड़ा फोन ऑफिस में सुरक्षा अधिकारी मनिंदर विहान को लाकर जमा करवाया मनिंदर विहान ने बताया कि मोबाइल ओप्पो कंपनी का है जिसकी 10 से 14000 कीमत है दो सिम है फोन काम नहीं कर रहा डिस्प्ले टूट गई थी एक सिम निकाल कर दूसरे मोबाइल में लगाया ताकि जिसका फोन है वह फोन करें शनिवार को उसके मित्र और बहन टोल प्लाजा आकर फोन ले गए और वेस्टर्न यूपी टोल प्लाजा सिवाया की टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

# छात्र कफील राव ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** कस्बा नकुड़ निवासी कफील राव ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



नकुड़ निवासी कफील राव पुत्र शकील अहमद ने शनिवार को जारी नीट परीक्षा के रिजल्ट में 720 में 553 अंक प्राप्त कर परीक्षा पास की है। उन्होंने फिजिक्स में 99.5, कैमिस्ट्री में 99.5 और बायोलॉजी में 97 अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने इसका श्रेय अपने माता पिता व शिक्षण संस्थान को दिया है।

# भाकियू तोमर ने बहसूमा थाना घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम में भाकियू तोमर के पदाधिकारी ने शनिवार की दोपहर भारी संख्या में थाने का घेराव किया। जिसमें अपनी मांगों को रखते हुए धरना प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुए मेरठ जिलाध्यक्ष अभिषेक चौधरी, अखिल चौधरी आदि ने कहा कि जनवरी माह में 6 वर्षीय बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है।

थाने के दरोगा या पुलिसकर्मी अवैध वसूली करने में लगे हुए हैं। पुलिस चेकिंग के नाम पर व्यापारियों एवं नागरिकों ग्रामीणों का शोषण कर रही है। क्षेत्र में किसान यदि मिट्टी का काम करता है तो उससे अवैध वसूली करते हैं। धरने में पहुंचे क्षेत्रधिकारी मवाना अभिषेक पटेल ने किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याओं सुना और कहा कि दुष्कर्म के आरोपी के संबंधित जगहो पर दबिश दी गई लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। जिसमें आरोपी शहजाद उर्फ निक्की पुत्र रईसुदीन उर्फ पप्पू को उच्चाधिकारियों के आदेश पर 25 हजार रूपए का इनाम भी घोषित करा दिया गया है और कुर्की का नोटिस भी चस्पा किया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। भाकियू तोमर के जिलाध्यक्ष अखिल चौधरी ने कहा कि शासन प्रशासन को 15 दिन का समय दिया जा रहा हैं यदि 15 दिन के अंदर आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो अगले 15 दिनों के अन्दर थाने का घेराव कर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।



# ह्यूमैनिटी वेलफेयर सो. ने समाजसेवियों को दिया सम्मान

## बाबू सोमांश प्रकाश स्मृति कार्यक्रम में बिखेरी सामाजिक सेवा की चमक

**मुजफ्फरनगर।** ह्यूमैनिटी वेलफेयर सोसाइटी ने एक बार फिर सामाजिक सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए स्वर्गीय बाबू सोमांश प्रकाश की स्मृति में एक रेस्टोरेंट में एक भव्य और प्रेरणादाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिसने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन निगार मैडम ने किया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका चेयरमैन पंकज अग्रवाल और एडवोकेट मनेश गुप्ता ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। संस्था सचिव एम। शाहवेज ने ह्यूमैनिटी वेलफेयर सोसाइटी के उद्देश्यों और स्वर्गीय बाबू सोमांश प्रकाश के समाज सेवा के प्रेरक जीवन पर प्रकाश डाला, जिसने उपस्थित लोगों में सेवा भाव को और प्रबल किया।

### सामाजिक योगदान के लिए सम्मान

कार्यक्रम में समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को हसोमांश प्रकाश स्मृति सम्मानह से नवाजा गया। सम्मानित व्यक्तियों में आचार्य होतीलाल शर्मा (निस्वार्थ समाज सेवा), शालू सैनी (लावारिस शवों का अंतिम संस्कार), जीनत चौधरी (महिला सशक्तिकरण), भारत सिंघल और सैयद मोहम्मद अनस (वंचित बच्चों की शिक्षा), मोहम्मद शहजाद (उर्दू भाषा का उत्थान), आशु राणा (पशु कल्याण), और उस्मान मेहंदी (महिलाओं के अधिकार और लड़कियों की शिक्षा) शामिल रहे। इन व्यक्तियों के कार्य समाज के लिए एक मिसाल हैं और ह्यूमैनिटी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा इन्हें सम्मानित करना उनकी प्रेरणादाई यात्रा को और प्रोत्साहित करता है।

### शिक्षा और सहायता के लिए पहल

संस्था अध्यक्ष डॉ. नजमुल हसन जैदी ने अनुशा (पुत्री इनाम इलाही) को एक वर्ष की छात्रवृत्ति और खुजेड़ा निवासी आरिफ को बैटरी साइकिल भेंट की, जिससे शिक्षा और गतिशीलता के क्षेत्र में जरूरतमंदों का सहयोग करने का संदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त, यूपी बोर्ड में उत्कृष्ट



प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को (सोमांश प्रकाश मेधावी पुरस्कार) से सम्मानित किया गया। सम्मानित स्कूलों में होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज (जडोदा), एमडीएस विद्या मंदिर (मंसूरपुर), यूनिक इंटर कॉलेज (खामपुर), नवाब अजमत गर्ल्स इंटर कॉलेज, चिल्ड्रन हैप्पी होम, मौलाना मोहम्मद अली जोहर हाई स्कूल, गॉड्स ग्रेस इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, और जैनबिया गर्ल्स इंटर कॉलेज शामिल रहे। ह्यूमैनिटी वेलफेयर सोसाइटी का यह प्रयास समाज में शिक्षा, समानता, और सेवा की भावना को बढ़ावा देने का एक अनुकरणीय उदाहरण है। संस्था न केवल समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है, बल्कि समाजसेवियों और मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित कर एक सकारात्मक बदलाव की नींव रख रही है। डॉ. नजमुल हसन जैदी के नेतृत्व में संस्था ने शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में जो पहल की है, वह समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

कार्यक्रम में अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। अंत में, फैजुर रहमान ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का हृदय से आभार जताया। साबरा शेख, नुसरत कमाल, मोहम्मद फैसल सैफी, और फरीद के विशेष योगदान ने इस कार्यक्रम को यादगार और सफल बनाया। ह्यूमैनिटी वेलफेयर सोसाइटी का यह आयोजन न केवल बाबू सोमांश प्रकाश की स्मृति को जीवंत करता है, बल्कि समाज में सेवा और समर्पण की भावना को भी प्रज्वलित करता है। यह संस्था सही मायनों में समाज के लिए एक दीपक की तरह है, जो अपने कार्यों से हर ओर रोशनी फैला रही है।

# नगर पंचायत के कर्मचारियों ने जब्त की पॉलीथीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** आदर्श नगर पंचायत ने प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत कस्बे में प्रतिबंधित पॉलिथीन को जब्त करते हुए जुर्माना वसूला गया और दुकानदारों को पॉलिथीन का प्रयोग न करने के लिए सचेत किया। इस दौरान नगर पंचायत के कर्मचारियों ने कस्बे में स्थित दुकानों पर पहुंचकर पॉलिथीन को देखा। जिसमें नगर पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन और प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता और क्रियात्मक अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, लोगों को कपड़े या कागज के थेले इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करना और कचरा प्रबंधन में सुधार करना।

शनिवार को नगर पंचायत बहसूमा द्वारा प्लास्टिक अभियान चलाया गया तथा प्रतिबंधित पॉलिथीन की जब्तिकरण व जुर्माना वसूला गया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रबंध को लेकर विशेष रूप से लोगों को जागरुक भी किया। इस अभियान के तहत आम जनता को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी गई और उन्हें कपड़े अथवा कागज के थेले प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही दुकानदारों और ग्राहकों से पॉलिथीन का प्रयोग न करने की बात कहते हुए अपील की गई कि वह पर्यावरण की रक्षा करते हुए प्लास्टिक का प्रयोग बंद करें और स्वच्छ भारत मिशन में सहयोग करें। चेयरमैन सचिन सुकड़ी, वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद कामिल खां ने बताया कि यह अभियान 13 जून यानी शुक्रवार से शुरू होकर 24 जून तक चलाया जाएगा।

जिसमें लोगों को इस अभियान से जागरूक भी किया जा रहा है। प्लास्टिक उम्मूलन अभियान प्रारंभ 6.0 के अंतर्गत आदर्श नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बैनर तले प्लास्टिक की रोकथाम करने के लिए एक अभियान चलाया गया। जिसमें बाजारों में जाकर पॉलिथीन को जब्त किया और जुर्माना भी लगाया गया। उन्होंने कहा कि 100 माइक्रोन की पॉलिथीन को ही इस्तेमाल करें और शासन की गाइडलाइन को पूरा करें। इस मौके पर मुख्य रूप से संदीप प्रजापतियों, मुन्नालाल, यादव, विकास कुमार, वीरेंद्र नागर, दिनेश कुमार, संजय वाल्मीकि, राजकुमार सैनी आदि शामिल रहे।



**सम्बंध विच्छेद**

मेरे पुत्र की CBSE की कक्षा 12th (अनुक्रमांक 5739007) में नाम गलती से JAS PREET और माता का नाम BALVINDAR KAUR है, जो कि गलत है। जबकि, मेरे पुत्र का कक्षा 10th में सही नाम JASPREET SINGH एवं माता का नाम BALVINDER KAUR है। इन्हें भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

कल्याण सिंह पुत्र महेंद्र सिंह
गांव चंदेना कोली, परगना नागल
देवबंद सहारनपुर।

**सम्बंध विच्छेद**

मेरी पुत्री आकांशा ने परिवार की मर्जी के खिलाफ शादी कर ली। उससे संबंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में परिवार से कोई संबंध नहीं है।

सुखबीरी पत्नी स्वर्गीय रतन सिंह,
निवासी लालवाला (चकरामबाड़ी)
देवबंद।

# दक्षिण अफ्रीका पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियन

**● डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया, 27 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट जीता**






**लंदन, वार्ता।** साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीत ली है। टीम ने शनिवार को डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। साउथ अफ्रीका की टीम क्रिकेट के किसी भी फार्मेट में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनी है। इतना ही नहीं, टीम ने 27 साल के बाद कोई आईसीसी टूर्नामेंट जीत लिया है।

टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। लंदन के द लाड्र्स स्टेडियम में मैच के चौथे दिन लंच से पहले साउथ अफ्रीका ने 282 रन का टारगेट 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ऐडन मार्करम ने 136 रन बनाए, जबकि टेम्बा बावुमा ने 66 रन की पारी खेली। काइल वेरियन ने 84वें ओवर में मिचेल स्टार्क के खिलाफ सिंगल लिया और अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। वे 4 रन बनाकर डेविड बेडिंघम (21 रन) के साथ नाटआउट रहे। मार्करम प्लेयर आफ द मैच रहे। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 218 रन बनाते हुए साउथ अफ्रीका को 282 रन का टारगेट दिया। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 212 और साउथ अफ्रीका ने 138 रन बनाए। यहां कंगारू टीम को 74 रन की बढ़त मिली थी। 84वें ओवर की चौथी बाल पर काइल वेरियेयन ने एक रन लेकर साउथ अफ्रीका को 5 विकेट से जीत दिला दी। टीम पहली बार क्रिकेट के किसी फार्मेट में वर्ल्ड चैंपियन बनी है। साउथ अफ्रीका ने 27 साल बाद कोई आईसीसी टाइटल जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में अपना पहला आईसीसी खिताब जीता था। 84वें ओवर की तीसरी बाल पर काइल वेरियन को जीवनदान मिला। स्टार्क के ओवर की तीसरी बाल वेरियन के बैट का बाहरी किनारा लेकर विकेट कीपर एलेक्स के दस्तानों पर गई। कैच हुआ, लेकिन फील्ड अंपायर्स ने वेरियन को नाटआउट करार दिया। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस रिव्यू नहीं ले सके, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने सभी रिव्यू पहले ही गंवा दिए थे। 81वें ओवर की आखिरी बाल पर साउथ अफ्रीका ने 5वां विकेट गंवाया। यहां ऐडन मार्करम 136 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ट्रैविस हेड ने शार्ट मिडविकेट पर कैच किया। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी नई बाल से जोश हेजलवुड बालिंग करने आए। साउथ अफ्रीकी पारी के 80 ओवर पूरे होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने नई बाल की मांग की। बाल बदलने के बाद उन्होंने जोश हेजलवुड को ओवर सौंपा। 282 रन का टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका ने 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। 75वें ओवर की पहली बाल पर बेडिंघम ने एक रन लेकर टीम स्कोर 250 पार पहुंचाया। 71वें ओवर द. अफ्रीका ने चौथा विकेट गंवा दिया है। यहां ट्रिस्टन स्टब्स 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल स्टार्क ने अपने ओवर की तीसरी बाल पर बोल्ड कर दिया। पिछली बाल पर स्टब्स विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच होने से बचे थे। यहां ऑस्ट्रेलिया ने रिव्यू भी गंवाया। 69वें ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स रन आउट होने से बच गए। उन्होंने मिचेल स्टार्क के ओवर की आखिरी बाल पर मिड आफ की ओर से खेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। पैट कमिंस ने तेजी से आकर बाल नान स्ट्राइक एंड पर थ्रो की। यह थ्रो स्टंप पर नहीं लगा और स्टब्स आउट होने से बच गए। अगर बाल स्टंप पर लगती तो स्टब्स को पवेलियन लौटना पड़ता। अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा 66 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें 59वां ओवर डाल रहे कमिंस ने कैच आउट कराया और शतकीय साझेदारी को तोड़ी। ओवर की आखिरी बाल पर बावुमा को एलेक्स कैरी ने कैच किया।

## चोटिल स्टीव स्मिथ ने नहीं करायी सर्जरी

**विंडीज के खिलाफ सीरीज तक फिट होने में संशय**

**लंदन, वार्ता।** लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे दिन शुक्रवार को कैच लेने के दौरान अंगुली में चोट खाने वाले ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने कम्पाउंड डिस्लोकेशन की सर्जरी से बचने में सफलता प्राप्त की है, लेकिन वेस्टइंडीज में ऑस्ट्रेलिया की आगामी टेस्ट सीरीज के लिए फिट होने के लिए उन्हें अभी भी समय की कमी का सामना करना पड़ सकता है। तेम्बा बावुमा का तेज कैच लपकने के प्रयास मे स्मिथ चोट खा बैठे थे। मैदान से बाहर निकलते ही वह सीधे अस्पताल गए जहां घाव को साफ किया गया, टांके लगाए गए और उंगली को स्प्लिंट में रखा गया और यह समझा जाता है कि अगर वह स्प्लिंट के साथ ऐसा करने में सक्षम हैं तो वह बल्लेबाजी करने में सक्षम होंगे, जिसे उन्हें आठ सप्ताह तक पहनने की आवश्यकता होगी, हालांकि घाव के लगभग एक पखवाड़े में ठीक होने की उम्मीद है। मैदान में उन पर पड़ने वाले प्रभाव का भी आकलन करने की आवश्यकता होगी और यह स्लिप में क्षेत्ररक्षण करने की उनकी क्षमता को बाधित कर सकता है।

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण स्थगित

**● बीसीसीआई और ईसीबी ने अहमदाबाद दुर्घटना के कारण लिया फैसला, पहला टेस्ट 20 जून से**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण स्थगित कर दिया गया है। अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद यह इस आयोजन को स्थगित करने (या शायद इसे पूरी तरह से रद्द करने) का फैसला लिया गया है। इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है। हालांकि नाम बदलने की अधिकारिक घोषणा अब तक नहीं हुई है। ट्रॉफी का अनावरण शनिवार (14 जून) को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के दौरान किया जाना था। हालांकि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने लाड्र्स में होने वाली सेरेमनी को आपसी सहमति से रद्द करने का फैसला किया है। ईसीबी के अधिकारी ने शनिवार को क्रिकबज को बताया, भारत में हुई दुखद घटना को देखते हुए नई तारिख की घोषणा में कुछ समय लग सकता है। बीसीसीआई अभी भी घोषणा के लिए सही समय का इंतजार कर रहा है। 2007 से पटौदी ट्रॉफी आई पटौदी ट्रॉफी 2007 में भारत के 1932 में अपने पहले टेस्ट की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अस्तित्व में आई थी। 21 साल की उम्र में पटौदी सबसे कम उम्र के भारतीय टेस्ट कप्तान बने थे। उनके पिता इर्'तखार अली खान पटौदी ने इंग्लैंड और भारत दोनों का प्रतिनिधित्व किया था। सचिन तेंदुलकर के नाम सबसे ज्यादा 200 टेस्ट मैच खेलना और सबसे ज्यादा 15,921 टेस्ट रन बनाने का रिकार्ड है। वहीं, जेम्स एंडरसन ने पिछले साल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। एंडरसन दूसरे सबसे ज्यादा 188 टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। वे टेस्ट में तीसरे सबसे ज्यादा 704 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी।

## जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग आज से शुरू

**मुंबई, वार्ता।** दुनिया की पहली फ्रैंचाइज़-आधारित रग्बी लीग जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का पहला संस्करण 15 जून से शुरु होगा जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। लीग में कुल 34 मैच खेले जायेंगे, जिसमें चार दिन तीन गेम खेले जाएंगे, जबकि प्रत्येक दिन दो गेम होंगे। प्रतियोगिता का फिनाले 29 जून को निर्धारित है। सभी मैच मुंबई के शाहजी राजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) में होंगे। लीग में बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स, चेन्नई बुल्स, दिल्ली रेड्ज़, हैदराबाद हीरोज, कलिंगा ब्लैक टाइगर्स और मुंबई ड्रीमर्स फ्रेंचाइजी की टीमे हिस्सा लेंगी। लीग में न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, फिजी, अर्जेंटीना, ग्रेट ब्रिटेन, आयरलैंड, यूएसए और स्पेन के 30 मार्की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे इसके अलावा, कनाडा, हांगकांग और जर्मनी के 18 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी इसमें शामिल होंगे। लीग में 71 की नीलामी पूल से चुने गए 30 भारतीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। लीग में खेल के सर्वश्रेष्ठ कोच भी शामिल होंगे, जिनमें माइक फ्राइडे (पूर्व यूएसए 7 हेड कोच), बेन गॉलिंग्स (इंग्लैंड 7 लीजेंड, पूर्व फिजी 7 हेड कोच), डीजे फोर्ब्स (न्यूजीलैंड 7 आइकॉन), टॉमासी कामा (न्यूजीलैंड 7 हेड कोच, न्यूजीलैंड 7 लीजेंड), पाको (स्पेन 7 हेड कोच) और टिम (ऑस्ट्रेलिया महिला 7 हेड कोच) शामिल हैं। इस अवसर पर रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा कि रग्बी प्रीमियर लीग न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण होने जा रहा है।

## 10मीटर एयर पिस्टल: सुरुचि ने विश्व कप में जीता गोल्ड मेडल



**● ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट को हराया भारत की झोली में आया टूर्नामेंट में पहला गोल्ड**

**म्यूनिख, वार्ता।** विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल की नेशनल चैंपियन सुरुचि ने म्यूनिख में आईएसएसएफ (इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन) वर्ल्ड कप में भारत को पहला गोल्ड दिलाया। उन्होंने फाइनल में 241.9 अंक हासिल किए और पेरिस ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट कैमिल जेद्रजेवस्की को 0.2 अंकों से पीछे छोड़ दिया। कैमिल जेद्रजेवस्की को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। वहीं, चीन की याओ चियानशुआन ने ब्रान्ज मेडल जीता। सुरुचि का वर्ल्ड कप में लगातार तीसरा गोल्ड सुरुचि का लगातार तीसरे वर्ल्ड कप स्टेज में गोल्ड मेडल है। इससे पहले उन्होंने ब्यूनस आयर्स और लीमा में हुए वर्ल्ड कप में भी उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था। ब्यूनस आयर्स उनका पहला इंटरनेशनल वर्ल्ड कप था। हरियाणा की रहने वाली सुरुचि ने पिछले साल दिसंबर में हुए नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड जीत कर चैंपियन बनी थी। सुरुचि पिछले साल दिसंबर में हुए नेशनल चैंपियनशिप में चैंपियन बनी थी। सुरुचि शुरुआती सीरीज में टाप पर रही सुरुचि ने फाइनल में शुरुआती सीरीज में 52.1 अंक लेकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन दूसरी पांच- शाट सीरीज के अंत तक वह दूसरे स्थान पर खिसक गईं। 11वीं शाट में 9.7 के स्कोर के बाद वह चौथे स्थान पर आ गईं। उसके बाद उन्होंने वापसी की। यहीं से उनके प्रदर्शन में तेजी आई। 12वीं शाट में शानदार 10.8 स्कोर कर उन्होंने फिर से बढ़त हासिल की। वहीं, 18वीं शाट में कैमिल और याओ ने बढ़त बना ली। इसके बाद याओ ने अपनी 22वीं शाट में 9.4 स्कोर किया, जिससे सुरुचि कैमिल के पीछे दूसरे स्थान पर आ गईं। अंतिम दो शाट में वह कैमिल से 0.5 अंक पीछे थीं। 23वीं शाट में सुरुचि ने 10.5 जबकि कैमिल ने 9.5 स्कोर किया, जिससे भारतीय शूटर 0.5 अंक से आगे निकल गईं। आखिरी शाट में दोनों ने 9 स्कोर किया, लेकिन सुरुचि ने बढ़त बनाए रखी और गोल्ड मेडल जीत लिया।

## बदले गए बाउंड्री पर कैच पकड़ने के नियम

**● गेंद को एक बार ही हवा में उछाल सकेंगे, अक्टूबर 2026 में एमसीसी में शामिल किए जाएंगे**



**लंदन, वार्ता।** मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने बाउंड्री पर कैच पकड़ने के नियमों में बदलाव किए हैं। ये बाउंड्री से बाहर जाकर बाल उछालने पर लिए जाने वाले कैच से संबंधित हैं। यह बदलाव एमसीसी अक्टूबर 2026 से शामिल करेगा, जबकि आईसीसी अगले महीने से इस नियम को शामिल कर लेगा। 17 जून से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच होने वाले टेस्ट से यह नियम लागू हो जाएगा।

बाउंड्री के बाहर जाकर बाल उछाली तो 2 कंडीशन रहेंगी-पहली- पहले कई मौकों पर बाउंड्री पर खड़े खिलाड़ी हवा में जा रही गेंद को एक बार बाउंड्री के अंदर रहते हुए उछाल देते थे, फिर बाउंड्री पार करके हवा में उछाल देते थे और बाउंड्री के अंदर आकर कैच ले लेते थे। अब इसे कैच नहीं माना जाएगा और बल्लेबाज को रन मिलेगा। दूसरी- किसी खिलाड़ी ने बाउंड्री के बाहर जाकर हवा में उछलकर बाल अंदर फेंकी, फिर दूसरे खिलाड़ी ने कैच किया तो यह तभी मान्य होगा जब बाल उछालने वाला खिलाड़ी भी बाउंड्री के अंदर हो। बिग बैश लीग में माइकल नेसेर के बाउंड्री कैच पर उठा था सवाल 2023 में बिग बैश लीग (बीबीएल) में माइकल नेसेर ने बाउंड्री पर एक कैच पकड़ा था, जिस पर सवाल उठे थे। इसके बाद ही आईसीसी ने मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) को कैच के नियमों की समीक्षा करने के लिए कहा था। नेसेर के कैच के बारे में बताते हुए एमसीसी ने कहा कि फील्डर ने बाउंड्री के अंदर कैच पूरा करने से पहले ष्बनी हापष किया। बनी हाप मतलब जब कोई खिलाड़ी बाउंड्री के बाहर जाने के बाद हवा में उछलकर गेंद को अंदर फेंककर कैच पकड़ता है। हालांकि यह नियम के मुताबिक था, लेकिन नोट में कहा गया कि ऐसा लगा कि हकीकत में फील्डर ने बाउंड्री के काफी बाहर जाकर गेंद को उछाला और फिर कैच लिया था। माइकल नेसेर ने बीबीएल 2023 के दौरान एक शानदार बाउंड्री कैच लिया, लेकिन अब ऐसे प्रयास कैच नहीं माने जाएंगे। 2020 में भी बीबीएल में मैथ्यू वेड के बाउंड्री पर कैच आउट को लेकर उठा था सवाल साल 2020 में बीबीएल में हाबर्ट हरिकेंस और ब्रिसबेन हीट के बीच खेले गए मैच के दौरान भी मैथ्यू वेड के बाउंड्री पर कैच आउट होने को लेकर सवाल उठे थे। दरअसल पहली पारी में हाबर्ट हरिकेंस के कप्तान वेड ने 15वें ओवर की चौथी गेंद पर बाउंड्री पर शाट खेल दिया। बाउंड्री पर खड़े ब्रिसबेन हीट के मैट रैनशा ने हवा में उड़कर गेंद को अंदर की ओर फेंक दिया।

## अवनि प्रशांत हुलेनकोर्ट महिला ओपन में दूसरे स्थान पर

**हुलेनकोर्ट, वार्ता।** भारत की अवनि प्रशांत ने यूरोपीय टूर के हुलेनकोर्ट महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन की बदौलत तीन अंडर 69 का कार्ड खेल कर दूसरे स्थान पर कब्जा बनाये रखा है। दूसरे दौर में अवनि का कुल स्कोर अब सात अंडर पर है और वह जर्मनी की हेलेन ब्रीम (68-68) से सिर्फ एक स्ट्रोक पीछे है। अवनि के अलावा कट में जगह बनाने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर (72-73) संयुक्त 38वें स्थान पर और त्वेसा मलिक (76-70) संयुक्त 50वें स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ी वाणी कपूर (76-73), स्नेहा सिंह (74-75), अमनदीप द्राल (74-76) और हिताशी बक्शी (79-74) कट में जगह बनाने से चूक गयी हैं।

## नेपाल-वेस्टइंडीज के बीच ऐतिहासिक टी-20 सीरीज सितम्बर में

**एंटीगुआ, वार्ता।** नेपाल और वेस्टइंडीज के बीच पहली बार सितम्बर के अंत में शारजाह में तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए आमने-सामने होंगी। यह सीरीज वेस्टइंडीज को 2026 आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले खुद को तैयार होने का मौका देगी। ये मैच रोहित पौडेल की टीम के लिए एशिया/ईस्ट एशिया-पैसिफिक क्वालीफायर अभियान से पहले अंतिम तैयारी होगी।

## भारत को मिलेगा अभ्यास करने का फायदा: कृष्णा



**● इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर उत्साहित हूं**

**बेकेनहैम, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे पर गयी भारतीय टीम के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरु हो रही टेस्ट श्रृखंला से पहले उनकी टीम को अभ्यास मैचों में खेलने का फायदा मिलेगा।

बीसीसीआई टीवी से बात. चीत में कृष्णा ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले कुछ अभ्यास मैच खेलने का फायदा निसंदेह टीम को मिलेगा। हम सभी के लिए मैदान पर कुछ समय बिताना बेहद महत्वपूर्ण है।

यह एक बढ़िया और सख्त पिच लग रही है। गेंदबाजों ने यहां अच्छी गेंदबाजी की है जबकि बल्लेबाजों ने भी जज्बा दिखाया है। जब आप अपने आपस में ही मैच खेलते हैं तो बहुत अच्छा लगता है। आईपीएल में अपनी शानदार गेंदबाजी के कारण सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल करने वाले तेज गें. दबाज ने उम्मीद जाहिर की कि इंग्लैंड में मौका मिलने पर वह अपनी फार्म को बरकरार रखना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि मैने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है।

अब इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर जब आप बाहर बैठे हों, इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें। कृष्णा ने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करना है कि विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद की जाये। आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है, यही अपने आप में क्रिकेट की खूबसूरती है।

## भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए इंग्लैंड महिला टीम घोषित

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए 14 सदस्यीय महिला टीम घोषित कर दी है। टीम में स्टार स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की वापसी हुई है। आईसीसी महिला वनडे और टी-20 गेंदबाज रैंकिग में क्रमश: नंबर 1 और नंबर 4 पर रहीं एक्लेस्टोन ने क्रिकेट से अस्थायी ब्रेक के बाद वापसी की है। वेस्टइंडीज पर टी-20 और वनडे सीरीज में 3-0 की शानदार जीत के बाद इंग्लैंड की टीम पहले से ही आत्मविश्वास से भरी हुई है। इस सीरीज से चार्लोट एडवर्ड्स के मुख्य कोच और नेट साइवर-ब्रंट की कप्तानी की सफल शुरुआत हुई है। पिछले महीने वेस्टइंडीज सीरीज से बाहर रहने के बाद तेज गेंदबाज लॉरेन फाइलर की भी टीम में वापसी हुई है। आईसीसी महिला खिलाड़ी रैंकिग में तेजी से आगे बढ़ रही एमी जोन्स को भी टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड टीम : एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), पैगे स्कोल्फील्ड, लिसी स्मिथ, डैनी वायट-हॉज, इस्सी वोंग। एडवर्ड्स ने भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज के बारे में अपनी उत्सुकता जाहिर की।

# ट्यूबवैल पर नहाने गए युवक की दर्दनाक मौत

## बिजली विभाग की लापरवाही, खेतों में लटकते एचटी लाईन के तारों में हो गई थी गर्दन टच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** भीषण गर्मी से राहत पाने को दोस्तो के साथ ट्यूबवेल पर नहाने गए युवक को क्या पता था। की बिजली विभाग की लापरवाही के चलते काल के आगोश में चला जाएगा। ट्यूबवेल पर नहाते हुए खेतों में लटकते एचटी लाइन के तारो गर्दन टच हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने युवक के परिजनों को घटना की सूचना देते हुए पीजीआई पिलखनी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों ने गांव में जाना तक गवारा नहीं समझा तो ग्रामीण बिजली घर सरसावा पहुंच। विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली के खिलाफ विरोध जताते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों का घेराव कर धरने पर बैठ गए।



शनिवार सुबह करीब 9:30 थाना सरसावा क्षेत्र के गांव रायपुर कुंडी निवासी राजिंद्र का 16 वर्षीय निशु उर्फ काका अपने तीन दोस्तों के साथ गांव के किसान कवरपाल के खेत पर लगे ट्यूबवेल पर नहाने गया था नहाते वक्त खेत के ऊपर लटक रही एलटी लाइन के तार से उसका टच हो गया। साथी को करंट लगता देख इशू, दिशांत के शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे जिसके बाद उन्होंने बिजली घर फोन कर लाइन बंद करा युवक के परिजनों को सूचना दे उसे उपचार हेतु राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों के गांव में न पहुंचने को लेकर एवं रायपुर कुंडी क्षेत्र के दोनों कार्यरत लाइनमैन के निलंबन की मांग करते हुए ग्रामीण प्रमोद चेयरमैन, लोकेश, बालेश्वर, यशपाल, ओमपाल आदि बिजली घर सरसावा में एक्शन विजय कुमार, एसडीओ सुंदरपाल, जेई आनंद प्रकाश का घेराव करते धरने पर बैठ गए। जिसके बाद विद्युत निगम के अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को एक लाख रुपए की नकद सहायता देते हुए सरकार की ओर से पांच लाख रुपए दिलाए जाने का वायदा एवं ढीली जर्जर लाइनों को ठीक कराए जाने के आश्वाशन के बाद बाद ग्रामीण शांत हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस दौरान सीओ नकुड वैभव पांडेय, तहसीलदार जसविंदर, थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचे।

# विधायक आशु मलिक के प्रयासों से तिवाया व मक्का बांस में लगे शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा से देहात विधायक आशु मलिक के प्रयासों के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव तिवाया व मक्का बांस पहुंची। जहां उन्होंने कैंसर से पीडित लोगों की जांच की।

आज गांव मक्काबास व तिवाया में स्वास्थ विभाग की टीम ने मेडिकल कैम्प लगाकर मरीजो की निशुल्क जाँच करने के साथ ही निशुल्क दवाई वितरित की। तिवाया में संदीप उर्फ अच्छन यादव मक्काबास में ग्राम प्रधान मसरूर आलम, हैदर मुखिया विधायक प्रतिनिधि ने स्वास्थ विभाग की टीम के समक्ष कैंसर की बीमारी का मुद्दा रखते हुए गांव के पानी की जाँच कराये जाने की मांग की। उन्होंने बताया की इस गांव में पिछले कई वर्षो में कैंसर के कारण कई मौत हो चुकी है और अब भी गांव में कैंसर की बीमारी से कई लोग जूझ रहे है।

# मौलाना फरीद ने जाना फैसल शाह का स्वास्थ्य हाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामा मस्जिद प्रबंधक मौलाना फरीद मजाहिरी ने समाजसेवी फैसल शाह से मिलकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की दुआ की।

बता दे कि पिछले दिनों समाजसेवी फैसल शाह का मसूरी भ्रमण के दौरान पैर स्लिप हो गया था जिससे उनका घुटना क्रेक हो गया। मैक्स हॉस्पिटल देहराद. ून में उनका इलाज चला। जहां इलाज के बाद उन्हें आराम के लिये घर भेज दिया गया। आज मौलाना फरीद मजाहिरी हालच. ाल जानने फैसल शाह के आवास पर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मौलाना ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए खुदा से दुआ की।

# बसपा कार्यालय पर लगा रक्तदान शिविर




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आज बसपा कार्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कार्यकर्ताओं व दर्जनों लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

आज देहरादून चौक स्थित बसपा मंडल कार्यालय पर आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह व मण्डल कोर्डिनेटर सरफराज राईन ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। इस दौरान ने जिला अध्यक्ष जगपाल सिंह एवं मंडल कोऑर्डिनेटर सरफराज राईन ने कहा कि जो युवा ब्लड डोनेट कर रहे हैं वो एक साधन है एक दूसरे की जान बचाने का। चाहे वो हिन्दू हो या मुसलमान उस ब्लड में किसी जाति का नाम नही होता, अगर हो भी तो जान अगर किसकी जाने को हो तो उस खून को मना नहीं कर सकता ये एक महादान है। जो यूवा इस कार्य में हाथ बटा रहे है, मैं उन सब यूआओ का हृदय की गहराई धन्यवाद करता हूँ और शिविर में पहुचे सभी डॉक्टर एवम आयोजको का आभार आभार व्यक्त करता हूँ।

इस मौके पर नरेन्द्र कुमार, जित. ेंद, ओमपाल, कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, राजबीर प्रमोद, राजीव कुमार आदि मौजूद रहें।

# झूठी शिकायत करने वाले पर कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रधान समेत दो लोगों ने झूठा प्रार्थना पत्र देने वाले पर कार्यवाही की मांग की है।

नौसरहेडी प्रधान नावेद पुत्र मौ. इरशाद व कमालपुर रोड निवासी पुत्र मौ. आरिफ ने थाना फतेहपुर प्रभारी को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि गांव भैसराऊ निवासी आस मौहम्मद पुत्र सईद ने थाने में झूठा व बेबुनियाद शिकायती पत्र दिया है। आरोपो का आस मौहम्मद के पास किसी तरह का दस्तावेज या सबूत मौजूद नही है। उसके साथ हमारा कोई लेनदेन व जान पहचान भी नही है। उक्त दोनो ने शिकायती पत्र में कहा कि आस मौहम्मद द्वारा झूठा प्रार्थना पत्र देकर उच्चाधिकारियों को गुमराह करना व उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना ही उद्देश्य है।

# नगर के बड़े हिस्से में तीन घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सहारनपुर।** भूमिगत लाइन डालने के कार्य के चलते कल (आज)नये शहर में अधिकांश क्षेत्रों की आपूर्ति तीन घंटे बाधित रहेगी।

विद्युत नगरीय वितरण खंड प्रथम अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार ने बताया कि उपकेंद्र आवास विकास पर प्राथमिक स्रोत ट्रांसमिशन सब स्टेशन पेपर मिल लाइन आवास विकास पर डा.मोहन पांडेय के सामने दिल्ली रोड पर केबिल डबल सर्किट भूमिगत लाईन डालने का कार्य एवं हकीकत नगर से आवास विकास भूमिगत केबल को डबल पोल पर चढाने का कार्य कल (आज) किया जाना है। जिसके कारण दिल्ली रोड, आवास विकास, बलवान डेरी, कुलतार सिंह नगर, झूला पार्क, बाजोरिया कोठी, शंकर नगर, आर.के. पुरम, अंबेडकरपूरम, बसंत विहार, किशोर बाग, दिल्ली रोड का बाहरी हिस्सा, पुलिस लाइन, डेरा इलाहीपुरा, प्रद्युमन नगर, जैन कालेज मार्किट, शिवाजी नगर, साउथ सिटी, विनय नगर, मुरारी नगर, रजवाहा पटरी, वैशाली विहार, दीप विहार कालोनी, पंत विहार, सिद्धार्थ नगर, जे.जे.पूरम, आर.के.पूरम, प्रदीप विहार, जिला न्यायाधीश, नगर आयुक्त, आयुक्त, अहमद बाग, नवीन नगर, बसंत विहार, बच्चा पार्क, चंद्र नगर, कलैक्ट्रेट कम्पाउंड आदि की विद्युत आपूर्ति दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक बाधित रहेगी। इसके अलावा उपकेंद्र मानकमऊ व गुरूदेव नगर फीडर पर केबिल कार्य के चलते अमन विहार कालोनी, सांसद इमरान मसूद का क्षेत्र, द्रोणपूरी, मेघछप्पर, अंबाला रोड की विद्युत आपूर्ति सुबह 8 बजे से 10 बजे तक बाधित रहेगी।

# ठेकेदार की बाइक व नकदी लेकर युवक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ठेकेदार के साथ हिमाचल काम पर गया सुलतानपुर चिलकाना निवासी युवक मोटरसाईकिल व बत्तीस हजार रूपये लेकर फरार हो गया, पीड़ित ठेकेदार ने थाना पर तहरीर दी है।

नगर के मोहल्ला मजहर हसन निवासी ठेकेदार अरशद पुत्र इरशाद ने सुलतानपुर के मोहल्ला खेडावाला काजीमल निवासी रिंकू पुत्र चेतू पर आरोप लगाते हुए बताया है कि वह रिंकू को हिमाचल प्रदेश में पलम तोडने के लिए एडवांस के तौर पर साढे सात हजार रूपये देकर अपने साथ ले गया था। ठेकेदार का आरोप है कि उसने रिंकू को नजदीकी दुकान से खाने पीने का राशन लाने के लिए अपनी बजाज कम्पनी की सीटी सौ मोटरसाईकिल रजि. यू पी 11 बीपी 1028 देकर भेजा था।

काफी समय तक इंतजार करने के बाद भी वह वापस नही आया तो ठेकेदार ने दुकान पर जाकर देखा ओर पता चला कि वह दुकान पर सामान लेने गया ही नहीं है। तब पीडित ठेकेदार ने वापस आकर कमरे में रखी बत्तीस हजार रूपये की नकदी को देखा तो कमरे से नकदी भी गायब थी। पीडित ठेकेदार जब सुलतानपुर चिलकाना आकर आरोपी के घर गया तो परिजनों ने बताया कि हमने तो उसे घर से बेदखल किया हुआ है।

जिसके बाद पीडित गांव कातला स्थित उस बाग में पहुंचा जहां आरोपी पहले काम करता था तब पता चला कि आरोपी एक मोटरसाईकिल लेकर वहां पहुंचा था। जो वहां से कुछ देर बाद ही कहीं चला गया था। पीड़ित ठेकेदार को डर है कि आरोपी उसकी मोटरसाईकिल का कहीं दुरूपयोग न कर दे। इसलिए पीडित ठेकेदार ने चिलकाना थाना पर तहरीर देकर उसकी मोटरसाईकिल व बत्तीस हजार रूपये नकदी बरामद कराते हुए आरोपी रिंकू के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### मारपीट में मुकदमा दर्ज

**तीतरों।** दुकानदार से मारपीट करने के मामले पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

कल सालियर चौराहे पर पुलिस चौकी के बराबर में दुकान करने वाले तेजपाल हलवाई के साथ बाइक सवार चार युवकों ने समोसे को ठंडा बताकर मारपीट की थी। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत की थी। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# बस स्टैण्ड पर नहीं बैठने की व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली के पास बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए साये और बैठने की व्यवस्था न होने से यात्रियों को चिलचिलाती धूप में भारी समस्या का सामना करते हुए बस की प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

गौरतलब है कि सहारनपुर से नानोता,जलालाबाद,शामली से लेकर दिल्ली तक के लिए प्रतिदिन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग यात्रा करते हैं।इसके लिए कोतवाली के निकट बस रुकती है और यहीं से यात्री बसों में बैठते हैं।बात सिर्फ इतनी सी नहीं बल्कि बहुत बड़ी है।बात ये है कि बस के आने का इंतेजार करना बेहद कठिन और परेशान करने वाला है।क्योंकि यहाँ पर न तो यात्रियों के लिए बैठने की कोई व्यवस्था है न ही कोई साये की व्यवस्था है।चिलचिलाती धूप में पसीने से तरबतर यात्रियों को खुले आसमान के नीचे खड़े होकर बस का इंतेजार करना पड़ता है। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए यह और भी ज्यादा मुश्किल होता है।गर्मी से घबराकर मासूम बच्चे रोते देखे जा सकते हैं।लेकिन माँ बाप खुद को बेबस महसूस करते हैं।

इसी रास्ते से अधिकारीगण और जनप्रतिनिधियों का भी आवागमन होता है मगर शायद किसी को भी परवाह ही नहीं है कि इन धूप में तपते पसीना पौंछते यात्रियों के साये के लिए टीन शेड और बैठने के लिए सीमेंटेड या अन्य किसी साधन की व्यवस्था कराई जाए।

यात्रियों की इस समस्या को देखते हुए नगर पंचायत, परिवहन विभाग, अधिकारियों, जनप्रति. निधियों को पहल करते हुए इस समस्या को हल कराना चाहिए।

# मकान व दुकान में हुई चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने मकान व दुकान में हुई चोरी की दो वारदातों का खुलासा करते हुए 02 आरोपी चोर गिरफ्तार किये हैं, जिनके कब्जे से अलग अलग 2200 रुपये व 1500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

ज्ञात हो कि विगत 8 जून को एक अज्ञात चोर द्वारा नगर के मोहल्ला मजहर हसन स्थित एक दुकान के गल्ले से दिन दहाड़े ही 7100 रुपये उस समय चोरी कर लिए गए थे, जब दुकान स्वामी पड़ोस की ही एक अन्य दुकान पर किसी काम से गया हुआ था। पीड़ित दुकानदार महताब पुत्र फजलूरहमान निवासी मोहल्ला मजहर हसन कस्बा चिलकाना की तहरीर पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज करके अज्ञात चोर की तलाश आरम्भ कर दी थी। आज शनिवार को थाना प्रभारी चन्द्रसैन सैनी की अगुवाई मे पुलिस टीम ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी चोर शाहनवाज पुत्र सलीम निवासी मौहल्ला ईदगाह कस्बा व थाना बेहट को ग्राम धौलाहेडी में पुल के निकट से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किये गए रुपयों में से 2200 रूपये नकद बरामद किये गए हैं। गिरफ्तारी टीम में एसआई श्याम सिंह, कांस्टेबल पुनित यादव व अनुज राणा शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर पीड़ित कादिर पुत्र जाबिर निवासी ग्राम पठेड के घर की अलमारी में रखे सोने चाँदी के आभूषण व 6500 रूपये चोरी कर ले जाने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस टीम ने शातिर आरोपी चोर अनुज पुत्र तेलूराम निवासी ग्राम पठेड को गांव से नथमलपुर जाने वाले रास्ते के निकट से गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 1500 रूपये नकद बरामद किये गए हैं। गिरफ्तारी में पठेड़ चौकी प्रभारी रिन्कू कुमार व हैड कांस्टेबल सहदेव शामिल रहे।

❒**तीतरों।** मीट से भरी गाड़ी की दुर्गंध घरों तक आने पर गांव रादौर निवासी योगेश कुमार ने समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि सुबह के समय मीट से भरी गाड़ी जलालाबाद की ओर से आती है। मीट से भरी गाड़ी जब गांव रादौर से होकर गुजरती है तो इससे तेज दुर्गंध आती है। जिसके कारण आसपास का वातावरण दूषित हो जाता है। सड़क के पास ही देवी मंदिर होने के कारण श्रद्धालुओं की भावना बदबू फैल जाने के कारण आहत होती है।

# दो मिनट का मौन रख दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** लायंस क्लब गंगोह सेंट्रल व जय हिंद समाजिक संस्था द्वारा शोक सभा आयोजित कर अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों के लिए दो मिनट का मौन रखकर मृत लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

शोक सभा में वक्ताओं ने कहा गया कि बहुत बड़ी संख्या में इस विमान दुर्घटना में अनेक परिवारों के लोग काल के गाल में समा गए हैं। परमपिता परमेश्वर सभी मृत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान करे। दो मिनट का मौन रखकर मृत लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान अतुल मित्तल, अरविंद टेबक, अरविंद सिंह कपूर, प्रदीप तायल, रोहित गोयल, वैभव गोयल, उमंग शर्मा, रजत, शुभम, दानिश, रूपाली अग्रवाल, अंजली गर्ग, निधि, कनिका आदि मौजूद रहे।

# मेयर व विधायक ने किया निर्माण का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ.अजय कुमार ने नगर विधायक राजीव गुंबर के साथ आज दो वार्डो में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का पूजा अर्चना के बीच सड़क पर गेंती चलाकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर महापौर डॉ अजय कुमार ने कहा कि यह बहुप्रतीक्षित विकास कार्य क्षेत्रवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में नगर निगम का एक महत्वपूर्ण कदम है। सड़क के निर्माण से जहां आमजन को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी, वहीं नाली निर्माण से जलभराव जैसी समस्याओं से स्थायी राहत मिलेगी। विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नगर का चहुमुखी विकास कराया जा रहा है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, पार्षद बरखा कल्याण, प्रतिनिधि राकेश कल्याण, पार्षद नीरज शर्मा, मंडल अध्यक्ष विजय वर्मा पार्षद प्रतिनिधि विनोद सैनी सहित बड़ी संख्या मे क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# 2027 में फिर लाएं भाजपा सरकार: अभय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर भादों के काम्बोज धर्मशाला में शनिवार को 'विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन किया गया। यह सभा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के उपलक्ष्य में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह राणा और जिला मंत्री सोहन मुखिया ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया।




सभा में अभय प्रताप सिंह राणा ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमूह से 2027 में भाजपा को फिर से विजयी बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों की चर्चा की।

जिला मंत्री सोहन मुखिया ने आतंकवाद के विरुद्ध सरकार की कठोर नीतियों की प्रशंसा करते हुए सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख किया। उन्होंने स्वदेशी रक्षा तकनीकों जैसे एस-400, ब्रह्मोस, तेजस और आईएनएस विक्रांत की भी जानकारी दी।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुंडीर, मंडल अध्यक्ष अमित सेन, नगर प्रभारी मंजू शर्मा, जिला पंचायत सदस्य दुबे सिंह काम्बोज और अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे। संचालन अंकुर सैनी व गौरव वर्मा ने किया। अंत में विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया।

सभा में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता, वरिष्ठ नागरिक, समाजस. ेवी व महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# भीषण गर्मी में घंटों बिजली गुल, तन्दूर बनने लगे घर

**रामपुर मनिहारान।** भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप और उस पर घन्टो बिजली गुल होने से लोगों का न केवल जीना मुहाल हो गया बल्कि घर तन्दूर बन गए। लोग घर छोड़कर सड़कों पर पर घूमते नजर आए।

शासन के आदेश कुछ भी हो लेकिन धरातल की सच्चाई कुछ ओर ही है। जिसके चलते कस्बे के मौहल्ला महल फीडर से जा रही बिजली केबल शुक्रवार की आधी रात को बर्स्ट हो गयी। थोड़ी ही देर बाद लोग बिलबिला उठे व घरों से निकलकर सड़कों पर आने लगे। लोगों ने बिजली घर सहित बिजली कर्मचारियों को फोन मिलाये। लेकिन आधी रात में कोई रिजल्ट नही निकला। जैसे तैसे सुबह हुई फिर लोगों ने जेई को भी फोन मिलाये व बिजली विभाग की लापरवाही का रोना रोया। यानी बिजली गुल होने के बारह घन्टे बाद दिन में करीब 12 बजे केबल को ठीक करने टीम पहुंची तब तक लोग न केवल परेशान हो चुके थे बल्कि महल फीडर से जुड़े कई सैंकड़ो घर तन्दूर की तरह तप चुके थे। वहीं पेय जल व्यवस्था भी बिगड़ चुकी थी।सवाल यह है कि अभी मात्र पन्द्रह दिन पहले ही एक कम्पनी द्वारा नए केबल डाले गए थे फिर इतनी जल्दी बर्स्ट कैसे हो गए। लोगों का कहना था कि केबल की क्वालिटी ही सही नही है। इस सम्बंध में जेई बिजली ने बताया कि बर्स्ट हुई केबल पुरानी है जो कई जगह से बर्स्ट हुई थी इसलिए ठीक करने में समय लगा वही नयी कम्पनी के द्वारा अति शीघ्र बदलवायी जाएगी।

# बंजर भूमि पर कब्जा करने का लगाया आरोप

**गंगोह।** बंजर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाते हुए ग्राम प्रधान ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

गांव लखनौती मे करोड़ों रुपये की बंजर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने का सामने आया है। ग्राम प्रधान अनीसा ने कुछ लोगों पर आरा. ेप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने गलत तरीके से बंजर भूमि को अपने नाम करा कर अवैध कब्जा किया जा रहा है। प्रधान का कहना है कि कुछ दिन पूर्व उपजिलाधिकारी नकुड़ को लिखित शिकायत की गई थी लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इतने बड़े मामले पर प्रशासन की चुप्पी से कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध मे एसडीएम से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नही हो सका।

# रक्तदान से बचाई जा सकती है जान: राकेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** धन्वन्तरि चिकित्सा केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

नगर के बाई पास स्तिथ धवन्तरि चिकित्सा केंद्र में रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राकेश आर्य ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर राकेश आर्य ने कहा कि रक्त दान महादान है। रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस दौरान आयोजक डा. संदीप सैनी ने रक्तदान करने आये लोगों का उत्साह वर्धन किया। श्री सैनी ने कहा कि रक्तदान पुण्य का कार्य है ।रक्तदान करने वाला व्यक्ति समाज के लिए एक प्रेरणा भी देता है जिससे अन्य रक्तदाताओं में भी उत्साह बढता है। उन्होंने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। शिविर में रक्त एकत्रित करने आई टीम ने यूनिट रक्त संचय किया। डा. सन्दीप ने बताया कि रक्तदान शिविर में करीब 50 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस मौके पर डा. सुप्रिया सैनी, सुबोध सैनी, सुनील सैनी, राजीव नामदेव, डा. प्रदीप धनगर, एडवोकेट जगमाल सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

# अम्बाला में युवक की मौत से परिजन बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर निवासी एक युवक की अंबाला शहर में डम्पर से बुरी तरह कुचले जाने पर दर्दनाक मौत हो गई, वहीं उसका दूसरा साथी भी गम्भीर रूप से घायल बताया जा रहा है। युवक की अचानक इस तरह से हुई मौत से परिजनों पर दु:ख का पहाड़ टूट पड़ा है।

मिली जानकारी के मुताबिक नगर के मोहल्ला जाकिर हुसैन निवासी युवक फिरोज पुत्र अनीस उर्फ निप्पा व जीशान उर्फ मुन्ना पुत्र इमरान उर्फ माना अपने मोटरसाइकिल रहड़े में प्लास्टिक का सामान रखकर अंबाला शहर के ग्रामीण क्षेत्र में घूम फिरकर बेंचने का कार्य करते आ रहे थे। इसी मेहनत मजदूरी से वह अपने परिवार का लालन पालन कर रहे थे।

शनिवार को दोपहर के समय जब वह अपना सामान बेचकर आ रहे थे तो थाना अंबाला शहर की चौकी के क्षेत्र में सड़क किनारे लगी छबील पर शर्बत बंटता देख वहीं रुककर शर्बत पीने लगे तभी अचानक तेज गति से आ रहे एक डम्पर ने उन्हें बुरी तरह कुचल दिया। हादसे में फिरोज ( 20 ) वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी जीशान गम्भीर रुप से घायल हो गया। मौके पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया है वहीं मृतक फिरोज के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।




नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते अभिभावक।

# ईरान में जनरल हातमी बने सेना के मुख्य कमांडर

## खामेनई ने सुरक्षा और इजरायल को जवाब देने के लिए अपने भरोसेमंद अफसरों के हाथ में सैन्य नेतृत्व सौंपा

**तेहरान।** इजरायली हमलों में अपने शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत के बाद ईरान ने नए अफसरों की तैनाती कर दी है। ईरान के कमांडर इन चीफ अयातुल्ला अली खामेनेई ने ईरान की सुरक्षा और इजरायल को जवाब देने के लिए अपने भरोसेमंद अफसरों के हाथ में सैन्य नेतृत्व सौंपा है।



**■ मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को सशस्त्र बलों का चीफ ऑफ स्टाफ बनाया**

**■ मेजर जनरल अमीर हातमी 2013 से 2021 तक ईरान के रक्षा मंत्री रह चुके हैं**

खामेनेई ने मेजर जनरल अमीर हातमी को ईरानी सेना का मुख्य कमांडर बनाया है। जबकि मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को सशस्त्र बलों का चीफ आफ स्टाफ बनाया है। मेजर जनरल अमीर हातमी 2013 से 2021 तक ईरान के रक्षा मंत्री रह चुके हैं। अपने आदेश में अयातुल्ला अली खामेनेई ने हातमी के समर्पण, क्षमता और अनुभव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में सेना में परिवर्तनकारी और क्रांतिकारी बदलाव आएंगे। इसके अलावा खामेनेई ने इजरायली हमले में पूर्व चीफ आफ स्टाफ आफ द आर्म्ड फोर्सेज (सीएसएएफ) जनरल मोहम्मद होसैन बाघेरी की मौत के बाद मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को चीफ आफ स्टाफ बनाया है। आदेश में खामेनेई ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद होसैन बाघेरी की मौत के बाद मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी की सराहनीय सेवा और अनुभव के मद्देनजर उनको सशस्त्र बलों के चीफ आफ स्टाफ के रूप में नियुक्त किया जाता है। इजरायली हमलों में लेफ्टिनेंट जनरल होसैन सलामी की मौत के बाद मेजर जनरल मोहम्मद पाकपुर को आईआरजीसी का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया। खामेनेई ने कहा कि मेजर जनरल मोहम्मद पाकपुर की सराहनीय सेवाओं और बहुमूल्य अनुभव को देखते हुए उन्हें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया जाता है। अयातुल्ला अली खामेनेई ने लेफ्टिनेंट जनरल घोलामाली रशीद की मौत के बाद मेजर जनरल अली शादमानी को खतम अल-अनबिया (पीबीयूएच) सेंट्रल मुख्यालय का कमांडर नियुक्त किया गया है। इजरायल के हमलों में ईरान के शीर्ष सैन्य अफसरों की मौत हुई है। इसमें आईआरजीसी के कमांडर मेजर जनरल होसैन सलामी, ईरान के सशस्त्र बलों के पूर्व चीफ आफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी शामिल थे। इसके अलावा आईआरजीसी की वायु सेना के प्रमुख आमिर अली हाजीजादेह की भी मौत हो गई। इजरायल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले किए।

# तेहरान ने दिया वॉशिंगटन को अल्टीमेटम

## इजरायल पर हमला जारी रहेंगे, पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाएगा ईरान

**तेहरान/संयुक्त राष्ट्र।** ईरान की सेना ने कहा है कि वह इजरायल पर हमला जारी रखेगी और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करने की भी योजना बना रही है। ईरानी सेना के अनुसार अमेरिका ईरानी ठिकानों पर इजरायल की ओर से किए गए मिसाइल हमलों का सक्रिय सहयोगी था। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'फ़ार्स न्यूज़' ने शनिवार को एक अज्ञातु ोत का हवाला देते हुए सरकार की योजनाओं का खुलासा किया।

सूत्र ने एजेंसी को बताया कि यह युद्ध इज़रायली शासन के आक्रमण द्वारा शुरू किया गया था। अब यह इजरायल द्वारा कब्जा किए गए सभी क्षेत्रों और उस क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों तक फैल जाएगा। हमलावरों को ईरान से निर्णायक और बड़े पैमाने पर जवाब मिलेगा। फ़ार्स न्यूज़ के अनुसार सेना के आत्मघाती अरेश ड्रोन कथित तौर पर 'कब्जे वाले क्षेत्रों' में इज़रायल में लक्षित लक्ष्यों पर सफलतापूर्वक हमला करने में सक्षम हैं। आईआरजीसी ने कहा कि प्रतिक्रिया (जिसका कोड नाम ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस आईआईआई था) में एयरोस्पेस डिवीजन ने सिलसिलेवाल मिसाइलें दागीं और रणनीतिक इज़राईली लक्ष्यों के खिलाफ सशस्त्र ड्रोन तैनात किए। बयान में कहा गया है कि ऑपरेशन में 'सटीक और स्मार्ट हथियार प्रणालियों के संयोजन' का इस्तेमाल किया गया, विशेष रूप से इज़राइली सैन्य केंद्रों और एयरबेसों को लक्षित किया गया, जहां से शासन ने अपने आपराधिक आक्रमण की शुरुआत की थी। एजेंसी ने कहा कि ईरान इज़रायल पर हमला करना जारी रखेगा और पहले उठाए गए कदमों तक खुद को सीमित नहीं रखेगा। वहीं ईरान ने इजरायल पर अपने क्षेत्र में हमला करने का आरोप लगाया है और कहा है कि इस समय उससे किसी भी तरह की बातचीत करना 'अर्थहीन' है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने 'तस्नीम समाचार' एजेंसी से बातचीत में अमेरिका पर इजरायल के हमले का समर्थन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह हमला अमेरिका की अनुमति के बिना नहीं हो सकता था।



**■ इजरायल से बातचीत करना अब अर्थहीन है, अमेरिका की अनुमति के बिना नहीं हो सकता था हमला**

**■ आईएईए के महानिदेशक ग्रॉसी ने ईरान पर इजरायली हमलों के बाद संयम बरतने का आह्वान किया**

बाकेई ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने के लिए हाल के महीनों में अमेरिका की ओर से की गई वार्ता के बारे में कहा कि दूसरे पक्ष ने इस तरह से काम किया है कि बातचीत निरर्थक हो गई है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजरायल को चेतावनी दी है कि उसके हमले में देश के सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल हमारे घातक हमले और 'कड़ी सज़ा' के लिए तैयार रहे। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि सैन्य अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक उसके क्षेत्र में हमले होते रहेंगे। इसी बीच अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने शुक्रवार को ईरान पर इजरायली हमलों के बाद अधिकतम संयम बरतने का आह्वान किया। ग्रॉसी ने सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक में कहा कि मैं दोहराता हूं कि परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा और संरक्षा को खतरे में डालने वाली कोई भी सैन्य कार्रवाई ईरान क्षेत्र और उससे परे के लोगों के लिए गंभीर परिणाम पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि लोगों और पर्यावरण दोनों को नुकसान से बचाने के लिए संदर्भ या परिस्थितियों की परवाह किए बिना परमाणु सुविधाओं पर कभी भी हमला नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे हमलों का परमाणु सुरक्षा, संरक्षा और सुरक्षा उपायों के साथ-साथ क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

### ईरान के अराश ड्रोन ने इजरायल के ठिकानों पर किया हमला

**तेहरान।** ईरान के अराश कामिकेज़ ड्रोन ने शनिवार सुबह सटीक निशाना साधते हुए इजरायल में ठिकानों पर हमला किया और उन्हें नष्ट कर दिया।

ईरान की अर्ध-सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम ने अपनी रिपोर्ट बताया है कि अराश एक मानव रहित हवाई वाहन या फिर ड्रोन है जिसकी परिचालन सीमा 2000 किलोमीटर से अधिक है। इसे ईरान के सैन्य विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स ने एक बयान में कहा कि उसने इज़रायल में सैन्य केंद्रों और हवाई ठिकानों सहित कई लक्ष्यों के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया है। ईरान ने इजरायल के हवाई हमलों के बदला लेने के लिए इसे शुरू किया है। गौरतलब है कि इजरायल की ओर से किए गए हमले में ईरान के कई शीर्ष रैंकिंग वाले सैन्य कमांडर, प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक और निर्दोष नागरिक मारे गए थे। ईरान की सेना ने कहा है कि कई अराश कामिकेज़ ड्रोन ने सफलतापूर्वक कब्जे वाले क्षेत्रों में प्रवेश किया और अपने लक्ष्यों को निशाना बनाया। ईरान ने कब्जे वाले फ़लस्तीन में इजरायल के कई ठिकानों पर कम से कम पांच बैलिस्टिक मिसाइल दागे हैं। इसके कारण देर रात से शनिवार तड़के तक इज़रायल में अलर्ट सायरन लगातार बजते रहे। ईरानी मीडिया में फुटेज में कब्जे वाले क्षेत्रों में व्यापक मलबे को दिखाया गया है। वहीं, इज़राइल की मीडिया ने इस तबाही को इतिहास में अभूतपूर्व बताया है।

# ईरान के न्यूक्लियर ठिकाने पर फैला रेडिएशन

**न्यूयार्क।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निद. ेशक राफेल ग्रोसी ने पुष्टि की है कि इजरायली हमले में ईरान के परमाणु ठिकाने पर रेडिएशन और केमिकल लीक हुआ है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को हालात की जानकारी देते हुए राफेल ग्रोसी ने यह जानकारी दी। ग्रोसी ने कहा कि इजरायली हमले में नतांज परमाणु ठिकाने के ऊपरी और जमीनी ढांचा तबाह हो गया है। हालांकि जमीन के भीतर मौजूद यूरेनियम संवर्धन केंद्र को नुकसान पहुंचने के कोई संकेत अभी नहीं मिले हैं।

हालांकि विद्युत आपूर्ति बाधित होने से सेंट्रीफ्यूज प्रभावित हुए होंगे। नतांज साइट पर रेडियोएक्टिव और केमिकल प्रदूषण हुआ है। ग्रोसी ने बताया कि साइट के बाहर मौजूद रेडिएशन सामान्य स्तर का है और उससे पर्यावरण और लोगों को कोई नुकसान नहीं होगा। ग्रोसी ने कहा कि परमाणु केंद्र के भीतर जो रेडिएशन मौजूद है, वह अल्फा पार्टिकल्स हैं, जिन्हें सुरक्षा प्रबंधों से मैनेज किया जा सकता है। एजेंसी ईरान के परमाणु रेगुलेटरी अथारिटी के लगातार संपर्क में है और नुकसान की समीक्षा कर सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। ग्रोसी के अनुसार, ईरान ने उनके परमाणु केंद्रों पर हुए हमलों


**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को हालात की जानकारी देते हुए अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा ऐजेंसी ने किया दावा**

की जानकारी दी, जिनमें फोर्डो फ्यूल एनरिचमेंट प्लांट और एसफहान काम्पलेक्स शामिल हैं। इन केंद्रों का इस्तेमाल यूरेनियम संवर्धन के लिए किया जा रहा है। एजेंसी के प्रमुख ने परमाणु केंद्रों पर हमले पर चिंता जाहिर की और कहा कि परमाणु केंद्रों पर कभी भी हमले नहीं होने चाहिए क्योंकि इससे लोगों के साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। इस तरह के हमले परमाणु सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। ईरान की राजधानी तेहरान से 241 किलोमीटर दूर स्थित नतांज परमाणु केंद्र ईरान का यूरेनियम संवर्धन के लिए सबसे अहम केंद्र है। ईरान फिलहाल 60 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन इसी केंद्र पर कर रहा है। आपरेशन राइज़िंग लायन के जरिए इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों के साथ ही 200 से ज्यादा जगहों को निशाना बनाया गया। इन हमलों में ईरान के परमाणु केंद्रों को तो नुकसान पहुंचा ही है, साथ ही ईरान की सेना के कई शीर्ष कमांडर और दो परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं।

# पिज्जा के बढ़े ऑर्डर से हुआ दिलचस्प खुलासा!

## पेंटागन से मिले कुछ खास संकेत

**वाशिंगटन।** इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष अब अपने चरम की तरफ पहुंचता दिख रहा है, जब इजरायल ने ईरान पर एयरस्ट्राइक की तब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि इजरायल ने अमेरिकी को जानकारी नहीं दी। हालांकि, कुछ घंटों बाद ही इजरायल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को ईरान पर इजरायल के हमले के बारे में 'सबकुछ' पता था।




अमेरिका को पहले से थी इजरायल के ईरान पर हमले की भनक

जब यह पूरा घटनाक्रम शुरू भी नहीं हुआ था तब अमेरिका के सैन्य कार्यालय-पेंटागन में कुछ ऐसा हो रहा था, जिससे दुनिया में कहीं न कहीं कुछ बड़ा होने के संकेत मिलने लगे थे। यह है अमेरिका के सैन्य मुख्यालय के आसपास बड़ी मात्रा में पिज्जा आर्डर्स होना। फिलहाल तो इसे थ्योरी ही माना जा रहा है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि पेंटागन में जब कभी ऐसा होता है तब वैश्विक संकट के पैदा होना लगभग तय होता है। इस खास घटनाक्रम को अमेरिका में 'पिज्जा इंडेक्स' का नाम तक दिया गया है। एक्स पर एक अकाउंट है। नाम है- पेंटागन पिज्जा रिपोर्ट। यह अकाउंट अमे. रिका के आर्लिंग्टन काउंटी में मौजूद पिज्जा डिलीवरी आउटलेट्स में पिज्जा के ऑर्डरों और डिलीवरी की निगरानी रखता है। आर्लिंग्टन काउंटी, वर्जीनिया राज्य में वही जगह है, जहां पेंटागन का दफ्तर है। पेंटागन पिज्जा रिपोर्ट नाम के अकाउंट का दावा है कि वह स्थानीय पिज्जा की दुकानों पर नजर रखता है और अगर गूगल मैप्स पर इन आउटलेट्स के बाहर जाम की स्थिति या सड़क के व्यस्त होने की स्थिति दिखती है, तो इसका मतलब है कि दुनिया में कहीं कुछ बड़ा होने वाला है।

# विलशायर संघीय भवन की सुरक्षा के लिए 200 मरीन तैनात

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सरकार ने आव्रजन नीति के खिलाफ बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद विलशायर फेडरल बिल्डिंग की सुरक्षा के लिए लॉस एंजिल्स में 200 से अधिक मरीन तैनात किए हैं।

'सीबीएस न्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेना के मेजर जनरल स्कॉट शेरमेन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मरीन को नागरिकों के उपद्रव को नियंत्रित करने का पूरा प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हें हालांकि संघीय इमारत की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है, इसलिए वे केवल उस बिंदु तक ही अशांति को नियंत्रित करेंगे। कानून प्रवर्तन गतिविधियों में भाग नहीं लेंगे। शेरमेन टास्क फोर्स 51 के कमांडर हैं, जिसमें कैलिफोर्निया आर्मी नेशनल गार्ड के 4,000 से अधिक सैनिक और करीब 700 मरीन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रविवार से तैनात किए गए नेशनल गार्ड सैनिकों ने भी कानून प्रवर्तन गतिविधियों में भाग नहीं लिया है। इनके यहां पहुंचने के बाद से कोई भी सैनिक घायल नहीं हुआ है। उन्होंने संघीय कानून प्रवर्तन कर्मियों ने प्रदर्शनकर्मियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य 500 तैनात मरीन को लॉस एंजिल्स में क्या कार्यभार सौंपा जाएगा। शेरमैन ने कहा कि वह भविष्य के अभियानों के बारे में अनुमान नहीं लगा सकते, लेकिन हालिया प्रशिक्षण संघीय संपत्ति की रक्षा पर केंद्रित रहा है।

**■ शेरमेन टास्क फोर्स 51 के कमांडर हैं**

# ईरान के पास बातचीत का दूसरा मौका, वरना कुछ नहीं बचेगा: ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली हमलों के बीच ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान जल्द से जल्द परमाणु समझौते पर सहमत हो जाए और अपने परमाणु कार्यक्रम को बंद कर दे। ट्रम्प ने कहा कि ईरान के पास यह दूसरा मौका है लड़ाई को और बढ़ने से रोकने का वरना कुछ नहीं बचेगा।

वहीं इजरायल ने ईरान पर हमले जारी रखने की बात कही है। ईरान और इजरायल के बीच जारी संघर्ष के बीच ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने कहा कि उनका ईरान पर हमले में कोई हाथ नहीं है, लेकिन ट्रम्प ने कहा कि इजरायल ने उनके हथियारों का इस्तेमाल करके ही ईरान के परमाणु केंद्रों और बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन केंद्रों पर हमला किया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अमेरिका दुनिया में सबसे खतरनाक हथियार बनाता है। इजरायल के पास ऐसे बहुत सारे हथियार हैं और उन्हें ये भी पता है कि इन हथियारों का कैसे इस्तेमाल करना है। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष छिड़ने के बाद अमेरिका ने अपने युद्धक जहाजों को पश्चिम एशिया में तैनात कर दिया है। ये बदलाव इजरायल की मदद के लिए किया गया है। अमेरिका का डेस्ट्रायर यूएसएस थामस हडनर भूमध्यसागर की तरफ रवाना हो गया है। एक और डेस्ट्रायर भी पूर्वी भूमध्य सागर की तरफ बढ़ रहा है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इजरायल के हमले के बाद अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर चर्चा करना अर्थहीन है।



# रूस सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक बना रहेगा: एफएओ

**मॉस्को।** संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के आंकड़ों के अनुसार रूस कम से कम दो साल तक सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक देश बना रहेगा।

रूस की संवाद समिति ने एफएओ के हवाले से कहा है कि चालू तथा अगले कृषि वर्ष के दौरान गेहूं के कुल वैश्विक निर्यात में रूस का योगदान 20 प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना है।

एफएओ की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि 2024-25 कृषि वर्ष में वैश्विक गेहूं निर्यात लगभग आठ प्रतिशत घटकर 19.33 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह चार साल के निर्यात का न्यूनतम स्तर होगा। संयुक्त राष्ट्र के इस संगठन के अनुसार अगले कृषि वर्ष में वैश्विक स्तर पर गेहूं का निर्यात में ज्यादा से ज्यादा 3.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20.06 करोड़ टन तक रहेगा।

रिपोर्ट में एफएओ के विश्लेषकों ने लिखा है 'रूस दुनिया के सबसे बड़े गेहूं निर्यातक की अपनी स्थिति को बनाये रख सकता है।' संगठन के पूर्वानुमानों के अनुसार, 2024-25 कृषि वर्ष में रूस से गेहूं का निर्यात 4.26 करोड़ टन होगा, जो पिछले तीन साल के उसके औसत वार्षिक निर्यात 4.20 करोड़ टन से थोड़ा अधिक है। अगले फसल वर्ष में यह बढ़कर 4.65 करोड़ टन तक पहुंच सकता है।

# चीन में चक्रवाती तूफान वुटिप के लिए येलो अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने शनिवार को शक्तिशाली उष्णकटिबंधीय चक्रवाती तूफान वुटिप के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और साल के इस पहले तूफान से देश के दक्षिणी हिस्सों में तेज हवाएं और भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार तूफान आज तड़के पांच बजे 19.8 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 108.8 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया। अभी तूफ़ान 20-25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा है और इसके दोपहर तक दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत के लेइझोउ से गुआंग्शी के बेइहाई तट तक पहुंचने के आसार हैं।

# विमान हादसे के बाद दुनियाभर में शोक जारी

## अलग-अलग देशों में प्रवासी भारतीय विमान हादसे में मरने वालों को दे रहे हैं श्रद्धांजलि

**वाशिंगटन/लंदन।** अहमदाबाद विमान हादसे के बाद दुनियाभर में शोक की लहर है। अलग-अलग देशों में प्रवासी भारतीय विमान हादसे में मरने वालों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। अमेरिका में भारतीय अमेरिकी समुदाय ने बड़ी संख्या में हुई मौतों पर दुख जताया है। भारतीय अमेरिकियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी है।

वहीं अमेरिका के मंदिरों और भारतीय-अमे. रिकी संघों में प्रार्थना सभाओं और शोक सभाओं की योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा यूके में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारतीय समुदाय ने मृतकों को नमन किया। गुजरात से आए भारतीय अमेरिकियों की बड़ी आबादी वाले ह्यूस्टन में इंडो-अमेरिकन चैंबर आफ कामर्स आफ ग्रेटर ह्यूस्टन के संस्थापक सचिव जगदीप अहलूवालिया ने कहा कि यह बहुत बड़ी त्रासदी है। मैंने पिछले साल ह्यूस्टन और गुजरात के बीच व्यापारिक संबंध बनाने में मदद करने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया था। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके परिवारों और सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। अहमदाबाद के मूल निवासी और ह्यूस्टन के चिकित्सक डा. पटेल ने कहा कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद दुर्घटना हुई। मैं वहां मेडिकल स्कूल गया था। कृपया मेरे साथ मिलकर प्रियजनों के प्रति संवेदना और शक्ति प्रकट करें। सभी 242 यात्रियों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। नासा की भूतपूर्व इंजीनियर और स्थानीय अधिवक्ता डा. वीना अंबरदार ने कहा कि समुदाय हिल गया है। हम सभी लोग इस दर्द को साझा करते हैं। हमारी संवेदनाएं हर शोक संतप्त परिवार और चौबीसों घंटे काम करने वाली बहादुर मेडिकल टीमों के साथ हैं। हृदय रोग विशेषज्ञ और ह्यूस्टन में लंबे समय से रह रहे डा. निक निकम ने कहा कि यह दिल दहला देने वाला है। ड्रीमलाइनर 787 ने लाखों मील सुरक्षित उड़ान भरी है। यह पहली घातक दुर्घटना है। मेडिकल छात्रों सहित कई युवा लोगों की जान चली गई। कई सवाल हैं, लेकिन कोई जवाब इस दुख को कम नहीं कर सकता। हमारी प्रार्थनाएं परिवारों और भारत के साथ हैं। ओम शांति। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक सुहाग शुक्ला ने कहा कि त्रासदी ने हमारे दिल को तोड़ दिया है। हमारी प्रार्थनाएं एअर इंडिया के यात्रियों के परिवारों, मेडिकल छात्रों, सिविल अस्पताल के निवासियों और कर्मचारियों तथा इसके अधीक्षक डा. राकेश जोशी के साथ हैं।

**■ इसके अलावा यूके में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारतीय समुदाय ने मृतकों को नमन किया**

# सिडनी में घर में आग लगने से एक महिला की मौत

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य के सिडनी में शुक्रवार रात एक घर में आग लगने से एक महिला की मौत हो गई और एक पुरुष को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सिडनी के इनर-वेस्ट में पीटरशैम में एक घर में शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 11:50 बजे लग लगी। पुलिस ने आस-पास के घरों को खाली कराया, जबकि अग्निशमन और बचाव दल ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया। घर के अंदर एक महिला (82) का शव मिला जबकि दूसरे 57 वर्षीय व्यक्ति का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया।



# महज 500 रुपये लेकर मुंबई जा पहुंची थी दिशा पाटनी

**वर्षों तक परेशान रहीं थी नेशनल क्रश कही जाने वाली दिशा**

**मुंबई।** दिशा पाटनी बॉलीवुड की सबसे फिट और ग्लैमरस एक्ट्रेस मानी जाती हैं। उनके बोल्ड अंदाज और स्टाइलिश लुक के लिए कई लोग उन्हें नेशनल क्रश भी कहते हैं। एमएस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी में प्रियंका झा के किरदार से दिशा ने सबका दिल जीता, वहीं मलंग, भारत और राधे जैसी फिल्मों से उन्होंने पापुलैरिटी हासिल की।

दिशा पाटनी का जन्म 13 जून 1992 को उत्तर प्रदेश के बरेली में हुआ। वो एक कुमाऊंनी राजपूत परिवार से हैं। उनके पिता जगदीश सिंह पाटनी यूपी पुलिस में DSP रह चुके हैं और मां स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी। उनकी बड़ी बहन खुशबू पाटनी भारतीय सेना की पूर्व मेजर हैं और एक छोटा भाई सूर्यांश भी है। दिशा पाटनी को लोग भले ही फैशन आइकान मानते हों, लेकिन खुद दिशा इस टैग को मानने से इनकार करती हैं। रेडिफ को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, मैं थोड़ी टाम बाय हूं। बचपन में मेरे बाल आर्मी कट हुआ करते थे और मैं लड़कों जैसी दिखती थी। उन्होंने बताया था कि उन्हें आरामदायक कपड़े पहनना पसंद हैं, जैसे बास्केटबाल शार्ट्स, लूज हूडी और टी-शर्ट। दिशा शुरू से पढ़ाई में तेज थीं। उन्होंने एमिटी यूनिवर्सिटी, लखनऊ से बायोटेक्नोलाजी में इंजीनियरिंग शुरू की थी, लेकिन दूसरे साल में ही ग्लैमर की दुनिया में किस्मत आजमाने के लिए पढ़ाई छोड़ दी। 2018 में एक इंटरव्यू में अपने शुरुआती संघर्षों को याद करते हुए दिशा पाटनी ने कहा था, मैं बहुत पॉजिटिव इंसान हूं।

शायद उस वक्त मैं तैयार नहीं थी। मैंने अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ दी थी और मुंबई आ गई थी। एक कॉलेज की लड़की के लिए एक नए शहर में आना, जहां कोई जान-पहचान न हो, आसान नहीं था। मैं अकेले रह रही थी, अपने पैसे खुद कमा रही थी और कभी भी अपने परिवार से पैसे नहीं मांगे। मैं सिर्फ रु. 500 लेकर मुंबई आई थी और कुछ समय बाद मेरे पास बिल्कुल भी पैसे नहीं बचे थे। दिशा पाटनी ने आगे कहा था, मैं बहुत सारे आडिशन देती थी, ज्यादातर टीवी विज्ञापनों के लिए। मेरे ऊपर लगातार यह प्रेशर होता था कि अगर इस महीने कोई काम नहीं मिला, तो किराया कैसे दूंगी। उस समय मुझे जो भी काम मिला, वो सिर्फ काम था, जब तक कि मुझे एक्टिंग से प्यार नहीं हो गया। दिशा पाटनी ने यह भी कहा था कि उन्हें करियर की शुरुआत में कई रिजेक्शन झेलने पड़े। उनकी पहली फिल्म से भी उन्हें हटा दिया गया था, लेकिन वह मानती हैं कि हर रिजेक्शन इंसान को मजबूत बनाता है।

# पांच साल बाद स्क्रीन पर होगी काजोल की वापसी



**मुंबई।** 27 जून को काजोल फिल्म मां के जरिए बड़े पर्दे पर अपना कमबैक कर रही हैं। वो पांच साल के गैप के बाद स्क्रीन पर दिखने वाली है। इस बीच में उन्होंने ओटीटी प्लेटफार्म पर अपना डेब्यू किया और कई अच्छे प्रोजेक्ट्स में नजर आईं। दैनिक भास्कर को दिए इंटरव्यू में काजोल ने अपने कमबैक, ओटीटी के बढ़ते प्रभाव और पति अजय के साथ काम करने को लेकर अपना एक्सपीरियंस शेयर किया है। शैतान में अजय ने जिम्मेदार पिता का रोल निभाया था। इसकी अगली कड़ी में मां के रूप में आप हैं। क्या इस ट्राइलाजी की अगली फिल्म में आप दोनों साथ दिखेंगे? वैसे तो पता नहीं लेकिन आपके मुंह में घी-शक्कर। हम जरूर आपकी विश पूरी करने की कोशिश करेंगे। अजय बहुत अच्छे और जिम्मेदार प्रोड्यूसर हैं। वो बहुत ज्यादा इंवाल्वड रहें। वो उन प्रोड्यूसर में से नहीं हैं कि चलो बस पेपर साइन कर दिया। स्क्रिप्ट, फिल्म का क्लाईमैक्स, वीएफएक्स इन सबमें अजय बहुत ज्यादा शामिल थे। वीएफएक्स तो एक अलग ही फिल्म है, जिसमें आपको सब कुछ इमेजिन करना पड़ता है। अजय ने सब कुछ अच्छे से किया। मैं बहुत ज्यादा डरती हूं इसलिए मैं हारर फिल्में देखती नहीं हूं। हारर फिल्म में काम कर लिया है।

# वायरल हो गया सिद्धांत और चै-सू बिन का रोमांटिक वीडियो



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी और साउथ कोरिया की मशहूर अभिनेत्री चै सू-बिन इंटरनेशनल ब्रांड के लिए शूट किए गए विज्ञापन में साथ नजर आए।

सिद्धांत चतुर्वेदी और चै सू-बिन हाल ही में एक इंटरनेशनल ब्रांड के लिए शूट किए गए विज्ञापन में साथ नजर आए। यह विज्ञापन फिल्मी अंदाज में शूट किया गया है, जिसमें बारिश में उनकी मुलाक.ात किसी रोमांटिक के-ड्रामा जैसी लग रही है। जैसे ही यह विज्ञापन सामने आया, सोशल मीडिया पर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस विज्ञापन को सबसे पहले एक जापानी अकाउंट से शेयर किया गया था और बैकग्राउंड में इंग्लिश इंडी-पॉप गाना बज रहा था। यह कॉम्बिनेशन पूरी दुनिया में छा गया।

# कैंसर सर्जरी के बाद घर लौटीं दीपिका कक्कड़

**मुंबई।** हाल ही में दीपिका कक्कड़ का सेकेंड स्टेज लिवर कैंसर की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के 11 दिन बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज मिल गया है। घर आकर बेटे रूहान से मिलकर वो काफी खुश नजर आ रही हैं। उन्होंने सर्जरी के बाद इंस्टाग्राम पर पहला पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वो फैंस को हेल्थ अपडेट दे रही हैं। साथ ही उन्होंने ट्रीटमेंट में जुड़े सभी डाक्टर्स और फैंस को उनके प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया कहा है। दीपिका अपने इंस्टाग्राम पर लिखती हैं- 11 दिन हो गए हैं और अब मैं घर पर हूं। ट्यूमर से फ्री, लेकिन अभी यह ट्रीटमेंट का बस एक हिस्सा था। बाकी का इलाज आने वाले टाइम में होगा। मुझे भरोसा है कि मैं इससे निकल जाऊंगी। जैसा कि मैंने पहले भी कहा था। वो आगे लिखती हैं-11 दिन मुश्किल थे लेकिन हमारे आसपास शानदार लोग थे, जिनकी वजह से चीजें आसानी से हो गईं। तकलीफ तो हुई लेकिन कोकिलाबेन अस्पताल में सबने बड़े प्यार और गर्मजोशी से इसे हैंडल किया।

# बिपाशा ने बॉडी रिमार्क करने वालों को दिया करारा जवाब

**मुंबई।** बिपाशा बसु को उनके बढ़ते वजन के कारण सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया। अब एक्ट्रेस ने बाडी-शेमिंग को लेकर लगातार हो रही ट्रोलिंग पर रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे बुरे और दिल दुखाने वाले कमेंट्स से उनकी पहचान या उनकी खुद की अहमियत तय नहीं होती। दरअसल, बिपाशा बसु ने साल 2022 में बेटी देवी को जन्म दिया था।

मां बनने के बाद से ही एक्ट्रेस के बढ़ते वजन के कारण उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच पूर्व मिस इंडिया श्वेता विजय नायर ने बिपाशा को सपोर्ट किया और कहा कि कैसे एक मां को फिजिकली और इमोशनली चीजों को हैंडल करना पड़ता है। इस पोस्ट पर बिपाशा ने भी रिएक्ट किया। उन्होंने कहा, थैंक्यू आपके शब्दों के लिए। मैं उम्मीद करती हूं कि लोग हमेशा इतने छोटे और नीचे सोच वाले न रहें। वो समझें और मानें कि महिलाएं हर दिन बहुत सी जिम्मेदारियां निभाती हैं, इसलिए उन्हें तारीफ और सम्मान मिलना चाहिए। मैं एक बेहद आत्मविश्वासी महिला हूं, जिसे एक समझदार और प्यार करने वाला साथी और परिवार मिला है। मीम्स और ट्रोल्स न तो मेरी पहचान बनाते हैं और न ही उन्होंने मुझे वो बनाया जो मैं हूं। लेकिन ए सब समाज की महिलाओं के प्रति सोच का एक बहुत ही चिंताजनक रूप दिखाते हैं। मेरी जगह अगर कोई और महिला होती, तो इतनी नफरत और कटाक्ष से गहरे जख्म खा सकती थी और मानसिक रूप से टूट सकती थी।

अगर हमारी आवाज और मजबूत हो जाए और कम से कम महिलाएं ही एक-दूसरे को समझें और जैसा वे हैं, उसके लिए तारीफ करें तो महिलाएं आगे बढ़ती जाएंगी। हम महिलाएं कोई नहीं रोक सकता। बिपाशा और करण सिंह ग्रोवर ने 30 अप्रैल 2016 को शादी की थी। दोनों की मुलाकात फिल्म अलोन के सेट पर हुई थी। कुछ समय तक एक दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने शादी की थी। शादी के 6 साल बाद बिपाशा ने बेटी देवी को जन्म दिया था।




देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एकजाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

# कई फिल्मों से धमाल मचाने वाले हैं पुलकित

**मुंबई।** पुलकित सम्राट ने अपनी फिल्म फुकरे के प्रदर्शन के 12 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर की है। वर्ष 2013 में रिलीज हुई फिल्म फुकरे के प्रदर्शन के 12 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर पुलकित ने इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट शेयर की और अपने इस आइकॉनिक किरदार को याद किया। उन्होंने लिखा, सावधानः यह हनी 12 साल की मीठी यादों के साथ आता है। फुकरापंती जारी रहे। अपने फुकरे परिवार, पूरी कास्ट, क्रू और उन सब जुगाड़ू दिमागों को ढेर सारा प्यार और सबसे बड़ा धन्यवाद हमारे दर्शकों को, जिन्होंने हमारी इस पागलपंती को इतना यादगार बना दिया। ढेर सारा प्यार और शुक्रिया। 12 इयर्स ऑफ फुकरे। फिल्म में पुलकित का किरदार हनी, जो स्मार्ट भी है, जुगाड़ू भी और दिल का अच्छा भी, लोगों के दिलों में बस गया। उसकी दोस्ती, मस्ती और दिल से की गई जुगाड़बाजी ने पूरे एक जनरेशन को हंसी-खुशी से जोड़ दिया। फिल्म में हनी की जोड़ी चुचा, जफर, लाली और भोली पंजाबन के साथ मिलकर कहानी की जान बन गई और हिंदी फिल्मों में दोस्ती की कहानियों को नए सिरे से पेश किया। एक छोटी-सी मजेदार फिल्म से शुरू हुआ यह सफर अब एक पॉप-कल्चर बन चुका है। पुलकित अपने नए प्रोजेक्ट्स के साथ तैयार हैं। ग्लोरी, जो एक बॉक्सिंग ड्रामा है, सुस्वागतम खुशामदीद, एक क्रॉस- कल्चर रोमांस और राहु केतु, जिसकी शूटिंग वह इस वक्त कसोल में कर रहे हैं।

